@Qpatrika @qaumipatrika hindi instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
शनिवार, 6 दिसम्बर 2025

VISIT: www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 19 अंक 32 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

### राष्ट्रपति पुतिन ने रूसी तेल खरीदने को लेकर दिया बड़ा ऑफर, बोले-

# ‘भारत के लिए बिना रुकावट जारी रहेगा शिपमेंट’

एजेंसी
नई दिल्ली। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रूसी तेल खरीदने को लेकर भारत के लिए बड़ा ऐलान किया है। पुतिन ने कहा कि भारत के लिए बिना रुकावट तेल का शिपमेंट जारी रहेगा। राष्ट्रपति पुतिन ने कहा, ‘हम बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए ईंधन की बिना रुकावट शिपमेंट जारी रखने के लिए तैयार हैं।’ यह घोषणा तब हुई जब दोनों देशों ने फर्टिलाइजर और फूड सेफ्टी से लेकर शिपिंग और मैरीटाइम लॉजिस्टिक्स तक अलग-अलग क्षेत्रों में समझौते किए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग पर जोर देते हुए कहा, ‘भारत और रूस 2030 तक व्यापार बढ़ाने के लिए एक आर्थिक सहयोग कार्यक्रम पर सहमत हुए हैं। ’ इससे पहले क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने इस हफ्ते की शुरुआत में कहा कि रूस को उम्मीद है कि वह भारत को अपना तेल निर्यात फिर से



बढ़ाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों के कारण आई मौजूदा गिरावट को वह अस्थायी मानते हैं। यूक्रेन युद्ध के बाद भारत रूस के समुद्री तेल का सबसे बड़ा खरीदार बन गया था। हालांकि, हाल ही में अमेरिका ने रूस के बड़े तेल प्रोड्यूसर रोसनेफ्ट और लुकोइल पर बैन लगा दिया। इसकी वजह से भारत ने कच्चे तेल के आयात में कटौती की है। इसके बाद, यूरोप ने भी रूसी क्रूड ऑयल से बने पेट्रोलियम प्रोडक्ट की खरीद पर बैन लगाने का ऐलान किया है। भारत-रूस के बीच 2023-24 में द्विपक्षीय व्यापार 65.70 बिलियन डॉलर था, जिसमें 4.26 बिलियन डॉलर का भारतीय निर्यात और 61.44 बिलियन डॉलर का आयात शामिल था। दोनों देशों का मकसद 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 100 बिलियन डॉलर तक ले जाना है। रूसी राष्ट्रपति ने कहा, ‘हम एक-दूसरे के देशों में फिल्म फेस्टिवल का आयोजन कर रहे हैं।

आज, एक रूसी टीवी चैनल भारत में ब्रॉडकास्ट करना शुरू करेगा। इससे भारत को रूस के बारे में और जानने में मदद मिलेगी। हमने कुछ ग्लोबल मुद्दों पर भी बात की है। हम बहुध्रुवीय वर्ल्ड ऑर्डर पर जोर दे रहे हैं। ’ उन्होंने यह भी कहा कि ब्रिक्स के फाउंडिंग मेंबर के तौर पर, भारत और रूस ने बहुत काम किया है। अगले साल, भारत ब्रिक्स की अध्यक्षता करेगा। हम भारत को हर तरह से सपोर्ट करने के लिए तैयार हैं। ‘

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रूस को खास तोहफा, 30 दिनों के लिए मिलेगा भारत का फ्री ई-टूरिस्ट वीजा

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भारत-रूस के बीच सांस्कृतिक संबंधों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि लोगों के बीच संबंधों ने हमेशा द्विपक्षीय संबंधों में एक खास जगह रखी है और नई दिल्ली जल्द ही रूसी नागरिकों के लिए 30 दिन का मुफ्त ई-टूरिस्ट वीजा और 30 दिन का ग्रुप टूरिस्ट वीजा शुरू करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, ‘भारत-रूस के संबंधों में हमारे सांस्कृतिक सहयोग और लोगों के संबंधों का विशेष महत्व रहा है। दशकों से दोनों देशों के लोगों में एक-दूसरे के प्रति स्नेह, सम्मान, और आत्मीयता का भाव रहा है। इन संबंधों को और मजबूत करने के लिए हमने कई नए कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में रूस में भारत के दो नए वाणिज्य दूतावास खोले गए हैं। इससे दोनों देशों के नागरिकों के बीच संपर्क और सुगम होगा, और आपसी नजदीकियां बढ़ेंगी। इस साल अक्टूबर में लाखों श्रद्धालुओं को काल्मिकिया स्थित अंतरराष्ट्रीय बुद्धिस्ट फोरम में भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों का आशीर्वाद मिला। ‘ उन्होंने आगे कहा, ‘मुझे खुशी है कि शीघ्र ही हम रूसी नागरिकों के लिए निःशुल्क 30 दिनों का ई-टूरिस्ट वीजा और 30 दिनों का ग्रुप टूरिस्ट वीजा की शुरुआत करने जा रहे हैं।

## रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म पर काम जारी,’ भारत-रूस बिजनेस फोरम में बोले प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को भारत-रूस बिजनेस फोरम में हिस्सा लिया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत-रूस के बीच फ्री ट्रेड पर बातचीत हुई है। साथ ही, राष्ट्रपति पुतिन और मैंने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 100 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन का इतने बड़े प्रतिनिधिमंडल के साथ इस कार्यक्रम का हिस्सा बनना बहुत महत्वपूर्ण है। मैं आप सभी का हृदय से स्वागत करता हूं। आप सभी के बीच आकर, इस फोरम में शामिल होकर अपने विचार शेयर करके मुझे बहुत खुशी हो रही है। मैं अपने दोस्त राष्ट्रपति पुतिन का दिल से आभार व्यक्त करता हूं। भारत और यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) पर चर्चा शुरू हो गई है। चाहे बिजनेस हो या डिप्लोमेसी, किसी भी साझेदारी की नींव आपसी विश्वास है। यही विश्वास भारत-रूस संबंधों की सबसे बड़ी ताकत है। पीएम मोदी ने कहा, ‘राष्ट्रपति पुतिन और मैंने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 100 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा है, लेकिन कल से राष्ट्रपति पुतिन के साथ मेरी बातचीत और जो संभावना हम देख रहे हैं, मुझे नहीं लगता कि हमें 2030 तक इंतजार करना पड़ेगा। हम उस लक्ष्य को तय समय से पहले पूरा करने के इरादे के साथ आगे बढ़ रहे हैं और यह मेरा आत्मविश्वास बढ़ रहा है।

# 4 दिन में 1700+ फ्लाइट रद्द, सरकार बैकफुट पर

**• वीकली रेस्ट नियम वापस; एयरपोर्ट्स पर मारपीट के हालात; दूसरी लाइट्स का किराया 10 गुना बढ़ा**

एजेंसी
नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो की पिछले 4 दिनों में 1700 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल होने के बाद केंद्र सरकार शुक्रवार को बैकफुट पर आ गई है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA) ने एयलाइंस, खासकर इंडिगो को 10 फरवरी 2026 तक अस्थायी राहत दी है। वीकली रेस्ट के बदले कोई भी छुट्टी नहीं देने के फैसले को वापस ले लिया। इंडिगो का कहना है कि फ्लाइट ऑपरेशन नॉर्मल होने में 15 दिसंबर तक का समय लगेगा। इधर दूसरी एयरलाइन के किराए में उछाल देखने को मिला है। यात्रियों को ऑप्शनल फ्लाइट्स की तलाश में सामान्य से 10 गुना कीमत तक पर टिकट खरीदने पड़ रहे हैं। बुकिंग साइट MakeMyTrip के अनुसार, 6 दिसंबर को दिल्ली से बेंगलुरु की सबसे सस्ती फ्लाइट का किराया 40,000 रुपए से ज्यादा है, जबकि कुछ फ्लाइट्स का किराया 80,000 रुपए तक हैं। दरअसल इंडिगो शुक्रवार को लगातार चौथे दिन क्रू मेंबर्स की कमी से जूझ रही है। इसके कारण दिल्ली, बेंगलुरु, पुणे, हैदराबाद सहित कई एयरपोर्ट पर 1000 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हो गईं। यात्री 24-24 घंटे से फ्लाइट का इंतजार कर रहे हैं। दिल्ली एयरपोर्ट पर यात्री पानी, खाना और जरूरी सामानों के लिए स्टाफ और सुरक्षाकर्मियों से बहस करते और झगड़ा करते देखे गए।



## पैसेंजर्स की सुरक्षा की कीमत पर इंडिगो को राहत:सरकार ने वीकली रेस्ट नियम वापस लिया; अब फ्लाइट क्रू को 48 नहीं, 36 घंटे ही रेस्ट मिलेगा

नई दिल्ली । देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो की पिछले 4 दिनों में 1200 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल होने के बाद केंद्र सरकार शुक्रवार को बैकफुट पर आ गई है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA) ने एयलाइंस, खासकर इंडिगो को 10 फरवरी 2026 तक अस्थायी राहत दी है। वीकली रेस्ट के बदले कोई भी छुट्टी नहीं देने के फैसले को वापस ले लिया। इंडिगो का दावा है कि इस नियम की वजह से पायलटों और अन्य स्टाफ की कमी हुई थी और पूरा ऑपरेशन प्रभावित हुआ। इसे दुरुस्त करने समय लगेगा। ष्ठत्ब्ष्ट ने 1 नवंबर से पायलटों और अन्य क्रू मेंबर्स के काम से जुड़े नियम, फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन (FDTL) का दूसरा फेज लागू किया था। पहला चरण 1 जुलाई को लागू हुआ था। FDTL के दूसरे फेज के नियमों में, एयरलाइन कंपनियों के लिए पायलटों को हफ्ते में 48 घंटे आराम, यानी दो दिनों का वीकली रेस्ट देना अनिवार्य कर दिया था। इस दौरान किसी छुट्टी को वीकली रेस्ट गिनने पर रोक लगा दी थी। ष्ठत्ब्ष्ट ने पायलटों और अन्य क्रू मेंबर्स के लगातार नाइट शिफ्ट पर भी पाबंदी लगाई थी। नए नियमों में वीकली रेस्ट और छुट्टियों को अलग-अलग मानने का प्रावधान था। यह नियम पायलटों और अन्य क्रू के थकान को कम करने के लिए बनाया गया था।

## इंडिगो सेवा बाधित मामले में उच्चस्तरीय जांच के आदेश

एजेंसी
नई दिल्ली । इंडिगो सेवा बाधित होने पर नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने उड़ानों, खासकर इंडिगो एयरलाइंस की उड़ानों में जारी व्यवधान को दूर करने के लिए तत्काल और सक्रिय कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि डीजीसीए के उड़ान ड्यूटी समय सीमा (एफडीटीएल) आदेशों को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है। हवाई सुरक्षा से समझौता किए बिना यह निर्णय पूरी तरह से यात्रियों, खासकर वरिष्ठ नागरिकों, छात्रों, मरीजों और अन्य लोगों के हित में लिया गया है, जो आवश्यक समय पर हवाई यात्रा पर निर्भर हैं। नागरिक उड्डयन मंत्री ने कहा कि इसके अलावा सामान्य विमान सेवाओं को जल्द से जल्द बहाल करने और यात्रियों को होने वाली असुविधा को कम करने के लिए उपाय करने के निर्देश दिए गए हैं। इन निर्देशों के तत्काल कार्यान्वयन के आधार पर, हमें उम्मीद है कि कल तक उड़ान कार्यक्रम स्थिर होने लगेंगे और सामान्य हो जाएंगे। हमारा अनुमान है कि अगले तीन दिनों में सेवाओं की पूर्ण बहाली हो जाएगी। उन्होंने कहा कि इस अवधि के दौरान यात्रियों की सहायता के लिए एयरलाइनों को उन्नत ऑनलाइन सूचना प्रणालियों के माध्यम से नियमित और सटीक अपडेट प्रदान करने का निर्देश दिया गया है, जिससे यात्री अपने घर बैठे ही उड़ान की वास्तविक स्थिति पर नजर रख सकें। उन्होंने कहा कि किसी भी उड़ान के रद्द होने की स्थिति में, एयरलाइनें यात्रियों को बिना किसी अनुरोध के, स्वचालित रूप से पूरा रिफंड जारी कर देंगी। लंबी देरी के कारण फंसे यात्रियों को एयरलाइनों द्वारा सीधे होटल में ठहरने की व्यवस्था की जाएगी। मंत्री ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। उन्हें लाउंज की सुविधा और हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी ताकि उनकी यात्रा आरामदायक रहे। इसके अलावा, विलंबित उड़ानों से प्रभावित सभी यात्रियों को जलपान और आवश्यक सेवाएं प्रदान की जाएंगी। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है, जो त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई, प्रभावी समन्वय और उत्पन्न होने वाली समस्याओं के तत्काल समाधान को सुनिश्चित करने के लिए वास्तविक समय के आधार पर स्थिति की निगरानी कर रहा है।

# लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल की कस्टडी बढ़ाई गई

**• एनआईए मुयालय में हुई सुनवाई**

एजेंसी
नई दिल्ली। पटियाला हाउस कोर्ट की विशेष एनआईए कोर्ट ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई की कस्टडी बढ़ा ही है। अनमोल बिश्नोई की एनआईए कस्टडी को 7 दिन के लिए बढ़ा दी गई है। हाई-प्रोफाइल और सुरक्षा के लिहाज से अत्यंत संवेदनशील मामला होने के कारण एनआईए जज खुद एनआईए मुख्यालय पहुंचे और वहीं पर बंद कमरे में सुनवाई की। अनमोल बिश्नोई को अमेरिका से अवैध तरीके से रहने के आरोप में हाल ही में डिपोर्ट किया गया था। भारत आने के बाद एनआईए ने उसे कड़ी सुरक्षा में हिरासत में लिया है और उससे कई गंभीर मामलों में पूछताछ जारी है।



## वोटर लिस्ट में नाम दर्ज कराने के मामले में सोनिया गांधी के खिलाफ रिवीजन पिटीशन

**• 9 दिसंबर को सुनवाई**

एजेंसी
नई दिल्ली । कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के खिलाफ मतदाता सूची में कथित रूप से बिना नागरिकता हासिल किए नाम शामिल कराए जाने के मामले में शुक्रवार को रिवीजन पिटीशन दाखिल की गई है। इस प्रकरण में राऊज एवेन्यू कोर्ट में रिवीजन पिटीशन दाखिल की गई है। अधिवक्ता विकास त्रिपाठी की ओर से यह पिटीशन दायर की गई है, जिस पर कोर्ट 9 दिसंबर को सुनवाई करेगा। इससे पहले, मजिस्ट्रेट कोर्ट ने सितंबर 2025 में दायर उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें सोनिया गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच कराने की मांग की गई थी। अब इस आदेश को चुनौती देते हुए रिवीजन पिटीशन दाखिल की गई है। याचिका में दावा किया गया था कि सोनिया गांधी ने 30 अप्रैल 1983 को भारतीय नागरिकता प्राप्त की थी, जबकि उनका नाम 1980 की नई दिल्ली लोकसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में शामिल था। याचिका में यह सवाल उठाया गया था कि 1980 की वोटर लिस्ट में उनका नाम कैसे शामिल हुआ। याचिका में यह भी पूछा गया कि जब नागरिकता 1983 में प्राप्त की गई, तो 1980 में वोटर लिस्ट में नाम शामिल कराने के लिए कौन से दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया।

## उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन शनिवार को गुजरात के दौरे पर जाएंगे

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन 6 दिसंबर को गुजरात के दौरे पर जाएंगे। उपराष्ट्रपति का यह दौरा पदभार ग्रहण करने के बाद राज्य का पहला आधिकारिक दौरा होगा। यह जानकारी शुक्रवार को जारी एक सरकारी विज्ञप्ति में दी गई। विज्ञप्ति के अनुसार, उपराष्ट्रपति एकता नगर स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती समारोह के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस अवसर पर देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रनिर्माण में सरदार पटेल के योगदान को विशेष रूप से याद किया जाएगा।

# अमित शाह ने अहमदाबाद में ‘स्वदेशोत्सव 2025’ का किया भव्य उद्घाटन

**• इस महोत्सव का मुय उद्देश्य ज्ञान, जागरूकता और स्वदेशी विचारधारा का प्रसार करना है।**

एजेंसी
अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ‘आत्मनिर्भर भारत’ के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए स्वर्णिम जागरण मंच और स्वर्णिम भारत वर्ष फाउंडेशन द्वारा आयोजित ‘स्वदेशोत्सव 2025’ का आज शुक्रवार को अहमदाबाद में भव्य शुभारंभ किया गया।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुजरात यूनिवर्सिटी मैदान में आयोजित इस राष्ट्रव्यापी एक्स्पो का उद्घाटन किया। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। यह महोत्सव 5 दिसंबर से 9 दिसंबर 2025 तक पाँच दिनों तक आयोजित रहेगा। उद्घाटन के पश्चात केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्वदेशी सामर्थ्य के प्रतीक रूप में तैयार की गई ‘सवानुभूति प्रदर्शनी’ का भी शुभारंभ किया। इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य ज्ञान, जागरूकता और स्वदेशी विचारधारा का प्रसार करना है। इसी उद्देश्य से विविध महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष संगोष्ठियों और सेमिनारों का आयोजन किया गया है। महोत्सव के दौरान प्रतिदिन शाम 7:00 से 10:00 बजे तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जो भारतीय कला और संस्कृति को प्रोत्साहित करेंगे। गुजरात यूनिवर्सिटी मैदान में आयोजित यह आयोजन ज्ञान, कला और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेगा और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को और मजबूत बनाएगा।



## योगी सरकार का अवैध नशे पर बड़ा प्रहार, कोडीन के दुरुपयोग पर 128 फर्मों पर एफआईआर

एजेंसी
लखनऊ। योगी सरकार प्रदेश के युवाओं को नशे की आगोश में धकेलने वाले अवैध नशे के सौदागरों के खिलाफ लगातार कड़ी कार्रवाई कर रही है। सीएम योगी के निर्देश पर पूरे प्रदेश में एएनटीएफ (एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स) और खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा बड़ा एक्शन लिया गया है। इसी क्रम में एफएसडीए द्वारा प्रदेश भर में कोडीनयुक्त कफ सिरप और नॉरकोटिक्स श्रेणी की औषधियों के अवैध भंडारण, क्रय-विक्रय और वितरण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। इस विशेष अभियान में अब तक प्रदेशभर में लाखों की अवैध नारकोटिक और कोडीनयुक्त औषधियां जब्त की गई हैं, जबकि अब तक 128 एफआईआर दर्ज की गई हैं। वहीं आधा दर्जन से अधिक अवैध नशे के सौदागरों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे धकेला गया है। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, डॉ. रोशन जैकब ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में अब तक प्रतिष्ठानों पर निरीक्षण/छापेमारी की गई, लाखों की औषधियां सीज की गईं। जांच में संदिग्ध पाए गए अभिलेखों की अग्रिम विवेचना तक दो दर्जन से अधिक मेडिकल स्टोर्स पर कोडीनयुक्त सिरप एवं नॉरकोटिक औषधियों की बिक्री पर रोक लगाई गई है।




## छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद अंतिम सांसें गिन रहा, राज्य के विकास में आई है तेजी : विष्णुदेव साय

एजेंसी
ग्वालियर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शुक्रवार को मध्य प्रदेश के ग्वालियर पहुंचे, जहाँ वे एक निजी कार्यक्रम में शामिल हुए। ग्वालियर एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में उन्होंने अपनी सरकार के दो वर्ष पूरे होने पर कई महत्वपूर्ण बातें कहीं। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि छत्तीसगढ़ में लंबे समय से विकास की राह में बाधा बने नक्सलवाद का लगभग खात्मा हो चुका है और यह अब अपने अंतिम चरण में है। मुख्यमंत्री साय ने कहा, ‘हमारे दो साल का कार्यकाल ऐतिहासिक रहा है। छत्तीसगढ़ के विकास में जो सबसे बड़ी बाधा वर्षों से थी, वह थी नक्सलवाद। हमारे वीर जवानों के अदम्य साहस, लगातार चल रही सुरक्षा रणनीतियों और सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण नक्सलवाद अब अंतिम सांसें ले रहा है। प्रदेश में लोगों के बीच सुरक्षा और विश्वास का माहौल बना है, जिससे विकास कार्यों को गति मिली है। ‘ साय ने छत्तीसगढ़ के विकास के भविष्य को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार भी इस दिशा में अत्यंत संकल्पित है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान का उल्लेख ,किया जिसमें मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद पूरी तरह समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा, ‘जो संकल्प मोदी जी और अमित शाह जी ने लिया है, वह पूरा होते साफ दिखाई दे रहा है। खासकर बस्तर जैसे क्षेत्र में, जहाँ कई दशकों से नक्सलियों का दबदबा था और जो विकास की मुख्यधारा से काफी दूर था, अब वहाँ विकास की गंगा बहने वाली है। सड़कें, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएँ तेज़ी से लोगों तक पहुँच रही हैं। ‘

## सिर्फ एक महीने में 45,911 सौर पंप लगाकर महाराष्ट्र ने बनाया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड :सीएम देवेंद्र फडणवीस

**• मराठवाड़ा में किसानों की समस्याओं को देखते हुए 1 लाख सोलर पंप योजना शुरू की गई थी।**

एजेंसी
मुंबई । महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस की महायुति सरकार का एक साल पूरा हो गया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने छत्रपती संभाजीनगर में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जनता के विश्वास के साथ महाराष्ट्र तेजी से आगे बढ़ रहा है। सिर्फ 1 महीने में 45,911 सौर पंप लगाकर महाराष्ट्र ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। फडणवीस ने बताया कि 2014 में जब वे पहली बार मुख्यमंत्री बने थे, तब किसानों की सबसे बड़ी मांग पानी और बीज की उपलब्धता थी। मराठवाड़ा में किसानों की समस्याओं को देखते हुए 1 लाख सोलर पंप योजना शुरू की गई थी। बीच में योजना रुकी, लेकिन 2022 में सरकार आने के बाद केंद्र सरकार के सहयोग से कुसुम योजना के अंतर्गत इसे फिर से गति दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि महावितरण के कार्यों के कारण आज पूरे देश में जितने सौर पंप लगाए गए, उनमें से 65 प्रतिशत महाराष्ट्र में लगाए गए है। इसी के चलते महाराष्ट्र देश में नंबर 1 स्थान पर पहुंचा है। उन्होंने आगे बताया कि सिर्फ 1 महीने में 45,911 सौर पंप लगाकर महाराष्ट्र ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। विपक्ष की आलोचनाओं के बावजूद यह उपलब्धि हासिल हुई। फडणवीस ने कार्यक्रम में मौजूद गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड अधिकारी का आभार व्यक्त किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले साल 10 लाख सौर पंप लगाने का लक्ष्य है, जिसके बाद राज्य को 10 करोड़ रुपए मिलेंगे।उन्होंने यह भी कहा कि महाराष्ट्र देश का पहला राज्य बन रहा है, जहां किसानों को पूर्णतः सौर ऊर्जा आधारित बीज और सिंचाई सुविधा मिलेगी।



# उत्तर भारत में ठंड, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान के इलाके शीतलहर की चपेट में

## -जम्मू-कश्मीर और ऊपरी इलाकों में हल्की बारिश और बर्फबारी की संभावना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूरा उत्तर भारत ठंड की चपेट में है। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और आसपास के इलाकों में शीतलहर चल रही है। दिल्ली-एनसीआर में पिछले दो दिनों से तापमान 5 डिग्री सेल्सियस के आसपास है। मौसम विभाग ने बताया कि जम्मू-कश्मीर से लेकर पंजाब-हरियाणा तक बने पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से उत्तर भारत में ठंड बढ़ने की संभावना है। वहीं, यूपी के भी कई इलाके शीतलहर के चपेट में हैं। मौसम विभाग ने बताया कि कई इलाकों में सुबह कोहरे के साथ तापमान 5 डिग्री के आसपास बना हुआ है।

रिपोर्ट के मुताबिक बिहार में अभी न्यूनतम तापमान 11-12 डिग्री सेल्सियस तक बना हुआ है, जबकि अधिकतम तापमान 22 से 27 डिग्री के आसपास है। हालांकि, ग्रामीण इलाकों समेत पंजाब, हरियाणा से लेकर आसपास के क्षेत्रों में शीतलहर की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग ने बताया कि इन हिस्सों में पश्चिमी विक्षोभ की वजह से आसमान में बादल घिरे हुए हैं, हालांकि, किसी प्रकार के बारिश का कोई अलर्ट नहीं है। वहीं इसकी वजह से पहाड़ी से मैदानी इलाकों की ओर चलने वाली तेज हवाएं शीतलहर की स्थिति की और भी गंभीर बना रही है।

मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली-एनसीआर के साथ-साथ कई जगहों पर न्यूनतम तापमान सामान्य से 4-5 डिग्री सेल्सियस नीचे है, जिसके कारण शीतलहर की स्थिति बनी हुई है। जम्मू-कश्मीर में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। इस वजह से आसपास के इलाकों में बादल छाए हैं। हालांकि, पहाड़ी या मैदानी इलाकों में बारिश या बर्फबारी की चेतावनी जारी की गई है। एक और कमजोर पश्चिमी विक्षोभ 5 दिसंबर को पश्चिमी हिमालय की ओर बढ़ रहा है और पहाड़ों को पार करने में इसे करीब 24 से 36 घंटे लगेंगे। इस दौरान निचले इलाकों पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के आसपास ठंड का असर बढ़ने की संभावना है।

पहाड़ों पर पश्चिमी विक्षोभ की वजह से जम्मू-कश्मीर और ऊपरी इलाकों में हल्की बारिश और बर्फबारी हो सकती है। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान के कुछ हिस्सों में शीतलहर की स्थिति बने रहने की संभावना है। वहीं, पूर्वी उत्तर प्रदेश में एक इंड्यूस्ड साइक्लोनिक सर्कुलेशन की स्थिति से कोहरे और ठंड की संभावना बढ़ गई है। मौसम विभाग ने बताया कि नॉर्थ ईस्ट के राज्यों के कुछ हिस्सों में घना कोहरा पड़ सकता है। वहीं, तमिलनाडु, तटीय आंध्र प्रदेश, केरल, लक्षद्वीप और दक्षिण कर्नाटक में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

यूपी के कई इलाके शीतलहर की चपेट में हैं। वहीं, राज्य के कई हिस्से घने कोहरे से घिरे हैं। सुबह शाम कड़ाके की ठंड से लोगों का हाल



बेहाल है, हालांकि, दिन निकलने के बाद धूप खिलने की वजह से लोगों को राहत है। वहीं, बिहार में मौसम अभी शुष्क बना हुआ है। राज्य में न्यूनतम तापमान 11 से 12 डिग्री सेल्सियस के आसपास है। वहीं, अधिकतम तापमान 22 से 27 डिग्री के आसपास बना है। पहाड़ों पर एक्टिव पश्चिमी विक्षोभ का असर जल्द ही दिखेगा। गलन वाली सर्दी पड़ सकती है।

# बिहार की 53 जेलों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर 9,073 नए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे



पटना (एजेंसी)। बिहार राज्य के सभी जेलों के चप्पे-चप्पे पर अब खुफिया निगरानी रहेगी। उप मुख्यमंत्री सह गृहमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि 53 जेलों में सुरक्षा व्यवस्था को अत्याधुनिक बनाने 9,073 नए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। राज्य की आठ जेलों में पहले लगे कैमरों को नए लगाने वाले कैमरों से इंटीग्रेट किया जाएगा। इसके लिए 155 करोड़ 38 लाख 36 हजार 153 रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस परियोजना से बिहार की जेल सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत होगी। गृहमंत्री सम्राट ने बताया कि कारा एवं सुधार सेवाएं निरीक्षणालय को बेलट्रान द्वारा उपलब्ध कराए गए संशोधित विस्तृत प्राक्कलन के आधार पर मंजूरी प्रदान की गई है। इस परियोजना में सीसीटीवी कैमरों, सॉफ्टवेयर, फील्ड इंफ्रास्ट्रक्चर, फाइबर नेटवर्क, स्थानीय मानीटरिंग व्यवस्था, पांच वर्षों के लिए संचालन एवं रखरखाव के लिए मैनपावर लागत, परामर्श शुल्क, आकस्मिक व्यय तथा बेल्ट्रान मार्जिन को भी सम्मिलित किया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट प्रविधान के अंतर्गत इस योजना को मंजूरी प्रदान की गई है। मालूम हो कि गृह मंत्री का पदभार लेते ही सम्राट ने जेलों की निगरानी बढ़ाने का निर्देश अधिकारियों को दिया था। जेलों में कैदियों के पास से मोबाइल और बिना अनुमति बाहरी खाना मिलने की शिकायत पर सख्त एक्शन लेने का निर्देश दिया गया था।

# एसआईआर को लेकर अखिलेश की योगी से मांग... किसी भी बीएलओ पर दबाव नहीं डाले



लखनऊ (एजेंसी)। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश सरकार से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के अब तक हुए काम को प्रकाशित करने और सुनिश्चित करने की मांग की कि बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) पर 'जानलेवा दबाव' न डाला जाए। अखिलेश यादव ने मांग की कि राज्य में एसआईआर का जितना भी काम हुआ है, उसका आंकड़ा प्रकाशित करे। उन्होंने कहा, बीएलओ पर जानलेवा दबाव हटाकर अतिरिक्त अधिकृत लोगों को समयावधि के अनुरूप काम पर लगाया जाए।' यादव ने कहा कि सुनिश्चित किया जाए कि सत्ताधारियों के दल और उनके संगी-साथी पिछले दरवाज़े से इस काम में अब नहीं हैं और न आगे कभी होने वाले है।

# बेंगलुरु के मेट्रो स्टेशन पर व्यक्ति ने ट्रेन के सामने कूदकर कथित तौर पर आत्महत्या की

बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के केंगेरी मेट्रो स्टेशन पर एक व्यक्ति ने ट्रेन के सामने कूदकर कथित तौर पर आत्महत्या की। जिससे पर्पल लाइन पर मेट्रो सेवाएं कुछ देर के लिए रुक गई। मेट्रो अधिकारियों ने बताया कि मृतक की पहचान 38 वर्षीय शांतगौड़ पुलिसपाटिल के रूप में हुई है। यह घटना सुबह सवा आठ बजे हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शांतगौड़ ने ट्रेन से टकराने के लिए सही समय पर छलांग लगाई थी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने पैरामेडिकल टीम के साथ मिलकर शव को तुरंत पटरियों से हटाया। इस घटना के बाद पर्पल लाइन पर मैसूर रोड से चल्लाघट्टा तक सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित कर दी गईं। अधिकारियों ने बताया कि बाद में सेवाओं को बहाल किया गया। बैंग्लोर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीएमआरसीएल) ने कहा, ''सुबह 9-40 बजे तक ज्ञान भारती और चल्लाघट्टा के बीच की सेवाएं पूरी तरह से बहाल कर दी गई हैं। अब पूरे पर्पल लाइन पर ट्रेन परिचालन सामान्य समय-सारणी के अनुसार हो रहा है।''

# राहुल गांधी की सांसदी को चुनौती देने वाली याचिका हाईकोर्ट ने की खारिज

लखनऊ (एजेंसी)। यूपी में हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को लोकसभा चुनाव से अयोग्य करार देने के आग्रह वाली याचिका खारिज कर दी है। न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने यह फैसला स्थानीय अधिवक्ता अशोक पांडेय की याचिका पर दिया। याची ने इस आधार पर राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता खत्म करने का आग्रह किया था कि गुजरात की एक अदालत से मानहानि के केस में उन्हें सजा सुनाई गई थी, इसलिए वह सांसद के रूप में अयोग्य थे। कोर्ट ने कहा कि राहुल गांधी की सजा पर सुप्रीम कोर्ट ने 2023 में ही रोक लगा दी थी। ऐसे में राहुल की अयोग्यता अमल में नहीं है। ऐसे में याचिका खारिज की जाती है।

# तीन वर्ष की बच्ची से दुष्कर्म करने वाले को आजीवन सश्रम कारावास

कुशीनगर (एजेंसी)। कुशीनगर की एक विशेष 'पॉक्सो' अदालत ने एक व्यक्ति को पांच साल से अधिक समय पहले 3 साल की बच्ची से बलात्कार करने के जुर्म में आजीवन कारावास की सजा सुनाई। यौन अपराध से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत विशेष अदालत ने दोषी पर पांच लाख का जुर्माना लगाया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फूलबदन व अजय गुप्ता ने बताया कि अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार ने मामले में सत्येंद्र को दोषी करार देकर कहा कि आरोपी को सभ्य समाज में रहने की अनुमति नहीं दी जा सकती, क्योंकि मौका मिलने पर वह किसी अन्य मासूम बच्चे को भी अपना शिकार बना सकता है। अदालत ने कहा कि तीन साल की बच्ची से ऐसा जघन्य कृत्य करने वाला व्यक्ति अधिकतम सजा का हकदार है। सरकारी वकील ने अदालत को बताया कि वादी ने 23 जून 2020 को नेबुआ नौरंगिया थाने में सूचना दी कि आरोपी आम खिलाने के बहाने उनकी तीन वर्ष की बच्ची को अपने घर ले गया। घर में कोई नही था, जहां उसने बच्ची से दुष्कर्म किया। इधर बच्ची को ढूंढने निकली उसकी मां को लोगों ने बताया कि उन्होंने बच्ची को सत्येंद्र संग जाते देखा था।

# गूगल पर 2025 में सबसे ज्यादा कुंभमेले के बाद धर्मेंद्र को किया गया सर्च

नई दिह्रस्ट्ठी (एजेंसी)। गूगल ने 2025 के सबसे ज्यादा सर्च किए गए न्यूज इवेंट की सूची जारी की है। इस लिस्ट में कुंभ मेले के बाद धर्मेंद्र सबसे ज्यादा सर्च किए गए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पहले नंबर पर सबसे ज्यादा महाकुंभ मेला सर्च किया गया। इसके बाद दूसरे नबंर पर धर्मेंद्र, तीसरे नंबर पर बिहार इलेक्शन, चौथे पर भारत-पाकिस्तान न्यूज और पांचवें नंबर पर दिल्ली इलेक्शन रिजल्ट सर्च किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक धर्मेंद्र को लेकर पांच चीजें सबसे ज्यादा सर्च गईं। सबसे पहले तो लोग ये जानना चाहते थे कि धर्मेंद्र जिंदा हैं या नहीं। दरअसल, धर्मेंद्र के निधन से 10-15 दिन पहले ही उनकी मौत की खबरें आई थी, जिसे हेमा मालिनी और ईशा देओल ने खारिज कर दिया था। दूसरे नंबर पर धर्मेंद्र की हेल्थ अपडेट सर्च की गई। तीसरे नंबर पर धर्मेंद्र की न्यूज अपडेट सर्च किया गया। चौथे नबंर पर लोगों ने सर्च किया कि क्या धर्मेंद्र आज जिंदा हैं। इसके अलावा लोगों ने धर्मेंद्र की मौत का कारण भी सर्च किया। बता दें धर्मेंद्र अपने आखिरी समय में काफी बीमार थे। उन्हें मुंबई में अस्पताल में रखा गया था। उन्हें वेंटीलेटर पर भी शिफ्ट किया गया था। जब वो हॉस्पिटल में थे तभी उनकी डेथ की फेक खबरें आई थीं। हालांकि, परिवार ने इन खबरों को गलत बताया था।

# सुप्रीम कोर्ट ने अरुंधति रॉय की किताब पर रोक लगाने की मांग को खारिज किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने अरुंधति रॉय की नई किताब मदर मैरी कम्स टू मी की बिक्री और प्रचार पर रोक लगाने की मांग वाली जनहित याचिका को खारिज किया है। याचिकाकर्ता ने किताब के कवर पेज पर अरुंधति रॉय को सिगरेट पीते हुए दिखाए जाने पर आपत्ति जाहिर की थी। यह सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 (सीओटीपीए, 2003) का उल्लंघन है और धूम्रपान को बढ़ावा देता है, जबकि कानून के अनुसार चेतावनी के बिना इसतरह के चित्र का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए।



मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिका खारिज की। अदालत ने कहा कि अरुंधति रॉय एक जानी-मानी लेखिका हैं और उन्होंने किसी भी प्रकार से धूम्रपान का प्रमोशन नहीं किया है।

किताब में आवश्यक चेतावनी भी मौजूद है, और किसी साहित्यिक कृति के कवर पेज को धूम्रपान के प्रचार के बराबर नहीं माना जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने केरल हाईकोर्ट के पहले के आदेश में दखल देने से इनकार कर दिया, जिसने भी रोक लगाने से मना कर दिया था। यह जनहित याचिका अधिवक्ता राजसिंहन ने दायर की थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि आपत्ति केवल कवर पर सिगरेट वाले चित्र से थी, क्योंकि यह धूम्रपान को बौद्धिकता और रचनात्मकता के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत करता है और युवा पाठकों को गुमराह कर सकता है। अदालत ने यह भी माना कि सीओटीपीए, 2003 का नियम (पैकेज पर चेतावनी छापना) विशुद्ध रूप से तंबाकू उत्पादों के पैकेट पर लागू होता है, किताबों पर नहीं।

# वक्फ संपत्ति : केंद्र सरकार ने पंजीकरण को लेकर दी तीन महीने की राहत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों को रजिस्टर करने की छह महीने की अवधि शुक्रवार को समाप्त हो रही है, लेकिन अभी भी लाखों संपत्तियां रजिस्ट्रेशन से बाहर हैं। इसके बाद उन्हें राहत देकर केंद्र ने वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण के लिए 3 महीने की राहत देने का निर्णय लिया है। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, आज वक्फ संपत्ति रजिस्ट्रेशन का आखिरी दिन है। पूरे देश में अब भी लाखों संपत्तियां पोर्टल पर दर्ज नहीं हो सकी हैं। कई सांसद, सामाजिक नेता और वक्फ से जुड़े प्रतिनिधि मुझसे मिले और समय बढ़ाने की मांग की। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के कारण हम इस समय सीमा को सीधे बढ़ा नहीं सकते, लेकिन जिन लोगों ने कोशिश की और किसी कारण रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाया, उनके खिलाफ तीन महीने तक कोई कठोर कार्रवाई नहीं होगी। न कोई पेनल्टी लगेगी, न कोई जुर्माना। उन्होंने बताया कि अब तक 151,000 से अधिक वक्फ संपत्तियों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है, जिसमें कर्नाटक (50,800), पंजाब, जम्मू-कश्मीर और कई अन्य राज्यों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। वहीं कुछ बड़े राज्यों में रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया धीमी रही।

केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने बताया कि कई क्षेत्रों से शिकायतें मिलीं कि उम्मीद पोर्टल धीमा चल रहा था या लोगों के पास आवश्यक दस्तावेज पूरे नहीं थे। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि कोई भी व्यक्ति बिना परेशान हुए अपनी वक्फ संपत्ति रजिस्टर करा सके। इसलिए तीन महीने तक हम किसी पर कोई सख्ती नहीं करने वाले है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा था कि 6 महीने की समयसीमा के बाद सरकार तारीख नहीं बढ़ा सकती, लेकिन ट्रिब्यूनल के पास अधिकार है कि वह आपकी स्थिति समझकर 6 महीने तक की अतिरिक्त राहत दे सकता है। इसलिए जिन्हें परेशानी हो, वे वक्फ



ट्रिब्यूनल से संपर्क करें। केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा कि केंद्र सरकार हमेशा लोगों की मदद करने के लिए तैयार है, लेकिन वक्फ संशोधन कानून संसद ने पास किया है, इसलिए उसमें बदलाव केंद्र स्वयं नहीं कर सकता।

# होटल धौलाधार में भीषण आग, 15-20 करोड़ के नुकसान की आशंका ; कई अधिकारी बाल-बाल बचे

धर्मशाला (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला शहर में विगत देर रात बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब टूरिज्म विभाग के प्रसिद्ध होटल धौलाधार में अचानक आग भड़क उठी। कोतवाली बाजार स्थित इस होटल के किचन से आग की शुरुआत हुई और देखते ही देखते उसने पूरे होटल के हॉल, किचन और रेस्तरां क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई टीमें मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। घटना के समय होटल में शीतकालीन सत्र के कारण कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ठहरे हुए थे। तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किए गए और सभी अधिकारियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। घटनास्थल पर एचपीटीडीसी के चेयरमैन (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली और डीसी कांगड़ा हेम राज बैरवा भी मौजूद रहे। दोनों अधिकारियों ने मौके पर हालात का निरीक्षण किया और फायर ब्रिगेड से पल-पल की जानकारी ली। प्रशासन का कहना है कि आग लगने की वजह का अभी तक कोई पुख्ता कारण सामने नहीं आया है। जांच टीम को गठित कर दिया गया है, जो आग के कारणों और कुल नुकसान का विस्तृत आकलन करेगी।

# संचार साथी' ऐप बना चैंपियन, डाउनलोड में एप्पल, गूगल ऐप को पीछे छोड़ बना नंबर वन

## -विरोध के बावजूद दूरसंचार विभाग ने ऐप इंस्टॉल करने का अपना आदेश वापस लिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विपक्ष, मोबाइल कंपनियों और नागरिक समाज के विरोध के बाद, दूरसंचार विभाग ने सभी मोबाइल फोन में 'संचार साथी' ऐप पहले से इंस्टॉल करने का अपना आदेश वापस ले लिया है, लेकिन इसका नतीजा यह हुआ कि जिस ऐप को पहले नजरअंदाज किया जाता था वह अचानक सुर्खियों में आ गया।

मीडिया रिपोर्ट में सेंसर टावर के आंकड़ों के मुताबिक संचार साथी ऐप जो 29 नवंबर को भारत में सबसे ज्यादा डाउनलोड किया गया ऐप में 127वें स्थान पर था वह 2 दिसंबर को ऐपल ऐप स्टोर पर गूगल जेमिनाई और चैटजीपीटी को पीछे छोड़ते हुए पहले पायदान पर पहुंच गया। सरकार द्वारा 3 दिसंबर को आदेश वापस लेने के बाद भी यह शीर्ष स्थान पर बना हुआ है। ऐप गुरुवार तक उस स्थान पर बना रहा। उत्पादकता श्रेणी के भीतर, यह 1 दिसंबर के 15 वें स्थान से बढ़कर 3 दिसंबर को दूसरे पायदान पर पहुंच गया और अब शीर्ष स्तर पर बना हुआ है।




उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि ऐप के बारे में जिज्ञासा तब बढ़ी जब गोपनीयता से जुड़ी संभावित चिंता पर बहस शुरू हुई और इसके कारण ही डाउनलोड में वृद्धि हुई। कुछ विपक्षी नेताओं का दावा है कि बीजेपी कार्यकर्ताओं ने निर्देश को समर्थन देने की बात दिखाने के लिए बड़ी संख्या में ऐप डाउनलोड किए और उनका यह तर्क है कि डाउनलोड में यह तेजी अस्थायी साबित हो सकती है।

मोबाइल उपकरण निर्माताओं ने चेतावनी दी कि इस तरह की चीजें लागू करने से एक मिसाल कायम हो सकती है, जिससे अन्य मंत्रालय या राज्य सरकारें भी अपने संबंधित ऐप इंस्टॉल के लिए यही मांग करने के लिए प्रोत्साहित हो सकते हैं। कंपनियों ने यह भी बताया कि भारत बड़ी संख्या में फोन निर्यात करता है जिसका अर्थ यह है कि अनिवार्य रूप से इंस्टॉल करने के लिए घरेलू और निर्यात वाले उपकरणों के लिए अलग-अलग उत्पादन की जरूरत हो सकती है जिससे निर्माण प्रक्रिया और जटिल हो सकती है। हालांकि, डीओटी ने 3 दिसंबर को निर्देश वापस लेने के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि उसने डाउनलोड में वृद्धि देखने के बाद कार्रवाई की।

# आने वाले सालों में हम ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में दुनिया में पहले नंबर पर होंगे

## -गडकरी बोले- हमारी सरकार की प्राथमिकता है वैकल्पिक ईंधन और बायोफ्यूल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि देश की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री तेजी से आगे बढ़ रही है और आने वाले सालों में यह दुनिया में पहले नंबर पर होगी। उन्होंने लोकसभा में कहा कि जब मैंने मंत्री पद संभाला था, हमारी ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री दुनिया में सातवें नंबर पर थी, लेकिन अब जापान को पछाड़कर दुनिया में तीसरे नंबर पर आ गई है।



भारत के ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री पर गडकरी ने कहा कि मेरे सह मंत्री हरदीप पुरी वैकल्पिक ईंधन पर काम कर रहे हैं। वहीं प्रल्हाद जोशी ग्रीन हाइड्रोजन मिशन पर काम कर रहे हैं। इससे देश के ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री के आकार को बढ़ाने में मदद मिलेगी। गडकरी के मुताबिक अमेरिका 79 लाख करोड़ रुपए के साथ दुनिया का सबसे बड़ा ऑटोमोबाइल बाजार है। चीन 49 लाख करोड़ के साथ दूसरे नंबर पर है। अब 22 लाख करोड़ रुपए के आकार के साथ भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री है। गडकरी ने कहा कि हमारा देश करीब 22 लाख करोड़ रुपए के जीवाश्म ईंधन का आयात करता है। इस कारण हमारी सरकार की प्राथमिकता वैकल्पिक ईंधन और बायोफ्यूल है। यह आयात का अच्छा विकल्प है। साथ ही लागत प्रभावी और प्रदूषण से मुक्त है, जिसका सामना आज के समय दिल्ली कर रही है।

गडकरी के मुताबिक देश में फास्ट चार्जिंग पर तेजी से काम किया जा रहा है। हमें एक ऐसे चार्जिंग सिस्टम की जरूरत है जो ट्रक, बस, स्कूटर्स, तिपहिया और दोपहिया वाहनों के लिए उपयोगी हो। मौजूदा समय में चार्जिंग सिस्टम पर रिसर्च चल रही है और नए इनोवेशन किए जा रहे हैं और अकेले दोपहिया इलेक्ट्रिक वाहन सेगमेंट में 400 स्टार्टअप काम कर रहे हैं। उनहोंने कहा कि देश की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने हाल में किए जीएसटी सुधार में कर दर में भारी कटौती की है, जिससे देश में वाहनों की बिक्री को बढ़ाने में मदद मिली है।

# पुतिन के भारत दौरे पर थरूर ने दिया संदेश बोले- अब किसी को कोई गलतफहमी नहीं होना चाहिए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन गुरुवार शाम को चार साल बाद पहली बार दो दिवसीय राज्य यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एयरपोर्ट पर उन्हें व्यक्तिगत रूप से गर्मजोशी से स्वागत किया, जो कूटनीतिक रस्मों से इतर एक विशेष इशारा था। यह यात्रा 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए है, जो शुक्रवार को हैदराबाद हाउस में आयोजित होगा। पुतिन का यह दौरा यूक्रेन युद्ध के बाद उनका पहला भारत प्रवास है, जो वैश्विक अस्थिरता के बीच दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने का महत्वपूर्ण अवसर साबित हो रहा है।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने इस दौरे की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि ऊर्जा, रक्षा और सामरिक क्षेत्रों में रूस भारत का सबसे भरोसेमंद साझेदार रहा है। थरूर ने एक साक्षात्कार में जोर दिया, यह बहुत महत्वपूर्ण यात्रा है। वैश्विक राजनीति के उथल-पुथल भरे दौर में पुराने और विश्वसनीय साझेदारों के साथ रिश्ते और मजबूत करना जरूरी है। रूस के साथ हमारा संबंध दशकों पुराना है, जो हाल के वर्षों में और प्रासंगिक हो गया। तेल-गैस आपूर्ति में रूस प्रमुख स्रोत है, जबकि रक्षा सहयोग का महत्व मई 2025 के ऑपरेशन सिंदूर में एस-400 सिस्टम के जरिए पाकिस्तानी मिसाइलों से दिल्ली जैसे शहरों की रक्षा करते हुए साफ दिखा।

थरूर ने भारत की विदेश नीति की रणनीतिक स्वायत्तता पर फिर बल दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि रूस के साथ मजबूत बंधन अमेरिका या चीन जैसे किसी अन्य देश के साथ संबंधों को प्रभावित नहीं करते। भारत अपनी संप्रभुता के आधार पर हितों और साझेदारियों का चयन करता है। किसी को यह भ्रम नहीं होना चाहिए कि रूस के साथ निकटता किसी अन्य राष्ट्र के खिलाफ है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सम्मेलन में रक्षा उत्पादन, व्यापार, विज्ञान-प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, संस्कृति और मानवीय सहयोग जैसे क्षेत्रों में कई समझौते होंगे, जो द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊर्जा देंगे।

पूर्व भारतीय राजनयिक अरुण सिंह ने भी भारत-रूस संबंधों की निरंतर प्रासंगिकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दशकों से मॉस्को ने राजनीतिक और रक्षा क्षेत्र में भारत का साथ दिया है। बदलते वैश्विक परिदृश्य में भी रूस भारत की रणनीतिक प्राथमिकताओं में अहम स्थान रखता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह दौरा वैश्विक ध्रुवीकरण के बीच संतुलित कूटनीति और नई साझेदारियों की जरूरत को रेखांकित करता है।

शुक्रवार को पुतिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे, राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देंगे और रूसी चैनल आरटी का भारत संस्करण लॉन्च करेंगे। शाम को रवाना होने से पहले मोदी के साथ व्यापक वार्ता होगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उनके रूसी समकक्ष एंड्री बेलौसोव भी सैन्य सहयोग पर चर्चा करेंगे। अमेरिकी दबाव और यूक्रेन शांति प्रयासों के बीच यह



यात्रा रूस के लिए अलगाव कम करने का मौका है, जबकि भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा और हथियार आपूर्ति सुनिश्चित करने का। 2000 से चली आ रही रणनीतिक साझेदारी के 25 वर्ष पूरे होने पर यह दौरा विशेष महत्व रखता है, जो दोनों देशों के बीच विश्वास को और गहरा करेगा।

# कठोर नियमों से दुनिया के कई देशों ने प्रदूषण पर पाया काबू, चुनौती अब दिल्ली-एनसीआर के सामने

दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर और सिंधु-गंगा के मैदानी इलाके इन दिनों जानलेवा वायु प्रदूषण की गिरफ्त में हैं। लेकिन दुनिया में कई ऐसे देश रहे हैं जिन्होंने बिल्कुल इसी तरह के दमघोंटू संकट का सामना किया और नीति-निर्माताओं की वैज्ञानिक व कठोर कदमों से हालात बदल दिए। अब यही चुनौती दिल्ली-एनसीआर के लिए है जो शहरवासियों को दमघोंटू और जहरीली हवा से निजात दिलाए। अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों के पैनल की ओर से तैयार नेशनल अर्बन क्लीन एयर स्ट्रैटेजी स्टडी रिपोर्ट के अनुसार, लंदन में 1952 के ग्रेट स्मॉग के बाद व्यापक क्लीन एयर प्लान लागू किया गया था। इस स्मॉग ने लगभग 12,000 लोगों की जान ले ली थी। इसके बाद लागू क्लीन एयर एक्टङ्क1956 के तहत कोयले से चलने वाले घरेलू बॉयलर और उद्योगों पर सख्त प्रतिबंध लगाए गए। नतीजतन 1970 के दशक तक लंदन में पीएम2.5 और सल्फर डाइऑक्साइड का स्तर लगभग 70% तक घट गया। सिंगापुर ने 'शून्य-सहनशीलता नीति' और पॉल्यूटेड-पेयर प्रिंसिपल अपनाया। दक्षिण-पूर्व एशिया में जंगल की आग से उठे धुएं ने हैज संकट को जन्म दिया था। इसके जवाब में सिंगापुर ने अत्यधिक प्रदूषण वाले दिनों में स्कूलों और उद्योगों को स्वचालित रूप से बंद करने का कठोर नियम लागू किया। इससे बच्चों और बुजुर्गों पर प्रदूषण के स्वास्थ्य प्रभावों में उल्लेखनीय कमी आई और शहर दुनिया के सबसे स्वच्छ महानगरों में शामिल हो गया। दुनिया में कई और देश ऐसे हैं, जिन्होंने कठोर पर्यावरणीय कानून और अनुशासित शहरी नीति अपनाकर वायु प्रदूषण पर नियंत्रण पाया। जापान ने 1970 के दशक के औद्योगिक प्रदूषण संकट के बाद जीरो-टॉलरेंस एयर पॉल्यूशन कंट्रोल कोड लागू किया। दक्षिण कोरिया में एयर कर्टेलमेंट प्रोटोकॉल लागू है, जिसके तहत एक्यूआई बढ़ने पर उद्योग लो-एमिशन मोड में चले जाते हैं। यूरोप में जर्मनी, फिनलैंड और स्वीडन वायु प्रबंधन के सफल मॉडल हैं। जर्मनी में ग्रीन इंडस्ट्री ट्रांजिशन के तहत भारी उद्योगों को स्वच्छ ऊर्जा अपनाने और वाहनों में उत्सर्जन मानकों के कड़े पालन के लिए बाध्य किया गया है। फिनलैंड और स्वीडन में लकड़ी और कूड़ा जलाने पर प्रतिबंध है, साथ ही शहरों में धूल रोकथाम व कचरा प्रबंधन के लिए लाइव ट्रैकिंग सिस्टम और स्पॉट-फाइन प्रभावी भूमिका निभाते हैं।

# थाइलैंड से डिपोर्ट किया गया गैंगस्टर हरसिमरन आईजीआई से गिरफ्तार

**कौमी पत्रिका**

दिल्ली। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ (स्पेशल सेल) ने थाइलैंड से डिपोर्ट किए गए गैंगस्टर हरसिमरन उर्फ बादल उर्फ सिमरन को आईजीआई एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया है। ये जनवरी में फर्जी पासपोर्ट पर भारत से फरार हो गया था। आरोपी पहले भी जबरन वसूली, हत्या, हत्या की कोशिश और आर्म्स एक्ट के 23 मामलों में शामिल रहा है। प्रकोष्ठ के पुलिस उपायुक्त अमित कौशिक ने बताया कि वह गोल्डी ढिल्लों के साथ इंटरनेशनल गैंगस्टर बनने और यूएस/यूरोप से काम करने की प्लानिंग कर रहा था। उपायुक्त ने बताया कि विशेष प्रकोष्ठ ने नवंबर, 2024 में उजागर सिंह, जिला मैनपुरी, यूपी निवासी महेंद्र सिंह उर्फ सतेंद्र सिंह को गैर-कानूनी हथियार और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया था। प्रकोष्ठ में उसके खिलाफ 20 नवंबर, 2024 में आर्म्स का मामला दर्ज किया गया था। आरोपी महेंद्र सिंह 2010 से थाना छावला, दिल्ली में हत्या के केस में फरार था। आरोपी महेंद्र सिंह ने बताया कि जब्त किए गए हथियार हरसिमरन से लिए गए थे। यह भी पता चला कि आरोपी हरसिमरन शातिर गैंगस्टर है और 23 केस में शामिल है। जमानत पर रिहा होने के बाद 14 केस में ट्रायल कोर्ट में पेश नहीं हो रहा था। सुरक्षा एजेंसियों को जांच में पता लगा कि वह मुलजिम हरसिमरन राजेश सिंह पुत्र विनोद सिंह निवासी गोरखपुर, यूपी के नाम से नकली पहचान पर पासपोर्ट बनवाया और जनवरी, 2025 में इसी पासपोर्ट पर लखनऊ से बैंकॉक गया था। उसने बताया है से अपने केस के गवाह को कोर्ट के सामने मुकरने और प्रोटेक्शन मनी के तौर पर 50 लाख रुपये देने की धमकी दी थी। इसके खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी किया गया था।उसे बैंकाक पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। उसे 26 नवंबर 2025 को भारत वापस भेज दिया गया। जब हरसिमरन दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरा तो उसे पकड़ लिया गया। इसके बाद उसे इंस्पेक्टर संजय गुप्ता व पंकज की टीम ने गिरफ्तार कर लिया। दिल्ली के शालीमार बाग के रहने वाले हरविंदर सिंह ने बचपन में ही दिल्ली के अलग-अलग अखाड़ों में जाकर कुश्ती शुरू कर दी थी। कुश्ती की ट्रेनिंग लेने के लिए वह कोल्हापुर, महाराष्ट्र भी गया था। यहां ये अखाड़े में सिकंदर के संपर्क में आया। उसने हार्डकोर क्रिमिनल समुंदर से संपर्क किया। ये बदमाश बुराड़ी, दिल्ली में सक्रिय था और उसे 10 साल की कड़ी कैद की सजा हुई थी। हरसिमरन भी मनोज नाम के एक हार्डकोर क्रिमिनल और विजय उर्फ नॉटी नाम के एक बीसी के साथ शामिल हो गया। ये सागरपुर इलाके में सक्रिय था। हरसिमरन ने गैंग बनाकर नॉर्थ-वेस्ट दिल्ली इलाके में लोकल लेवल पर एक्सटॉर्शन शुरू कर दिया। उसने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और नॉर्थ दिल्ली में कई जघन्य मामलों में शामिल रहा। जब कोई पीड़ित पैसे देने से मना करता था तो वह और उसके साथी पीड़ित को धमकाने, पीटने या उस पर या उसके ठिकानों पर गोलियां चलाने से भी नहीं हिचकिचाते थे। 2005 से आरोपी हरसिमरन पर जबरन वसूली, हत्या की कोशिश, हत्या और आर्म्स एक्ट के 23 केस दर्ज हैं। यूरोप में बैठा गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों ने उसे दुबई आने को कहा और भरोसा दिलाया कि उसे यूएसए भेजा जाएगा और वहां से अपना गैंग ऑपरेट करेंगे। कुछ समय बैंकॉक में रहने के बाद वह यूएसए जाने के लिए दुबई चला गया। दुबई पहुंचने के बाद, गोल्डी ढिल्लों के निर्देश पर, वह दुबई में स्थित एक कबूतरबाज से मिला। उसे अजरबैजान भेजा गया, जहां से उसने अमेरिका के लिए उड़ान भरने की कोशिश की। लेकिन कागजातों में कमी के कारण उसे वापस दुबई वापस भेज दिया गया। इसके बाद गोल्डी ढिल्लों ने उसे यूरोप आने के लिए कहा। जब वह बेलारूस सीमा के माध्यम से यूरोप में प्रवेश करने की कोशिश की तो बैंकॉक में, सेंट्रल एजेंसियों के साथ लोकल अधिकारियों की सक्रिय और दिल्ली पुलिस के दिए गए डोजियर से उसे बैंकॉक में हिरासत में लिया गया था।

## फुटपाथ पर सो रहे तीन को कुचला, एक की मौत

नई दिल्ली। दिल्ली के वसंत कुंज इलाके में रविवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार मर्सिडीज कार ने ऑटो स्टैंड पर खड़े तीन लोगों को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। दिल्ली पुलिस ने कार चालक को हिरासत में ले लिया है। वसंत कुंज नॉर्थ पुलिस स्टेशन को देर रात करीब 2ञ्33 बजे नेल्सन मंडेला मार्ग पर एंबियंस मॉल के ठीक सामने, वसंत विहार की ओर एक सड़क दुर्घटना की पीसीआर कॉल मिली। मौके पर पहुंची पुलिस टीम को एक दुर्घटनाग्रस्त मर्सिडीज ल63 कार मिली। ऑटो स्टैंड पर घायल अवस्था में पड़े तीन लोग मिले, जिनकी उम्र 23, 35 और 23 वर्ष थी। ये तीनों एंबियंस मॉल स्थित एक रेस्तरां के कर्मचारी थे। तीनों घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। मेडिकल जांच के दौरान चमोली, उत्तराखंड निवासी रोहित (उम्र 23 वर्ष) को मृत घोषित कर दिया गया। अन्य दो घायलों का इलाज चल रहा है। मर्सिडीज कार एक्सीडेंट केस में मृतक रोहित के रिश्तेदार हेमंत बिष्ट ने कहा कि वह एंबियंस मॉल में काम कर रहा था और सुबह करीब 2.30 बजे घर लौट रहा था। एक्सीडेंट करीब 2.30 बजे हुआ और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसकी उम्र करीब 23-24 साल थी। पोस्टमॉर्टम किया जा रहा है। दिल्ली पुलिस ने दुर्घटना के लिए जिम्मेदार कथित मर्सिडीज कार के चालक शिवम (उम्र 29 वर्ष) को हिरासत में ले लिया है। शिवम नई दिल्ली के करोल बाग का रहने वाला है। घटना के समय शिवम गाड़ी में अपनी पत्नी और बड़े भाई के साथ सवार था। प्रारंभिक जांच के अनुसार, ड्राइवर शिवम एक डायवर्जन के कारण कार का संतुलन खो बैठा। इसके परिणामस्वरूप, कार नियंत्रण से बाहर होकर उस खंभे से जा टकराई, जहां तीनों पीड़ित ऑटो स्टैंड पर खड़े थे। बताया गया है कि ड्राइवर शिवम एक शादी समारोह से लौट रहा था। दुर्घटनाग्रस्त कार उसके दोस्त अभिषेक की है।

## दिल्ली के भूजल में यूरेनियम का स्तर सुरक्षित मानक से अधिक

दिल्ली। दिल्ली में लिए गए 103 भूजल नमूनों में से करीब 12.63 प्रतिशत में यूरेनियम की मात्रा सुरक्षित सीमा 30 माइक्रोग्राम प्रति लीटर (30 पीपीबी) से अधिक पाई गई। यह स्तर पीने के पानी के लिए खतरनाक माना जाता है। देशभर में भूजल की जांच करने वाले केंद्रीय भूजल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी) की यह रिपोर्ट चिंताजनक है। रिपोर्ट 2024 में देश भर से इकट्ठा किए गए करीब 15,000 सैंपलों पर आधारित है। विशेषज्ञों ने इसे साइलेंट हेल्थ इमरजेंसी बताया है। सीजीडब्ल्यूबी के अनुसार, दिल्ली के उत्तरी, उत्तर-पश्चिमी, पश्चिमी, दक्षिण-पश्चिम दिल्ली, रोहिणी, भलस्वा झील और नांगली राजपुरा समेत कई इलाकों में पानी के सैंपल भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) मानक से ऊपर पाए गए। कुछ जगहों पर यूरेनियम का स्तर 59 पीपीबी तक पहुंच गया जो सुरक्षित सीमा से करीब दोगुना है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यदि तत्काल कदम नहीं उठाए गए, तो यह दिल्ली निवासियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर दीर्घकालिक प्रभाव डाल सकता है। इसलिए नियमित मॉनिटरिंग बेहद जरूरी है। दिल्ली हर दिन करीब 125 मिलियन गैलन भूजल पीने और घरेलू उपयोग के लिए निकालती है, जिससे स्थिति और गंभीर हो रही है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत का अधिकांश भूजल सुरक्षित है, लेकिन कुछ क्षेत्रों में यूरेनियम लगातार बढ़ रहा है। उत्तर-पश्चिम भारत के पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्से प्रदूषण के हॉटस्पॉट हैं। इसकी वजह भू-वैज्ञानिक कारण, भूमिगत पानी की कमी और एक्विफर की संरचना बताई जा रही है।

## बेकाबू कार सड़क किनारे पेड़ से टकराई, युवती की मौत, पांच घायल

नई दिल्ली। नरेला औद्योगिक क्षेत्र इलाके में रविवार तड़के एक बेकाबू कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार सवार युवती की मौत हो गई, वहीं छह माह की बच्ची समेत पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल अभी बयान देने की हालत में नहीं हैं। पुलिस ने लापरवाही से वाहन चलाने से हुई मौत का मामला दर्ज कर जांच कर रही है। बाहरी उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त हरेश्वर वी स्वामी ने बताया कि रविवार तड़के करीब 5.14 बजे एक राहगीर संजीव ने पुलिस को फोन कर बताया कि नरेला बवाना रोड के घोघा क्रांसिंग के पास एक बेकाबू कार सड़के किनारे पेड़ से टकरा गई है। हादसे में कार में सवार छह लोग बुरी तरह से घायल हो गए। सूचना मिलते ही नरेला औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने छह माह की घायल बच्ची समेत छह घायलों को कार से निकालकर पीतमपुरा स्थित सरोज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां हरियाणा के सोनीपत स्थित कुंडली निवासी ज्योति (21) को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों की पहचान खरखौदा सोनीपत हरियाणा निवासी प्रशांत और मंशा अपार्टमेंट नरेला निवासी अमित के रूप में हुई। छह माह की बच्ची और दो अन्य महिलाओं की पहचान की जा रही है। बताया गया कि एक महिला अमित की पत्नी है। शुरुआती जांच में पता चला है कि सभी एक ही परिवार के हैं और दिल्ली में आयोजित किसी समारोह में शामिल होने के बाद खरखौदा जा रहे थे। आशंका है कि रात में समारोह में होने की वजह से कार चला रहे शख्स को झपकी आ गया और कार बेकाबू होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई।

## नोएडा का प्रदूषण नहीं झेल पाया मासूम, करनी पड़ी सर्जरी

नोएडा। दिल्ली एनसीआर का प्रदूषण नहीं पांच साल का ज्यारित नहीं झेल पाया। एडेनोइड्स चौथे स्टेज पर पहुंचने के कारण सर्जरी करनी पड़ी। ज्यारित की हालत अब ठीक है। लेकिन एयर प्यूरीफायर के बीच रहने के लिए मजबूर है। ज्यारित की मां ने 26 नवंबर को इंस्टाग्राम अकाउंट से वीडियो साझा कर इसकी जानकारी दी थी। ज्यारित की मां साक्षी पाहवा ने बताया कि करीब ढाई साल पहले पति सचिन पाहवा की नौकरी के कारण सिरसा से नोएडा उनका परिवार शिफ्ट हुआ था। दीपावली 2023 के बाद से ज्यारित को हल्की सर्दी-जुकाम की समस्या होने लगी। दवाइयों से थोड़ी राहत मिलती थी लेकिन फिर उसकी हालत वैसी ही हो जाती थी। डॉक्टर ने भी दिल्ली- एनसीआर छोड़ने की सलाह दे दी थी। कुछ दिन पहले हालत ज्यादा बिगड़ गई और फिर जांच करवाई तो पता चला कि बढ़ते प्रदूषण की वजह से ज्यारित के एडेनोइड्स और टॉन्सिल काफी बढ़ गए थे। जांच में इसके स्टेज-4 तक पहुंचने की बात सामने आई। ?जिसके बाद सर्जरी जरूरी हो गई थी। डॉक्टर ने उसकी सर्जरी की और 15 दिन तक आराम करने की सलाह दी है। परिजनों के मुताबिक अभी उसका इलाज जारी है। परिवार की तरफ से 26 नवंबर को इंस्टाग्राम अकाउंट से वीडियो शेयर कर बच्चे की स्थिति दिखाई गई थी। वीडियो में बताया गया कि बढ़ते प्रदूषण की वजह से बेटे की सर्जरी कराने की नौबत आई। ज्यारित घर पर ही रहता है। उसके दोस्त घर आकर खेलते हैं। उसे 2 एयर प्यूरीफायर के बीच रहना पड़ रहा है, ताकि समस्या न बढ़े। सेक्टर-62 स्थित निजी अस्पताल के ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. सव्यासाची सक्सेना ने बताया कि जैसे गले का टांसिल होता है वैसे ही नाक के टांसिल को एडेनोइड्स कहा जाता है। जब यह बढ़ जाता है तो सांस आने में दिक्कत होती है। बच्चा रात में खूब खर्राटे लेता है। कान और गले में इंफेक्शन हो जाता है। कान में दर्द भी हो सकता है।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री बाबू राम पुत्र श्री सोजी राम निवासी नया गाँव रानीपुरा, वी.टी.सी. रानीपुरा, पोस्ट ऑफिस -भरणी, तहसील व जिला टोंक, राजस्थान 304001 तथा हाल निवासी मकान नं. 211, ककरोल गाँव, सेक्टर 16 बी, द्वारका, नई दिल्ली 110078, ने अपने पुत्र राहुल कुमार एवं उसकी पत्नी श्रीमती किरण सभी निवासी मकान नं. 211, ककरोल गाँव, सेक्टर 16 बी, द्वारका, नई दिल्ली 110078, को नियंत्रण मे न होने, उनके कहे अनुसार न चलने, उनके साथ अभद्र व्यवहार करने के कारण तथा उनके व्यवहार से बहुत दुखी होकर अपनी सभी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है और उनसे अपने सारे संबंध विच्छेद कर दिए है। यदि कोई व्यक्ति उनके साथ किसी प्रकार का कोई लेन-देन रखता है तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा मुवक्किल उनके किसी भी प्रकार के व्यवहार के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा ।

**PRITAM KUMAR ADVOCATE**
Seat No.8. Hall No.5. Third Floor, Lawyers Chambers. Dwarka Court Complex, Sector-10, New Delhi-110075.

**NAME CHANGE**
I Ashok Kumar Wadhwa S/o Ram Dass R/o 628, Arya Mohalla, Nangloi, West Delhi - 110041 have changed my name to Ashok Kumar for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I Rajan Prasad S/o Ramnath R/o D-1033, Jahangir Puri, VTC Jahangir Puri D Block, PO: N.S. Mandi, District: North West Delhi, State: Delhi, PIN Code: 110033, have changed my name to Rajan Kumar for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, Dilip Kumar Bhuyan S/o Trilochan Bhuyan R/o Flat No.1630, Zinnia Tower, SKA Greenarch, Sector-16B, Plot No.GH-05B, Greater Noida West, Gautam Budh Nagar, U.P.-201308 have changed my name to Dilip Bhuyan.

**NAME CHANGE**
I, Mustaq S/o Mohmad Ishaq R/o H.No.45, B-Block, Gali No.2, Shri Ram Colony, Khajoori, Delhi-110094 have changed my name to Md Mushtaq.

**NAME CHANGE**
I, Ajai Kumar Tyagi S/o Ram Kishor Tyagi R/o B-4 401, Uninav Bliss Raj Nagar Extension, Ghaziabad, U.P.-201017 have changed my name to Ajay Kumar Tyagi.

**NAME CHANGE**
I, Sheeda Begum W/o Nasruddin R/o C-540, Road No-3, Mulla Colony, Gharoli Extension, Delhi-110096 have changed my name to Sahida Begum.

**NAME CHANGE**
I, Purnima W/o Dinesh Kumar Bharti R/o 444/GH-9, Paschim Vihar, New Delhi-110087 have changed my name to Purnima Bharti for all purposes.

**NAME CHANGE**
I, Deepak S/O Raj Kumar R/O House N-52/62-A. Street No-18,anand Parbat, Nai Basti, Karol Bagh, Central Delhi, 110005 Have changed my name to Deepak Kumar for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, Mohd Anees S/O Mohammad Ikram Khan R/O House No 535/3,60 Foot Road, near HDFC Bank ATM, Chattarpur, Delh-110074 Have changed my name to Mohammad Anis Khan for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I Sudesh Kaushik W/o Bimal Kumar Kaushik R/o 2046 1st floor, Eldeco county, Opp. Jurassic Park, Sector 19, Sonipat, Sonipat, Haryana 131001 have changed my name to Sudesh Kumari Kaushik for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I hitherto known as KM ZEENAT PARVEEN alias ZEENAT RUKHSANA D/O ABDUL GHAFOOR W/O MAULA BAKHSH R/O F-11/9, JOGABAI EXTENSION, BATLA HOUSE, ZAKIR NAGAR, OKHLA, NEW DELHI-110025, have changed my name and shall hereafter be known as ZEENAT RUKHSANA for all purpose.

**NAME CHANGE**
I Amit Garg R/O HOUSE NO. J-13/6, NEAR INDIAN BANK, RAJOURI GARDEN, NEW DELHI-110027, changed my son's name from kartikey Garg to ayan Garg. my name mentioned in my LIC POLICY NO. :-115708301 as KARTIKEY GARG and my name mentioned in my AADHAR CARD NO. 3545 9360 6087 as AYAN GARG His all documents belong to ayan Garg in adhar card no. 354593606087, his name ayan Garg in future.

**NAME CHANGE**
I, SATISH KAPOOR S/O Krishan Lal, R/O J-10, F/F, R/S, BERI WALA BAGH, HARI NAGAR, SOUTH WEST DELHI, DELHI - 110064, I HAVE CHANGED MY NAME FROM SATISH KUMAR TO SATISH KAPOOR FOR ALL FUTURE PURPOSE.

**NAME CHANGE**
I, SUNITA wife of Shri Ram Singh Fogat (service No. JC-367494A, Rank-Sub)resident of Flat No. 74, Pocket-1, Phase-1, Sector-13, Dwarka, Netaji Subhash Apartment, NSIT Dwarka, South West Delhi-110078 , declare that my date of birth was wrongly mentioned in my husband's army service record as 15.05.1964 instead of 25.05.1964. And my real and correct date of birth is 25.05.1964.

**PUBLIC NOTICE**
LR No: 3402211/2025
MAHINDER SINGH,S/O SH. GOPI LAL, HOUSE NO-9587/10, GAWSHALA BARADARI KAMALA NAGAR MALKA GANJ, NORTH WEST, Delhi -110007, have LOST MY ORIGINAL PROPERTY (1)Document No 1921 Year 18.07-2005. Item No 1 S/No 99/2 Land Measuring 37 Guntas. Item No 2 S/No 99/4 Land Measuring 21 Guntas. (2) Document No 2569 Year 22.08.2005. Item No 1 S/No 99/2 Land Meauring 18 1/2 Guntas. DNH-1-0921-2005-06 Stored In CD NO DNH D 55 In the Office of the Sub-Register-Devanahalli. (3) DN?-1-02569-2005-06 Stored InCDNo DNHD58 in the Office ofthe Sub Registrar Devenahalli. Lands Situated In Devanahalli Village, Kasaba Hobli, Devanahalli Taluk Bangalore Rural District Karnatka. Ph 9958168128, sonasystemdelhi@gmail.com

**NAME CHANGE**
I, RAJESH PANDEY S/o Prabhakar Pandey R/o B-26/24-9, Deendayal Nagar Colony, Durgakund, Varanasi, uttar Pradesh-221005, have changed my name to RAJESH KUMAR PANDEY permanently

**NAME CHANGE**
I, MOHAMMAD AJMAIEN S/O JANE ALAM R/O HOUSE NO. 1822, CHATTA AAGA JAAN, KALA MAHAL, DARYA GANJ, NEW DELHI-110002, HAVE CHANGE MY NAME FROM MOHAMMAD AJMAIEN TO MOHAMMAD FARMAN FOR ALL PURPOSES.

**NAME CHANGE**
It is for general information that I, KRISHAN KUMAR S/O OM PRAKASH R/O H No-8/51 Double Story Near Kripal Ashram Vijay Nagar Dr. Mukherjee Nagar Model Town North West Delhi, Delhi-110009 declare that name of mine has been wrongly written as KRISHAN KUMAR CHOUDHARY in my minor son namely GARVIT CHOUDHARY aged 13 years in his school records. The actual name of mine is KRISHAN KUMAR which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**
I, SHAHEEN W/O ABDUL MALIK R/O G-51/5, FLAT NO-103, FIRST FLOOR, SHAHEEN BAGH, ABUL FAZAL ENCLAVE-2, DELHI-110025 have changed my minor daughter name from AAISHAH to AAISHAH NAZEER for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I, K VASANTHAKUMARI AMMA Mother of No-4581722L Rank-NK Name-DEEPU CHANDRAN R residing at CHANGAYILPADINJAREPPURA, VILL-KULAKKADA, PO-THAZHATHUKULAKKADA, TEHSIL-KOTTARAKKARA, DIST-KOLLAM, KERALA-691521, have changed my name from K VASANTHAKUMARI AMMA to VASANTHAKUMARI AMMA for all future purposes vide Affidavit dated 05/12/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, P RAMACHANDRAN PILLAI father of No-4581722L Rank-NK Name-DEEPU CHANDRAN R residing at CHANGAYILPADINJAREPPURA, VILL-KULAKKADA, PO-THAZHATHUKULAKKADA, TEHSIL-KOTTARAKKARA, DIST-KOLLAM, KERALA-691521, have changed my name from P RAMACHANDRAN PILLAI to RAMACHANDRAN NAIR for all future purposes vide Affidavit Dated 05/12/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, Savitri Devi Kadian W/O Ram Singh Kadian R/O Flat No 602, Sun Tower-b, Shipra Sun City Indirapuram, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201014 Have changed my name to Savitri kadian for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, JASLEEN KAUR KHOKAR D/O GURU SEWAK SINGH R/O H.NO-1/2650, GALI NO-3, MANDOLI ROAD, RAM NAGAR, SHAHDARA, DELHI 110032. have changed my name to JASLEEN KAUR for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, hitherto known as GANGA RAM S/O RAM KISHAN R/O E-119/13, JHUGGI RAVI DAS CAMP, I P EXTENSION, SHAKAR PUR, DELHI-110092 have changed my name and shall hereafter be known as DOMI PASI. It is certified that I have complied with other legal requirements in the connection

**NAME CHANGE**
I, hitherto known as PIYUSH S/O AJAY SINGH R/O P-161, PILLANJI VILLAGE, SAROJINI NAGAR, NDMC, DELHI-110023 have changed my name and shall hereafter be known as PIYUSH BAISOYA. It is certified that I have complied with other legal requirements in the connection

**NAME CHANGE**
I palak D/O shashi bhushan bhardwaj R/O B-72 street no 2 ghazipur village east delhi delhi 110096 changed my name to palak bhardwaj.

**NAME CHANGE**
I Eram Khushnudi W/O Khushtar Parwez R/O 41-B Pocket 12, Jasola. New Delhi 110025. Changed my name to Airam Khushnudi.

**NAME CHANGE**
I, Ganga Sagar Thakur S/O Thakkan Thakur, R/O RZG-30, G/F, Nihal Vihar, Nangloi, West Delhi, Delhi - 110041, have change the name of my minor son Sorav aged 16 years and he shall hereafter be known as SORAV THAKUR.

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that I, **Ved Kaur** W/O Late Hari Singh R/O, B-109, Masood Pur Village, South West Delhi - 110070, declare that name of mine has been wrongly written as **BEDO** in my husband PPO NO. S2/2015/OCT/HORT/SAP/174 the actual name of mine is **Ved Kaur**, respectively which may be amended accordingly.

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **नेहा** पुत्र स्वर्गीय दलीप चौधरी, निवासी-मकान नंबर बी-12/5, अंकुर विहार, डीएलएफ लोनी गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 319/2020 धारा 356/379/411/34 भा.द.स, थाना शास्त्री पार्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नेहा** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **नेहा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **नेहा, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 319/2020 धारा 356/379/411/34 भा.द.स, थाना शास्त्री पार्क, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.01.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री श्रुति सरस्वती एलडी**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-03
उत्तर पूर्वी जिला
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

**DP/16180/NE/2025**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जगजीवन उर्फ जगजीवन पुत्र प्रेम चंद पताः गांव इशाक नगर, फरीद नगर, गाजियाबाद यूपी** ने **एफआईआर संख्या 54/2001 धारा 454/380/411/34 भा.द.स. के तहत** थानाः सीमापुरी, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **जगजीवन उर्फ जगजीवन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **जगजीवन उर्फ जगजीवन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 54/2001 धारा 454/380/411/34 भा.द.स. के तहत थाना सीमापुरी, दिल्ली के उक्त जगजीवन उर्फ जगजीवन** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.01.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**ऐशवर्या सिंह कश्यप**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-06**
**कमरा नं.25, प्रथम तल,**
**शाहदरा जिला,**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

DP/16337/SHD/2025

**NAME CHANGE**
I Lachchi Ram S/o Heera Ram R/o Hiram Post- Bamsyoun, Hidam, Almora, Ranikhet, Uttarakhand - 263645, have changed my name to Lalit Kumar.

**सार्वजनिक सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि श्री अमित कुमार, श्री शिव कुमार शर्मा से संपत्ति क्रय करने का इरादा रखते हैं, जो निर्मित संपत्ति संख्या 58, क्षेत्रफल 65 वर्ग गज (जिसमें टैरेस/छत के अधिकार आसमान तक शामिल हैं), ब्लॉक-क्क खसरा नंबर 19/26 में स्थित है, जो गांव बुराड़ी के क्षेत्र में स्थित है और वर्तमान में गली नंबर 20-B, कौशिक एनक्लेव, बुराड़ी, दिल्ली-110084 के नाम से जानी जाती है। राजस्व अभिलेखों के अनुसार, उक्त संपत्ति के मूल मालिक श्री राजेश थे। उन्होंने दिनांक 06.05.1997 को GPA, ATS और Will के माध्यम से यह संपत्ति श्री जसबीर सिंह के पक्ष में हस्तांतरित की। इसके बाद, श्री जसबीर सिंह ने दिनांक 24.02.1999 को GPA, ATS और Will के माध्यम से यह संपत्ति श्री सतीश कुमार गुप्ता के पक्ष में हस्तांतरित की। तत्पश्चात, श्री सतीश कुमार गुप्ता ने दिनांक 25.06.1999 को GPA, ATS और Will के माध्यम से यह संपत्ति श्रीमती सुशीला देवी के पक्ष में हस्तांतरित की। बाद में, श्रीमती सुशीला देवी ने दिनांक 24.12.2012 को GPA, ATS और Will के माध्यम से यह संपत्ति श्री नरोट्टम सिंह और श्री जयपाल सिंह के पक्ष में हस्तांतरित की। इसके उपरांत, दोनों ने दिनांक 07.04.2014 को GPA, ATS और Will के माध्यम से यह संपत्ति श्री शिव कुमार शर्मा के पक्ष में हस्तांतरित की। उपरोक्त के परिणामस्वरूप, श्री शिव कुमार शर्मा उक्त संपत्ति के पूर्ण और निर्विवाद मालिक हैं, जो किसी भी प्रकार के मुकदमे, भार, बंधन, दावा या देनदारी से मुक्त है। कृपया ध्यान दें कि उक्त संपत्ति वर्तमान में वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड, करोल बाग शाखा, दिल्ली-110005 के साथ बंधक की जा रही है। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो कृपया इस सूचना की तिथि से 07 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करें। उक्त आपत्ति नीचे दिए गए पते पर पंजीकृत डाक के माध्यम से एवं ई-मेल द्वारा अधोहस्ताक्षरी को भेजी जा सकती है। यदि निर्दिष्ट अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी दावा अमान्य और निष्प्रभावी माना जाएगा।

**[ASHWANI KUMAR] Advocate**
Chamber No. 122,
Tehsil Compound, Ghaziabad, U.P.

**DATE OF BIRTH CHANGE**
I, BARUN YADAV Father of MITHILESH KUMAR residing at VILL-DHORAIYA, PO-DHORAIYA, DIST-BANKA, BIHAR-813224, in my son's service records my date of birth wrongly mentioned as 12/05/1968 instead of my correct date of birth as 01/01/1969 vide affidavit dated 05/12/2025 before Notary Public, Delhi.

**DATE OF BIRTH CHANGE**
I, MEENA DEVI mother of MITHILESH KUMAR residing at VILL-DHORAIYA, PO-DHORAIYA, DIST-BANKA, BIHAR-813224, in my son's service records my date of birth wrongly mentioned as 17/10/1974 instead of my correct date of birth as 01/01/1973 vide affidavit dated 05/12/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I Julina spouse of No. JC812768H Rank Subedar Name Md Amir Hussain R/o Yairipok Ningthounai Mayai Leikai, P.O Yairipok P.S Andro Imphal East District Manipur Pin 795149 have changed my name from Julina to Julina Chielie vide affidavit dated 05 December 2025 before Patiala House Court, New Delhi.

**NAME CHANGE**
It is for general information that, I, VINEET YADAV S/O MAIKU LAL YADAV R/O 41 A1 2nd Floor, Gali No-6 Jwala Nagar, Delhi, Shahdara, Shahdara, Po- Shahdara Distt-North East Delhi-110032 declare that name of my father has been wrongly written as AJAY KUMAR SINGH in my PAN CARD NO- ACPPY8230K and VOTER ID CARD NO-ZSX2207256 that name of my father and my mother has been wrongly written as AJAY KUMAR SINGH and ANITA DEVI in my 10th Class Educational Documents. The actual name of my father and my mother are MAIKU LAL YADAV and CHAMPA DEVI respectively which may be amended accordingly.

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform general public at large that our client, **Mr. Ved Prakash** S/o. Mr. Ashok Kumar who have approached **Aadhar Housing Finance Ltd.** for Home Loan of the Entire Upper Ground Floor (without roof rights), Property Bearing No. RZ-269-C, Gali No. 19, Area Measuring 50 Sq. Yds., i.e. 41.805 Sq. Mtrs., Out of Khasra No. 455, Situated at Tughlakabad Extn., New Delhi-110019.

1.Sale Deed Dated 15.07.2015 executed by **Mr. Kundan Kumar** S/o. Mr. Narender Prasad Singh and **Mrs. Neelam Devi** W/o. Mr. Pappu Mehto in favour of **Mr. Sunil Kumar** S/o. Mr. Ajit Singh in respect of Entire Upper Ground Floor (without roof rights), Property Bearing No. RZ-269-C, Gali No. 19, Area Measuring 50 Sq. Yds., i.e. 41.805 Sq. Mtrs., Out of Khasra No. 455, Situated at Tughlakabad Extn., New Delhi-110019. ( Regd. As Doc No. 6362, Book No. 1, Vol No. 13901, Dated 15.07.2015, Pages 175-184, SRO –V).

It is to mention that the above-mentioned document is lost.
And the said property is going to be mortgaged in **Aadhar Housing Finance Ltd. Office at, Pushp Vihar.** All persons, if any, including bank, financial institutions, or any party/ies having any claim (Objection to Khasra Number), demand, right, interest in respect of or against the said property or any part thereof by way of inheritance, assignment, mortgage, charge, possession, lien or otherwise, are hereby required to make the same known in writing within 7 days with the documentary evidence from the date of publication, falling which the said claim of the person/s, if any will be considered waived and settled.

Ms. Rani Shilpee (Advocate)
Office Add: H. No. T/181, UGF, Shukar Bazaar, Uttam Nagar, New Delhi-110059

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82(2)(ii) Cr.P.C./ 84 BNSS देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजा उर्फ तालिब पुत्र नूर मोहम्मद निवासी मकान नं. बी-54, शालीमार गार्डन, साहिबाबाद, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश** ने एफआईआर सं. **7563/2021, अन्तर्गत धारा 379/411/34 आईपीसी, थाना नन्द नगरी, उत्तर-पूर्व ज़िला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजा उर्फ तालिब** मिल नहीं रहा/रही है, और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजा उर्फ तालिब** फरार हो गया/गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर सं. **7563/2021, अन्तर्गत धारा 379/411/34 आईपीसी, थाना नन्द नगरी, उत्तर-पूर्व ज़िला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राजा उर्फ तालिब** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.01.2026** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**श्री दीपाक्षी राना**
न्यायिक न्यायधीश-प्रथम श्रेणी-03
शाहदरा, कोर्ट नं. 19
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

**DP/16414/NE/2025**
**(Court Matter)**

**NANI RESORTS & FLORICULTURE PVT. LTD.**
**Corp. Off.: ROF Group, Building No. 80, First Floor, Sector-44, Gurgaon-122003, Ph. 0124-4399399**

Notice is hereby given to the Public at large that the following booking of residential apartments in the Affordable Housing Project **"ROF AALAYAS-II"** being developed by **M/s Nani Resorts and Floriculture Pvt. Ltd.** situated at Sector 102, Gurugram, Haryana vide License No. 82 of 2018 dated: 06.12.2018.

That the below mentioned Units are falling under list of defaulters due to Non-Payment of dues as per the provisions of Affordable Housing Policy, 2013 and are hereby served a final notice to clear their dues within 15 Days of this Publication. If the balance payments against the said units are not received within next 15 days, then the allotment of the below mentioned Units shall stand cancelled as per the provisions of Affordable Housing Policy, 2013

| Application No. | Carpet Area (Sq. Ft.) | Apartment No. |
|---|---|---|
| 675 | 3 BHK, TYPE 18 (645 SQ.FT.) | K-208 |

Therefore, all the person/allottee (s) are hereby called upon to clear all there dues within 15 days to avoid cancellation of the said Units as per the terms of the Haryana Affordable Housing Policy 2013.

In the absence of payment within the stipulated period above, it shall be presumed and/or deemed that the allottee (s) or concern has no such claims/objections by virtue of this notice and, if any, the same have been waived or abandoned without any reference to such claims/objections made thereafter and necessary action will be taken as per the applicable Policy and Law.

For **NANI RESORTS & FLORICULTURE PVT. LTD.**
Place: Gurugram (Haryana) Director



**कौमी पत्रिका**
**संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर**
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300

**E - mail address :**
qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## नवनियुक्त न्यायिक अधिकारियों ने किया वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण

एजेंसी

**जींद।** नव नियुक्त न्यायिक अधिकारी महक, योगेश कौशिक और अनीशा द्वारा गुरुवार को वन स्टॉप सेंटर (सखी केंद्र) का निरीक्षण किया गया। इस दौरान नवनियुक्त न्यायिक अधिकारियों ने सेंटर की कार्यप्रणाली, उपलब्ध सेवाओं तथा महिलाओं को दी जाने वाली त्वरित सहायता की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। वन स्टॉप सेंटर की संचालिका राजवंती ने बताया कि केंद्र वन स्टॉप सेंटर केंद्रीय सरकार द्वारा संचालित और हरियाणा सरकार के तत्वावधान में सभी महिलाओं के लिए एक राहतकारी योजना है। इसमें हिंसा से पीड़ित महिलाएं जैसे बलात्कार, घरेलू हिंसा, महिला तस्करी, बाल शोषण, गुमशुदा महिला, बाल विवाह, दहेज उत्पीड़न, एसिड अटैक और साइबर क्राइम मामलों में प्रभावित महिलाओं को रखा जाता है। यहां उन्हें चिकित्सा सुविधा, कानूनी परामर्श, मनोवैज्ञानिक परामर्श, भोजन तथा पांच दिनों तक अस्थायी आश्रय सहित सभी आवश्यक सेवाएं प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि वन स्टॉप सेंटर में उपलब्ध एकीकृत सेवाएं महिलाओं की समस्याओं के त्वरित समाधान को सुनिश्चित करती है। सेंटर में अब तक कुल 1696 शिकायतें दर्ज हुई हैं। जिनमें से 724 महिलाओं ने रात्रि आश्रय के लिए पंजीकरण करवाया है। किसी भी प्रकार की हिंसा या उत्पीड़न की स्थिति में कोई भी महिला हेल्पलाइन 181 पर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकती है।

## निजी सचिव पर लगाए गए आरोपों की जांच के लिए सीएम को पत्र लिखा : डा. कृष्ण मिड्ढा

**जींद।** हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि उनके निजी सचिव मोहित शर्मा पर शहर के एक व्यक्ति भारत भूषण शर्मा द्वारा आय से अधिक संपत्ति जुटाने के आरोप लगाए हैं, इसे लेकर उन्होंने सीएम को पत्र लिखा है। इस पत्र में पूरे मामले की जांच करवाने की मांग की है। डिप्टी स्पीकर अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पत्र में उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा है कि इस मामले की जांच में वे सहयोग करेंगे और जिस दिन से मामले की जांच आरंभ होगी, उस दिन से वे अपने निजी सचिव को छुट्टी पर भेज देंगे। वह खुद चाहते है कि इस मामले में दूध का दूध और पानी का पानी हो। उन्होंने कहा कि यदि मामले में शिकायत झूठी पाई जाती है तो शिकायतकर्ता के खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए। इस मामले में जांच अधिकारी लगाए जाने की चर्चा पर डिप्टी स्पीकर ने कहा कि इस मामले के अभी कोई जांच या जांच अधिकारी नियुक्त नहीं हुआ है। यह जानकारी एक सोशल मीडिया पर डाली गई है, जो कि झूठ है। उन्होंने अपील की है कि कोई भी यूटूबर बिना जानकारी कोई ऐसी पोस्ट ना डाले अन्यथा उसे कानूनी कार्यवाही का सामना करना पड़ेगा। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में हरियाणा को अलग विधानसभा बनाने की मंजूरी ना देने के प्रश्न पर कहा कि केंद्र सरकार की ओर से चंडीगढ़ में हरियाणा की नई विधानसभा बनने के प्रस्ताव को खारिज करने के बारे में अभी तक कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। यदि ऐसा कोई पत्र प्राप्त होता है।

## होमियोपैथी केंद्र में चोरी, पुलिस से गश्त बढाने की मांग

**सोनीपत।** सोनीपत रेलवे रोड स्थित दीवान होमियोपैथी केंद्र में बुधवार रात चोरों ने शटर तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर नगद राशि के साथ तीन एल ई डी टीवी ले गए। वारदात से पहले उन्होंने पहचान छिपाने के लिए सीसीटीवी की तार काट दी। यह घटना पुलिस थाना नजदीक होने के बावजूद हुई, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठे हैं। सूचना मिलने पर नगर निगम मेयर राजीव जैन मौके पर पहुंचे और केंद्र के संचालक चिकित्सक अनिल दीवान से पूरी जानकारी ली। उन्होंने सिविल लाइन पुलिस को फोन कर मौके पर बुलाया और तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चिकित्सक दीवान के अनुसार, चोर आधी रात को दुकान में घुसे और कुछ ही मिनटों में सामान उतारकर फरार हो गए। आसपास गश्त की कमी होने के कारण चोरों के हौसले बढ़ते नजर आ रहे हैं। मेयर ने बताया कि ठंड बढ़ते ही चोरी की घटनाएं तेज हो गई हैं। तीन दिन पहले सुभाष चौक स्थित एक भोजनालय में भी चोरी हुई थी। उन्होंने पुलिस से गश्त बढ़ाने तथा व्यापारियों से मार्किट में चौकीदारों की व्यवस्था करने की अपील की, ताकि ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके।

## दिल्ली में जुटेंगे एससी-एसटी और ओबीसी के दिग्गज : लाल बहादुर खोवाल

**हिसार।** ऑल इंडिया बैकवर्ड क्लासेस फेडरेशन (आईआईबीसीएफ) की ओर से सात दिसंबर को राजधानी दिल्ली के राजा राममोहन रॉय हॉल में 'नेशनल सोशल जस्टिस समिट' का आयोजन किया जाएगा। इस महासम्मेलन में देश की करीब 87 फीसदी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाले एससी-एसटी और ओबीसी समुदायों के प्रमुख नेता और संगठन एक मंच पर आएंगे। फेडरेशन के राष्ट्रीय कानूनी सलाहकार एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने बताया कि यह समिट संस्था के संस्थापक अध्यक्ष और आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस वी. ईश्वरैया की अगुवाई में होगी। उन्होंने कहा कि देश में सामाजिक न्याय पर बढ़ते हमलों को देखते हुए संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए एक साझा और निर्णायक रणनीति तैयार करना इस बैठक का मुख्य उद्देश्य है। ये रहेंगे समिट के प्रमुख मुद्दे सम्मेलन में मुख्य रूप से 2026 में प्रस्तावित जाति जनगणना में हर जाति की सही गिनती सुनिश्चित करने, निजी क्षेत्र में आरक्षण लागू करने और 'सवर्ण वर्चस्व' को समाप्त कर विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका में आबादी के अनुसार हिस्सेदारी की मांग उठाई जाएगी।

# महिला आयोग की अध्यक्ष ने विवि के तीन प्रोफेसरों के खिलाफ एफआईआर के दिए निर्देश

ज्योति दर्पण

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की छात्राओं द्वारा यहां कार्यरत तीन प्रोफेसरों पर लगाए गए गंभीर आरोपों को लेकर गुरूवार शाम महिला आयोग की अध्यक्ष रेणू भाटिया पहुंची। उनके साथ एसपी कुलदीप सिंह व अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। अध्यक्ष रेणू भाटिया ने वीसी प्रो. रामपाल सैनी व रजिस्ट्रार से छात्राओं से यौन शोषण के कथित आरोपों को लेकर बातचीत की। वीसी ने आगामी 24 घंटे में तीनों प्रोफेसर के खिलाफ मामला दर्ज करवाने की बात कही है।

अध्यक्ष रेणू भाटिया ने कहा कि 24 घंटे में मामला दर्ज होना चाहिए था। पर ऐसा नही हुआ है। वो इसका जवाब कल एसपी से और वीसी साहब से मांगेंगी। प्रोफेसर के द्वारा ऐसा चैट लिखना बहुत ही शर्मनाक घटना है। हालांकि तीनों को सस्पेंड कर दिया गया है लेकिन हमें एक ऐसा उदाहरण पेश करना चाहिए कि फिर



से ऐसी घटनाएं न हों। अध्यक्ष रेणू भाटिया ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उन्हें अफसोस है कि एक प्रोफेसर स्तर का व्यक्ति वो इस तरह की भाषा का प्रयोग करता है। जो चैट निकल कर आई है वो गलत है। यह सभ्यता के नाम पर धब्बा है। वो उम्मीद करती हैं कि वीसी तथा रजिस्ट्रार ने जो एक्शन की बात कही है वो ठीक है। वो उन प्रोफेसर के खिलाफ जांच करवा रहे हैं। अध्यक्ष रेणू भाटिया ने कहा कि तीनों प्रोफेसर को सस्पेंड कर दिया है। अगर ऐसे प्रोफेसर सस्पेंड होते हैं तो वो यह मानसिकता दूसरे विश्वविद्यालयों में ले जाएंगे। ऐसे प्रोफेसर के खिलाफ मामला दर्ज होना चाहिए। शिकायत में लिखा गया है कि इन शिक्षकों ने कक्षा के दौरान और कक्षा के बाहर अशोभनीय व अश्लील टिप्पणियां की। छात्राओं से बार-बार अनुचित व्यक्तिगत प्रश्न पूछे गए। एक छात्रा से आपत्तिजनक बातें कही गई। कई छात्राओं के पहनावे, शरीर और दिखावे पर व्यक्तिगत सैक्सुअल कमेंट किए गए। आंतरिक अंक और उपस्थिति को हथियार बना कर अनुचित दबाव बनाया गया। मना करने पर इनमें से एक शिक्षक ने कार्रवाई की धमकी दी। वहीं दूसरे शिक्षक पर आरोप लगाए गए हैं कि वे छात्राओं के पास रात को 11 बजे वहाट्सअप वीडियो काल करते हैं और न्यूड फोटो भेजते हैं। वहीं इन दोनों में से एक शिक्षक और तीसरे शिक्षक पर एससी, बीसी और ओबीसी समुदाय को लेकर अपमानजनक टिप्पणियां करने के आरोप लगाए गए हैं।

## हरियाणा सिविल सचिवालय कर्मियों को कराया गया योग ब्रेक

### मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योग करना जरूरी

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सिविल सचिवालय चंडीगढ़ में हरियाणा योग आयोग ने कर्मचारियों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए संचालित योग केंद्र एक वर्ष पूर्व शुरू किया था। इस केंद्र के योग शिक्षकों द्वारा सचिवालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मानसिक तनाव से निकालने और स्वास्थ्य के प्रति सजग करने के उदेश्य से प्रति दिन किसी न किसी शाखा में योग की क्रियाएं करवाई जा रही है।हरियाणा सिविल सचिवालय में प्रतिदिन 5 मिनट के लिए योग ब्रेक (वाई ब्रेक) करवाया जाता है, जिसमें कर्मचारियों के तनाव को कम करने के साथ-साथ शारीरिक व मानसिक योग क्रियाएं करवाई जाती है। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय की अनुशंसा पर शुरू की गई इस पहल से कर्मचारियों की कार्यक्षमता बढ़ाने और तनाव कम होने और शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य में सुधार लाना है। हरियाणा योग आयोग द्वारा इस केंद्र के माध्यम से सचिवालय के लगभग शाखों में योग क्रियाएं करवाई जा चुकी है और यह प्रतिदिन जारी है। योग शिक्षकों द्वारा सचिवालय स्थित डॉ भीम राव अम्बेडकर कांफ्रेंस हाल, योग केंद्र पर प्रतिदिन सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक योग की विशेष कक्षाएं लगाई जाती है। आज योग डेमोंस्ट्रेटर रमेश भाटी ने सचिवालय स्थित सूचना, जनसम्पर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की प्रेस शाखा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योग करवाया और बताया कि कैसे हम अपने व्यस्त समय में से योग के लिए 5 मिनट का समय निकाल सकते है। जिससे बढ़ रहे तनाव को कम करके कार्य क्षमता को अधिक बढ़ाया जा सकता है।

## शिक्षा विभाग में अब लगेगी आधार आधारित फेस रिकॉग्निशन हाजिरी

एजेंसी

**चंडीगढ़।** शिक्षा विभाग ने कर्मचारियों की फरलो और गैर-हाजिरी को रोकने के लिए बड़ा कदम उठाते हुए आधार आधारित फेस रिकॉग्निशन हाजिरी लगाने का फैसला लिया है। शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विनीत गर्ग ने गुरुवार को फेस रिकॉग्निशन हाजिरी लगाने के निर्देश जारी किए हैं।शिक्षा विभाग ने कार्यालयों में कर्मचारियों की उपस्थिति को लेकर हाजिरी प्रणाली सिस्टम में बड़ा बदलाव किया है। सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक अधिकारी और कर्मचारी अपने कार्यालय में बैठकर ही दैनिक कार्य को निपटाएं, इसको लेकर हाजिरी प्रणाली सिस्टम को अपग्रेड किया गया है।अतिरिक्त मुख्य सचिव की ओर से जारी आदेशों में स्पष्ट किया गया है कि स्कूल शिक्षा विभाग के सभी अधिकारी और कर्मचारी फेस रिकॉग्निशन प्रणाली के तहत हाजिरी लगाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्देशों की उल्लंघना किसी भी सूरत बर्दाश्त नहीं की जाएगी।आदेशों के मुताबिक एईबीएएस टीम ने द्वारा फेस रिकॉग्निशन के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने के लिए विशेष सॉफ़्टवेयर तैयार किया है, जो आधार के आरडी ऑर्थेटिकेशन सिस्टम से पूरी तरह इंटीग्रेटेड है। इस नई प्रणाली से कर्मचारियों की उपस्थिति अधिक पारदर्शी, सटीक और रियल-टाइम डेटा पर आधारित होगी। इसके लिए दिशा-निर्देश हरियाणा अटेंडेंस पोर्टल पर उपलब्ध करवाए गए हैं। विभाग का यह फैसला हाजिरी सिस्टम को डिजिटल और पारदर्शिता में बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की ओर से प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारी, मौलिक शिक्षा अधिकारी, एससीईआरटी गुरुग्राम, विभिन्न शाखाओं और आईटी सेल को निर्देश दिए हैं कि जिला मुख्यालय में पर अपग्रेड हाजिरी सिस्टम को लागू किया जाए।विभाग की ओर से स्पष्ट किया गया है कि नई प्रणाली से हाजिरी में होने वाली गड़बड़ियों पर रोक लगेगी। साथ ही, विभागीय कार्यप्रणाली बेहतर और कर्मचारियों की उपस्थिति शत-प्रतिशत होगी। इसके साथ ही बायोमेट्रिक मशीन में बार-बार अंगूठा लगाने के कारण आने वाली तकनीकी खराबी से भी छुटकारा मिलेगा।

## ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन : तीन दिन में 1500 से ज्यादा ठिकानों पर रेड, 300 गिरफ्तारी

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस द्वारा अपराधियों के नेटवर्क को तोड़ने के लिए चलाया जा रहा 'ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन' कारगर साबित हो रहा है। महज 72 घंटे के विशेष अभियान में पुलिस ने कुल 1512 संवेदनशील स्थानों पर कॉम्बिंग की, जिसमें तीसरे दिन 647 हॉटस्पॉट्स पर दबिश दी गई। पूरे अभियान में 188 नए आपराधिक मामले दर्ज हुए और 330 आरोपित गिरफ्तार कर जेल भेजे गए। पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह ने बतायाकि पुलिस ने अपराधियों की आर्थिक जड़ों पर प्रहार करते हुए अब तक 4.50 लाख रुपये से अधिक की नकदी जब्त की। तीसरे दिन की कार्रवाई में तीन देसी कट्टे, एक पिस्टल और पूरी अभियान अवधि में 4 पिस्टल और 5 जिंदा कारतूस बरामद किए गए, जिससे कई संभावित वारदातों को टाला गया। तीन दिनों में की गई संयुक्त बरामदगी पुलिस के बढ़ते दबाव को स्पष्ट दिखाती है। अभियान के दौरान कुल 505.4 ग्राम हेरोइन, 2.7 किलो अफीम, 15.5 किलो चूरा पोस्त और 774 ग्राम चरस बरामद की गई। साथ ही 2400 से अधिक देसी-अंग्रेजी शराब की बोतलें और 1240 लीटर लाहन जब्त हुई। यह आंकड़े बताते हैं कि हरियाणा पुलिस नशा तस्करी के इकोसिस्टम को जड़ से समाप्त करने के लिए पूरी ताकत लगा रही है। कॉम्बिंग ऑपरेशन में जीआरपी ने सर्वाधिक 111 स्थान, सिरसा ने 108, और जींद ने 105 हॉटस्पॉट्स खंगाले। गिरफ्तारियों में भिवानी जिला 60 आरोपियों के साथ शीर्ष पर रहा। नूंह पुलिस ने गौ-तस्करी और साइबर अपराध पर प्रहार करते हुए 7 सिम, 9 मोबाइल और 70 किलो बीफ बरामद किया। अभियान के दौरान 6 अवैध संपत्तियां अटैच, 4 अवैध अतिक्रमण ध्वस्त किए गए। अपराधियों पर दबाव बढ़ाने के लिए 6 लुक-आउट सर्कुलर जारी किए गए और 11 अपराधियों के पासपोर्ट रद्द करने के प्रस्ताव भेजे गए। अन्य राज्यों के साथ 98 इंटेलीजेंस रिपोर्ट साझा की गई। तीन दिनों में 68 फरार हिंसक अपराधी पकड़े गए। आर्म्स एक्ट के तहत 21 मामले दर्ज कर 28 आरोपी गिरफ़्तार किए गए। इस दौरान पुलिस ने 566 जरूरतमंद लोगों की सहायता की, जिससे 'ऑपरेशन हॉटस्पॉट' न केवल अपराधियों पर शिकंजा बल्कि जनसेवा का मजबूत माध्यम भी बनकर उभरा है।

# हरियाणा में एक लाख 80 हजार युवाओं को दिया है रोजगारः कृष्ण लाल पंवार

ज्योति दर्पण

**पानीपत।** पानीपत में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत हरियाणा रोजगार मिशन द्वारा स्थानीय आर्य महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित विशाल रोजगार मेला आयोजित किया गया। इसमें प्रदेश के पंचायत एवं खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे।उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार ने एक लाख 80 हजार युवाओं को बिना पर्ची और बिना खर्च रोजगार उपलब्ध कराकर एक नया इतिहास रचा है। मंत्री ने कहा कि प्रदेश में रोजगार मेले सिर्फ नौकरी का माध्यम नहीं, बल्कि कौशल, अवसर और विश्वास का संगम बन चुके हैं, जहां युवाओं को एक मंच पर प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और रोजगार तीनों मिल रहे हैं। कैबिनेट मंत्री पंवार ने बताया कि राज्य सरकार वर्ष 2014 से अब तक 51 हजार से अधिक युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दे चुकी है, जबकि रोजगार मेलों के माध्यम से लाखों युवाओं को निजी क्षेत्र में बेहतर अवसर उपलब्ध करवाए गए हैं। हर



जिले में रोजगार मेले आयोजित किए जाएंगे। मंत्री ने कहा कि सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि हर युवा सक्षम हो, आत्मनिर्भर बने और अपनी प्रतिभा के आधार पर आगे बढ़े। मंत्री ने कहा कि हरियाणा में 28 हजार से ज्यादा लखपति दीदी तैयार हो चुकी हैं, जो महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का प्रमाण है। यह लक्ष्य इस वर्ष 50 प्रतिशत तक हासिल किया जा चुका है, जो ग्रामीण महिलाओं में बढ़ती आत्मनिर्भरता और सरकारी योजनाओं की सफलता का संकेत है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 60878 स्वयं सहायता समूह गठित किए जा चुके हैं। मिशन अब सात हजार सात सौ छह गांवों में से 6504 गांवों तक पहुंच चुका है, जबकि 6393 गांव पंचायतों में से पांच हजार नौ सौ 31 पंचायतें इस कार्यक्रम का सक्रिय हिस्सा बन चुकी हैं। यह अभियान युवाओं और महिलाओं की आजीविका को स्थायी बनाने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है।

इस अवसर पर विभिन्न कंपनियों द्वारा चयनित युवाओं को मंत्री द्वारा जॉइनिंग लेटर भी प्रदान किए गए। मंत्री ने कहा कि सरकार युवाओं के सपनों को समझती है और उन्हें साकार करने के लिए रोजगार, कौशल और स्वावलंबन तीनों स्तरों पर व्यापक कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा को हरियाणा सरकार का उद्देश्य केवल नौकरी देना नहीं, बल्कि ऐसा वातावरण तैयार करना है जहां युवा स्वयं को सक्षम, समर्थ और भविष्य के लिए तैयार महसूस करें।

## एमडीयू में डिस्टेंस कोर्स बंद करना शिक्षा विरोधी फैसला : नरेंद्र सिंह

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक में आनलाइन एवं ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग कोर्सों को यूजीसी द्वारा बंद किए जाने के फैसले की निंदा करते हुए इसे शिक्षा विरोधी करार दिया। साथ ही, उन्होंने इसे भाजपा सरकार की शिक्षा विरोधी और छात्रों के भविष्य के साथ के खिलवाड़ करने वाला बताया। राव ने कहा कि विश्वविद्यालय की नैक मान्यता 27 मार्च 2024 को ही समाप्त हो चुकी थी, इसके बावजूद एमडीयू प्रशासन ने छात्रों से 2025-26 सत्र के लिए प्रवेश शुल्क वसूलने हेतु झूठी और भ्रामक जानकारी प्रस्तुत की। इस कुप्रबंधन के कारण 6,500 से अधिक छात्र-छात्राओं का भविष्य गहरी अनिश्चितता में धकेल दिया गया है।उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद की मान्यता समाप्त हो चुकी है, लेकिन आज तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर दर्शायी जा रही है, जो नियमों का गंभीर उल्लंघन है। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद ने 17 नवंबर को एमडीयू प्रशासन को कड़ी चेतावनी जारी की, परंतु कोई सुधारात्मक कदम नहीं उठाया गया। इसके बाद विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने 18 नवंबर को सभी ऑनलाइन एवं ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग कोर्स तुरंत बंद करने का आदेश जारी कर दिया। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि तत्काल प्रभावित सभी छात्रों की पूरी फीस तुरंत वापस की जाए। इस घोर लापरवाही के लिए जिम्मेदार कुलपति एवं दूरस्थ शिक्षा निदेशालय के अधिकारियों के खिलाफ फौजदारी मुकदमा दर्ज किया जाए।

## सकारात्मक रिपोर्टिंग एवं सामूहिक प्रयास से समाज में बदलाव संभवः उपायुक्त शांतनु शर्मा

एजेंसी

**सिरसा।** सिरसा के उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि मीडिया की सकारात्मक भूमिका एवं किसानों और औद्योगिक संस्थानों के योगदान से अबकी बार पराली जलाने की घटनाओं में पिछले वर्ष के मुकाबले काफी कमी आई है। विभाग और किसानों के बीच में बेहतर सामंजस्य स्थापित हुआ है। प्रशासन द्वारा विभिन्न मुहिम चलाकर पर्यावरण से संबंधित लोगों को जागरूक किया गया। सभी के सामूहिक प्रयासों से जिला में पराली जलाने की घटना में कमी आई है और फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर कृषि विभाग द्वारा किसानों को जागरूक किया गया है। उपायुक्त शांतनु शर्मा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रैस इंफोरमेशन ब्यूरो, चंडीगढ़ द्वारा सिरसा में मीडिया कार्यशाला 'वार्ता' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नशे के प्रति जनता में जागरूकता लाने में मीडिया महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है। उन्होंने कहा कि आजकल नशा सभी के लिए एक चिंता का विषय है, इसके समाधान के लिए प्रशासन के साथ-साथ लोगों को भी अपनी सहभागिता निभाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इसकी रोकथाम के लिए जिला प्रशासन द्वारा दवाइयों की दुकानों पर समय-समय पर चेकिंग की जाती है और कड़ी कार्रवाई की जा रही है। सिरसा पुलिस



अधीक्षक दीपक सहारण ने कहा कि मीडिया को संवेदनशीलता अपनाते हुए सही तथ्यों पर आधारित समाचारों को प्रस्तुत किया जाना चाहिए। मीडिया सकारात्मक समाचारों को भी प्राथमिकता से प्रदर्शित करें। यदि लोगों में यह बात प्रभावी ढंग से पहुंचाई जाए कि नशा से निजात पाई जा सकती है, जिससे नशे से ग्रस्त लोगों को मुख्यधारा में आने में सहायता मिलेगी। नशा पीड़ितों को नशा मुक्ति केंद्रों में जाने के लिए प्रेरित किया जा सकता है। डबवाली की पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में नशा केवल एक अपराध नहीं है, बल्कि यह एक गहरी सामाजिक साजिश है जो परिवारों को तोड़ती और युवाओं के भविष्य को बर्बाद कर देती है। पीआईबी चंडीगढ़ के मीडिया एवं संचार अधिकारी अहमद खान ने वार्ता के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वार्ता जन कल्याण योजनाओं को मीडिया के माध्यम से लोगों तक पहुंचाने का सार्थक प्रयास है।

## चीनी मिलों को आधुनिक तकनीक से हाइटेक बनाएंगेः डा. अरविंद शर्मा

एजेंसी

**सोनीपत।** हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने सोनीपत सहकारी चीनी मिल के 50वें पेराई सत्र का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि चीनी मिलों को आधुनिक तकनीक से हाइटेक बनाएंगे। पुराने गन्ना किसानों को दोबारा मिलों से जोड़ने के प्रयासों का परिणाम है कि प्रदेश की चीनी मिलों में इस वर्ष 36 लाख क्विंटल गन्ने की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सोनीपत क्षेत्र में भी गन्ना उत्पादन में 5 से 7 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है।

सहकारिता मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार चीनी मिलों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए चीनी के साथ-साथ एथनोल, गुड़ और परिष्कृत चीनी जैसे अन्य उत्पादों के निर्माण को बढ़ावा दे रही है। एथनोल की पेट्रोल में मिलावट होने के कारण इसकी मांग अधिक है और केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में इसके मूल्य भी बढ़ाए गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी चीनी मिलों को आधुनिक तकनीक से हाइटेक बनाने की दिशा में भी कार्य जारी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में इस वर्ष अगेती किस्म के गन्ने का भाव 415 रुपये प्रति क्विंटल और पछेती किस्म का 408 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, जो देश में सर्वाधिक है। पिछली पेराई में किसानों को कुल 1211 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया, जिनमें से 103 करोड़ रुपये सोनीपत मिल से संबंधित किसानों को मिले। ऑनलाइन टोकन व्यवस्था लागू होने से किसानों की मिल पहुंचने में लगने वाला समय 10 से 12 घंटे कम हुआ है। कटाई तथा श्रम संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु सब्सिडी पर हार्वेस्टिंग मशीनें उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी चल रही है। मंत्री ने किसानों को आश्वस्त किया कि उनका गन्ना पूरी तरह खरीदा जाएगा और किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मिल तक आने वाले सभी रास्तों की जाँच कर आवश्यक मरम्मत तुरंत कराई जाए। हरियाणा राज्य सहकारी चीनी मिल प्रसंघ के प्रबंध निदेशक कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि मिल में किसानों के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। किसानों व मजदूरों के लिए अटल कैंटिन की व्यवस्था की गई है, जहाँ मात्र दस रुपये में भोजन दिया जा रहा है।

## सीनियर स्टेट रेसलिंग चैंपियनशिप में इंटरनेशनल खिलाड़ी निर्मल बूरा को खेलने से रोका

एजेंसी

**हिसार।** जिले के हांसी उपमंडल के उमरा गांव में चल रही रही दो दिवसीय हरियाणा सीनियर स्टेट रेसलिंग चैंपियनशिप 2025 में हरियाणा पुलिस में इंस्पेक्टर और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निर्मल बूरा को प्रतियोगिता में हिस्सा लेने से रोकने को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद मामला फेडरेशन तक पहुंचा लेकिन फिर भी निर्मल बूरा प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकी। निर्मल बूरा ने बताया कि उन्हें 30 नवंबर को आयोजक संगठन की ओर से प्रतियोगिता में शामिल होने का निमंत्रण पत्र मिला था। जब वह खेलने पहुंचीं तो आयोजकों ने उन्हें यह कहते हुए मुकाबले में उतरने से मना कर दिया कि उन्होंने जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग नहीं लिया है। इसलिए, वह सीधे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खेलने की पात्र नहीं हैं। निर्मल बूरा के अनुसार हरियाणा पुलिस की टीम पारंपरिक रूप से राष्ट्रीय स्तर पर सीधे भाग लेती है। उन्होंने कुश्ती फेडरेशन से भी इस संबंध में बात की थी, जहां से खेलने पर कोई आपत्ति नहीं जताई गई थी। उन्होंने इसे महीनों की मेहनत और निमंत्रण पत्र मिलने के बाद अंतिम समय पर खेलने से रोकने को



नाइंसाफी बताया। उन्होंने कहा कि वह इस मामले को फेडरेशन और कोर्ट, दोनों जगह उठाएंगी। भविष्य की प्रतियोगिताओं में स्वागत : महासचिव हरियाणा ओलिंपिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष और रेसलिंग हरियाणा संगठन के महासचिव राकेश सिंह ने कहा कि फेडरेशन की नीति के अनुसार, राष्ट्रीय स्तर पर केवल वही खिलाड़ी भेजे जाते हैं जो जिला स्तर पर खेलकर अपनी योग्यता साबित करते हैं। राकेश ने तर्क दिया कि एक खिलाड़ी जिसने पांच मुकाबले जीतकर क्वालीफाई किया हो और एक खिलाड़ी को बिना जिला स्तर पर खेले सीधे स्टेट या नेशनल खेलना अलाऊ कर दिया जाए तो यह अन्य खिलाड़ियों के साथ अन्याय होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसी कारण निर्मल बूरा को खेलने की अनुमति नहीं दी गई। राकेश सिंह ने स्वीकार किया कि निर्मल एक बेहतरीन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं और भविष्य की प्रतियोगिताओं में उनका स्वागत रहेगा।

**Public Notice**

It is for General Information that I Mona Arora Sahgal Alias Mona Sahgal D/o Tirath Ram Arora Ex-W/o Rahul Sahgal R/o 210 A, Aralias Appartment, DLF Phase 5, Tower 2 DLF Golf Links, Gurgaon, PO: Galleria DLF -IV, DIST: Gurgaon Haryana - 122009, declare that I got Divorce from my husband vide court decree no. HMA No. 765/12, dated-26-9-2012. Further I have changed my name and shall hereafter be known as Mona Arora

# हरियाणा सरकार ने शुरू की बजट की तैयारी, वित्त मंत्री बजट घोषणाओं और बजट खर्च की करेंगे समीक्षा

एजेंसी

**चंडीगढ़।** नायब सरकार ने वर्ष 2026-27 के बजट की तैयारियां शुरू कर दी हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी, बतौर वित्त मंत्री दिसंबर माह में वर्ष 2025-26 की बजट घोषणाओं और बजट खर्च की समीक्षा करेंगे। वित्त विभाग की ओर से बैठक की तैयारियां शुरू कर दी हैं। यही नहीं, विभाग की ओर से सभी प्रशासनिक सचिवों और विभागाध्यक्षों से वर्ष 2025-26 के बजट खर्च की रिपोर्ट तलब की है। वित्त विभाग की ओर से सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों और राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से वर्ष 2026-27 का बजट अनुमान मांगा है। बाकायदा, विभाग की ओर से बजट अनुमान का प्रोफार्मा जारी किया गया है, जिसमें राजस्व एवं पूंजी व्यय (रिवेन्यू तथा कैपिटल), केंद्र प्रायोजित योजनाएं (जिनमें राज्य की हिस्सेदारी है) और भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित योजनाओं का उल्लेख करना होगा। वित्त विभाग की ओर से विभागों को स्पष्ट हिदायत दी गई है कि बजट अनुमान सटीक होना चाहिए। जिस भी योजना के लिए बजट का प्रपोजल तैयार किया जाए, उसकी अनुमानित राशि का आकलन सही होना चाहिए ताकि बजट आवंटन में किसी तरह की वित्तीय परेशानी का सामना न करना पड़े।वित्त विभाग की ओर से प्रशासनिक सचिवों और विभागाध्यों से पिछले तीन वित्तीय वर्ष के बजट का ब्योरा मांगा है। विभाग की ओर से जारी किए गए प्रोफार्मा में खर्च का उल्लेख करना होगा। वर्ष 2023-24 के वित्त वर्ष में बजट अनुमान, वास्तविक खर्च और योजना का का जिक्र करना होगा। इसके साथ ही वर्ष 2024-25 और 2025-26 के वित्तीय वर्ष का भी पूरा ब्योरा प्रोफार्मा के अनुसार विभाग को तैयार करना होगा। इसके साथ ही 30 नवंबर 2025 तक खर्च की राशि और 31 मार्च 2026 तक खर्च होने वाली अनुमानित राशि का भी ब्योरा विभाग की ओर से रिपोर्ट में देना होगा। वित्त विभाग की ओर से स्पष्ट किया गया है कि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली बैठक, जिन पर वित्त मंत्री का भी प्रभार है, वित्त मंत्री द्वारा पिछले तीन वित्तीय वर्ष में बजट घोषणाओं की वास्तविकता की समीक्षा की जाएगी।

## प्रिमियम प्लास्ट का राजस्व 67 प्रतिशत उछला, मुनाफा 51 प्रतिशत छलांग

**मुंबई, एजेंसी।** प्रीमियम प्लास्ट लिमिटेड , उच्च गुणवत्ता वाले प्रिसिजन प्लास्टिक कंपोनेंट्स की विश्वसनीय निर्माता और विविध उद्योगों की भरोसेमंद सहयोगी, ने एच1 एफवाय26 के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है।प्रीमियम प्लास्ट लिमिटेड के प्रोमोटर एवं प्रबंध निदेशक श्री चेतन दवे ने कहा, हमने एच1 एफवाय26 में सशक्त प्रदर्शन दर्ज किया है, जहाँ कुल आय, ईबीआईटीडीए और शुद्ध लाभ–तीनों में वर्ष-दर-वर्ष उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह सफलता हमारे प्रमुख क्षेत्रों में स्थिर मांग, बेहतर परिचालन दक्षताओं और उच्च-प्रिसिजन, वैल्यू-ऐडेड कंपोनेंट्स पर लगातार ध्यान का परिणाम है। वर्ष के दौरान हम अपनी क्षमताओं को और मजबूत करने तथा ग्राहकों को उत्कृष्ट डिलीवरी देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आगे की राह पर, हम क्षमता विस्तार में निवेश जारी रखेंगे, उच्च-विकास श्रेणियों में अपने उत्पाद पोर्टफोलियो को और व्यापक बनाएंगे और सततता-केन्द्रित प्रथाओं को और मजबूत करेंगे। ये पहलें हमें दीर्घकालिक विकास, बेहतर लागत दक्षता और आने वाले अवसरों का लाभ उठाने के लिए सशक्त आधार प्रदान करेंगी।

## सैटेलाइट डेटा एनालिटिक्स बाजार में पांव पसारने के लिए भारत एनवी पेश किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) के क्षेत्र में अग्रणी एसरी इंडिया ने जियोस्पैटियल इमेज प्रोसेसिंग एवं एनालिसिस सॉफ्टवेयर भारत ईएनवीआई लांच करने की आज घोषणा की। भारत ईएनवीआईकी लांचिंग से इंडो आर्कजीआईएस यूज़र्स को विश्वस्तरीय रिमोट सेंसिंग और एनालिटिक्स क्षमता हासिल होगी जिससे वे बेहतर शासन और आर्थिक वृद्धि के लिए अधिक सूझबूझ के साथ निर्णय कर सकेंगे। ईएनवीआई को सैटेलाइट, ड्रोन, लिडार, एसएआर, मल्टीस्पेक्ट्रल और हाइपरस्पेक्ट्रल सेंसर्स सहित विभिन्न स्रोतों से प्राप्त रिमोट सेंसिंग डेटा से कार्य योग्य अंतर्दृष्टि प्राप्त करने के लिए काफी समय से विश्वभर में एक अग्रणी सॉल्यूशन के तौर पर जाना जाता रहा है। इसे मजबूती के साथ एसरी के आर्कजीआईएस प्लेटफॉर्म के साथ एकीकृत किया गया है और यह जीआईएस यूज़र्स को निर्बाध रूप से पहुंच प्रदान कर विश्वास के साथ महत्वपूर्ण समस्याओं को हल करने के लिए इमेजरी का विश्लेषण करने की सहूलियत देता है। भारतीय जीआईएस उपयोग करने वाले संगठन अब 'इंडो आर्कजीआईएस लिविंग एटलस' में भारतीय कंटेंट और एआई मॉडलों के विशाल भंडार का उपयोग कर भारत ईएनवीआई के साथ इंडो आर्कजीआईएस की ताकत को मिला सकते हैं। सख्ती के साथ एकीकृत यह क्षमता भूमि उपयोग नियोजन, संसाधन प्रबंधन और प्रभावी नीति क्रियान्वयन सहित विभिन्न गतिविधियों के लिए महत्वपूर्ण है।


## नेटफ्लिक्स पर सिंगल पापा के ट्रेलर ने लोगों का दिल जीता!

मुंबई। नेटफ्लिक्स पर सिंगल पापा का ट्रेलर रिलीज़ हुआ है। यह 30 वर्ष के गौरव गहलोत की कहानी है, जिनके लिए एडल्टिंग का मतलब है, अपने मम्मी पापा पर निर्भर रहना। यह कहानी तब तक ऐसे ही चलती रहती है, जब तक वो अपने भारतीय परिवार को यह कहकर चौंका नहीं देते हैं कि वो एक बच्चा गोद ले रहे हैं। इसके बाद शुरू होती है एक उथल-पुथल, एक सवाल कि क्या गौरव पापा बनने की चुनौती का सामना कर पाएगा? क्या वह अपने मजेदार और अजीबोगरीब खानदान के क्लेश औरप्यार से निपट पाएगा? गौरव गहलोत का किरदार निभा रहे, कुणाल खेमू ने कहा, ''गौरव का किरदार निभाना मेरे करियर के सबसे बेहतरीन तजुर्बों में से एक है। यह किरदार बेदाग, मजेदार, और बहुत प्यारा है, बिल्कुल वैसे ही, जैसे कई सिंगल-पैरेंट होते हैं।

# जेएलएल रिपोर्ट के अनुसार इंदौर बन रहा है मध्य भारत का अगला रियल एस्टेट पॉवरहाउस

### 2027 तक होगा परिवर्तनकारी विकास

**इंदौर।** इंदौर तेजी से भारत के सबसे आकर्षक उभरते रियल एस्टेट बाजारों में से एक के रूप में उभर रहा है। आने वाले वर्षों में शहर एक बड़े परिवर्तन के दौर से गुजरेगा, जो सेंट्रल इंडिया के कमर्शियल और इंडस्ट्रियल गेटवे के तौर पर इसकी जगह को और पक्का करेगा। अपनीस्ट्रेटेजिक लोकेशन के फ़ायदों, वर्ल्ड-क्लास एजुकेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट्स की एक बड़ी परियोजनाओं की महत्वाकांक्षी श्रृंखला के साथइंदौर सभी रियल एस्टेट एसेट क्लास में लगातार ग्रोथ की एक दिलचस्प कहानी पेश करता है।यह




निष्कर्ष जेएलएल की रिपोर्ट बियॉन्ड द मेट्रोज़- इनसाइट्स इनटू इंडियाज़ इमर्जिंग रियल एस्टेट स्टार्समें सामने आया है। शहर की आर्थिक बुनियाद एक बहुत ही अलग-अलग तरह के इंडस्ट्रियल बेस पर टिकी है, जो इसे सिंगल-सेक्टर पर निर्भर मार्केट से अलग बनाती है।पास के पीथमपुर में मौजूद मज़बूत ऑटोमोबाइल सेक्टर में लगातार बड़े मैन्युफैक्चरिंग इन्वेस्टमेंट आ रहे हैं,, जबकि टेक्सटाइल और मेटल इंडस्ट्री क्षेत्रीय रोजगार बढाने और आर्थिक स्थिरता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। एक खुद को मज़बूत करने वाला साइकिल बनाया है, जो इंदौर को भारत के टियर-2 शहरों में खास बनाता है। जेएलएल की सीनियर मैनेजिंग डायरेक्टर- ईस्ट एंड एमर्जिंग मार्केट्सइंडिया, सुरेखा बिहानी ने कहा, इंदौर स्ट्रेटेजिक लोकेशन, मज़बूत इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और इकोनॉमिक डाइवर्सिफिकेशन का एकदम सही मेल है, जो भारत की अगली पीढ़ी के कमर्शियल रियल एस्टेट डेस्टिनेशन को बताता है।2027 तक ऑफिस स्पेस स्टॉक 38 प्रतिशत बढ़कर 24.9 मिलियन वर्गफुट तक पहुंचने की उम्मीद है। सुपर कॉरिडोर एक वर्ल्ड-क्लास बिज़नेस डिस्ट्रिक्ट के तौर पर उभर रहा है, हम सेंट्रल इंडिया के प्रीमियर कमर्शियल गेटवे को बनते हुए देख रहे हैं। 35 से 55 रुपये प्रति वर्गफुट के किराये पर ग्रेड-ए ऑफिस स्पेस की उपलब्धता इंदौर को पारंपरिक महानगरों के मुकाबले एक बेहतरीन विकल्प बनाती है।

## ओम लॉजिस्टिक्स सप्लाई चेन ने भरोसेमंद और समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए टाटा मोटर्स के साथ सहयोग किया

**मुंबई, एजेंसी।** तीन दशक से अधिक समय से भारत के सप्लाई चेन और लॉजिस्टिक्स सेक्टर में अग्रणी भूमिका निभा रही ओम लॉजिस्टिक्स सप्लाई चेन ने परिचालन विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। 1991 में स्थापित कंपनी आज बड़े उद्योगों से लेकर छोटे और मझोले व्यवसायों तक को एंड-टू-एंड लॉजिस्टिक्स समाधान प्रदान कर रही है। मजबूत वेयरहाउसिंग सुविधाओं और प्रशिक्षित कार्यबल के साथ कंपनी ने विश्वसनीयता, समयबद्ध सेवाओं और उन्नत परिचालन गुणवत्ता के लिए एक मजबूत पहचान बनाई है। कंपनी ने हाल ही में अपने बेड़े में 30 नए टाटा एलपीटी 1921 ट्रक शामिल किए हैं। 1,000 से अधिक टाटा वाहनों के पहले से परिचालन में होने के साथ, यह विस्तार ओम लॉजिस्टिक्स सप्लाई चेन और भारत की अग्रणी वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स के बीच लंबे समय से चली आ रही साझेदारी को और मजबूत करता है। इन नए वाहनों की शामिल होने से कंपनी देशभर में हाई-वॉल्यूम कंसाइनमेंट्स की क्षमता बढ़ा सकेगी और ग्राहकों को तेज़, निर्बाध और समयबद्ध सेवाएँ प्रदान कर सकेगी। इस साझेदारी पर राघव सिंघल, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, ओम लॉजिस्टिक्स सप्लाई चेन, ने कहा, हमारा उद्देश्य व्यवसायों के लिए लॉजिस्टिक्स को सरल, कुशल और स्केलेबल बनाना है। टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स के साथ हमारी दीर्घकालिक साझेदारी ने हमारी विकास यात्रा को गति दी है। तेजी से बढ़ते डिजिटलाइजेशन और शहरी विस्तार के बीच टाटा एलपीटी 1921 ट्रकों का शामिल होना हमारी क्षमता को और मज़बूत करेगा।

## मल्टी-एसेट एलोकेशन फंड केस स्टडी: मधु लुनावत

**इंदौर।** आज के बदलते और अक्सर बदलते रहते फाइनेंशियल माहौल में इन्वेस्टर ऐसी स्ट्रेटेजी ढूंढ रहे हैं जो ग्रोथ और स्टेबिलिटी दोनों दे सकें। हालांकि ट्रेडिशनल इन्वेस्टमेंट के तरीकों के अपने फायदे हैं लेकिन ज़्यादा मज़बूत और अलग-अलग तरह के तरीके की ज़रूरत पहले कभी इतनी साफ़ नहीं थी। मल्टी-एसेट एलोकेशन फंड एक पावरफुल सॉल्यूशन के तौर पर सामने आए हैं, जो वेल्थ क्रिएशन के लिए एक बैलेंस्ड और डिसिप्लिन्ड तरीका देते हैं। मल्टी-एसेट एलोकेशन फंड को एक अच्छी तरह से बैलेंस्ड क्रिकेट टीम की तरह सोचें। आपको एग्रेसिव बैट्समैन (इक्विटी) चाहिए जो तेज़ी से रन बना सकें और गेम को आगे बढ़ा सकें। स्टेबल मिडिल-ऑर्डर बैट्समैन (डेट) जो विकेट गिरने पर इनिंग्स को संभाल सकें, एक ऑल-राउंडर (गोल्ड) जो कई तरह से योगदान दे सके और एक भरोसेमंद विकेटकीपर (कैश) जो मौकों का फ़ायदा उठा सके। सिर्फ़ एग्रेसिव बैट्समैन वाली टीम तेज़ी से रन बना सकती है लेकिन कोई भी टीम प्रेशर में ढह सकती है। इसी तरह एक पोर्टफोलियो को लंबा गेम जीतने के लिए अलग-अलग ताकत वाले कई तरह के प्लेयर्स की ज़रूरत होती है। ज़्यादातर इन्वेस्टर्स के लिए सबसे बड़ी चुनौती ऑप्शन की कमी नहीं, बल्कि सही एसेट्स का मिक्स चुनने की मुश्किल है। इक्विटी में ग्रोथ की ज़्यादा संभावना होती है, लेकिन उनमें काफी उतार-चढ़ाव होता है। डेट इंस्ट्रूमेंट्स स्टेबिलिटी और रेगुलर इनकम देते हैं, लेकिन वे लिमिटेड कैपिटल ग्रोथ दे सकते हैं। सोना और दूसरी कमोडिटीज़ महंगाई और आर्थिक अनिश्चितता के खिलाफ बचाव का काम करती हैं।

# इंडिया मारुति सुज़ुकी के साथ इलेक्ट्रिक हो रहा है; एक भारत, एक ईवी प्लेटफ़ॉर्म

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड (मारुति सुज़ुकी) ने 13 चार्ज पॉइंट ऑपरेटरों और एग्रीगेटरों के साथ सहयोग समझौतों पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की है। मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, श्री हिसाशी ताकेउचि और सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (मार्केटिंग और सेल्स), श्री पार्थो बनर्जी और सीपीओ के अन्य वरिष्ठ गणमान्य अधिकारी इस अवसर पर मौजूद थे। इस अवसर पर टिप्पणी करते हुए मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ श्री हिसाशी ताकेउचि ने कहा, मारुति सुज़ुकी में, हम अपने ग्राहकों को सुखद ओनरशिप का अनुभव देने का प्रयास करते हैं ताकि कंपनी पर उनका भरोसा लम्बे समय तक बना रहे। आज, हम एक ऐतिहासिक कदम उठा रहे हैं, क्योंकि हम पूरी तैयारी के साथ इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं, ताकि ईवी चार्जिंग से जुड़ी चिंताओं को दूर किया जा सके और ग्राहक विश्वास को बढ़ावा मिले। हमने अपने सेल्स और सर्विस नेटवर्क के माध्यम से 1,100 से अधिक शहरों में फैले 2,000 से अधिक मारुति सुज़ुकी एक्सक्लूसिव चार्जिंग पॉइंट्स का एक मजबूत नेटवर्क स्थापित किया है। इसके अलावा, हमने देशभर में विशाल चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर तक पहुंच उपलब्ध कराने के लिए 13 चार्ज पॉइंट ऑपरेटरों के साथ सहयोग किया है। सुज़ुकी की वैश्विक दृष्टिकोण के अनुरूप, हम कई ईवी पेश करने की योजना बना रहे हैं और इसे समर्थन देने के लिए हमारे डीलर और ष्ट्क्ष्ह पार्टनर्स के साथ हमारा लक्ष्य 2030 तक पूरे भारत में 1 लाख से अधिक चार्जिंग पॉइंट्स का नेटवर्क स्थापित करना है। ईवी इकोसिस्टम को पेश करते हुए मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड के सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (मार्केटिंग और सेल्स) श्री पार्थो बनर्जी ने कहा, आज भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के नए दौर की शुरुआत है। मुझे यह कहते हुए बेहद खुशी हो रही है कि मारुति सुज़ुकी पूरी तरह ईवी के लिए तैयार है और हमारा नया व्यापक प्लेटफॉर्म ईवी चार्जिंग ढांचे से जुड़ी प्रमुख चिंताओं का समाधान करता है। देश के सबसे बड़े डीलर नेटवर्क और हमारे चार्जिंग पार्टनर्स के नेटवर्क का लाभ उठाते हुए, हम भारत के 100 प्रमुख शहरों में हर महत्वपूर्ण स्थान पर औसतन 5-10 किलोमीटर की दूरी पर ईवी चार्जिंग पॉइंट उपलब्ध करा रहे हैं। प्रमुख हाईवे पर भी नियमित अंतराल पर डीसी फास्ट चार्जर लगाए गए हैं, ताकि हमारे भविष्य के ईवी ग्राहकों को पूरे देश में बिना रुकावट सफर की आज़ादी मिल सके। ग्राहकों को और भी अच्छी सुविधा देने के लिए, हमने 1.5 लाख विशेष रूप से प्रशिक्षित ईवी वर्कफोर्स तैनात की है, जो हमारे ग्राहकों की हर आवश्यकता को पूरा करेगी। हमने देश के हर हिस्से में ईवी ओनरशिप के अनुभव को समर्थन देने के लिए आफ्टर-सेल्स आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु 1,100 शहरों में 1,500+ ईवी-रेडी सर्विस वर्कशॉप्स भी सक्रिय कर दी हैं।




## यूनिहेल्थ ने समेकित शुद्ध लाभ में वर्ष-दर-वर्ष 195 प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर्ज की

**मुंबई, एजेंसी।** कंसल्टेंसी लिमिटेड कंसल्टेंसी लिमिटेड एक वैश्विक हेल्थकेयर प्रदाता है जिसकी अफ्रीका में व्यापक संचालन मौजूद है और अब भारत में तेजी से विस्तार कर रहा है – जिसमें अस्पताल, मेडिकल सेंटर, कंसल्टेंसी, फार्मा डिस्ट्रीब्यूशन और मेडिकल ट्रैवल शामिल हैं – ने एच1 एफवाय26 के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम जारी किए हैं। प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, यूनिहेल्थ हॉस्पिटल्स के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक डॉ. अक्षय परमार ने कहा, एच1 एफवाय26 हमारे लिए महत्वपूर्ण प्रगति का समय रहा, क्योंकि हमने भारत और अफ्रीका में अपने पदचिह्नों को और मजबूत किया तथा निर्माणाधीन प्रमुख परियोजनाओं को आगे बढ़ाया। इस अर्ध-वर्ष के दौरान हमारी सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक नवी मुंबई में हमारी पहली यूएमसी हॉस्पिटल सुविधा का पूरा होना रहा – एक 52-बेड वाला मल्टी-स्पेशियलिटी तृतीयक देखभाल अस्पताल, जिसमें मॉड्यूलर थिएटर्स, कैथेटराइजेशन लैब और अत्याधुनिक आईसीयू शामिल हैं। भारत में हमारी उपस्थिति को और मजबूत करते हुए, नासिक में हमारा आगामी 200-बेड वाला तृतीयक देखभाल अस्पताल अगले कैलेंडर वर्ष की शुरुआत में चालू होने की तैयारी में है।

**अब तक की सर्वाधिक वायटीडी बिक्री का रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन किया है**

# सोनालीका ने 1,26,162 ट्रैक्टरों की कुल वायटीडी बिक्री का रिकॉर्ड दर्ज किया

**नई दिल्ली एजेंसी।**
भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड सोनालीका ट्रैक्टर्स ने अप्रैल-नवंबर 2025 में 1,26,162 ट्रैक्टरों की बिक्री के साथ अब तक की सर्वाधिक वायटीडी बिक्री का रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन किया है। यह असाधारण प्रदर्शन सोनालीका के सशक्त नेतृत्व और भारत तथा वैश्विक परिदृश्य में कृषि मशीनीकरण को गति देने में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है।

बेहतर दक्षता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए किसान तेज़ी से बड़े हैवी ड्यूटी ट्रैक्टरों पर निर्भर हो रहे हैं और सोनालीका का मज़बूत प्रदर्शन भारत में पारंपरिक खेती से तकनीक-आधारित कृषि की ओर तेज़ी से बढ़ते बदलाव का संकेत देता है। हैवी ड्यूटी ट्रैक्टर दुनिया भर के 150 देशों में विभिन्न



प्रकार की मिट्टी में ज़बरदस्त प्रदर्शन के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। बिक्री में यह उल्लेखनीय नई गति आधुनिक ट्रैक्टरों और उपकरणों के तेज़ी से बढ़ते उपयोग, अनुकूल सरकारी पॉलिसी और लगातार बेहतर होते एम एस पी ढांचे से प्रेरित हैं, जिससे किसानों में नई कृषि शैली अपनाने का आत्मविश्वास बढ़ रहा है। नए रिकॉर्ड प्रदर्शन पर अपने विचार साझा करते हुए, श्री रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड, ने कहा, कृषि का भविष्य उन सभी का है जो उद्देश्यपूर्ण इनोवेशन करते हैं, और हम स्मार्ट कृषि समाधान विकसित करने और निरंतर निवेश के लिए प्रतिबद्ध हैं। अप्रैल-नवंबर 2025 में हमारी 1,26,162 ट्रैक्टरों की अब तक की सर्वाधिक वायटीडी कुल ट्रैक्टर बिक्री भारतीय कृषि में हो रहे परिवर्तन का एक सशक्त संकेत है। भारत में मशीनीकरण तेज़ी से बढ़ रहा है, और जी एस टी कटौती, एम एस पी में बढ़ोतरी से किसानों का आधुनिक ट्रैक्टर और स्मार्ट उपकरण अपनाने का विश्वास बढ़ा है। आई टी एल में, हमें इस बदलाव का नेतृत्व करने पर गर्व है और हम किसानों का समर्थन करते हुए भारत को कृषि में एक वैश्विक महाशक्ति के रूप में उभरने में मदद करते रहेंगे।

## कोटक म्यूचुअल फंड एनुअल आउटलुक 2026

**मुंबई, एजेंसी।** कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने अपना मार्केट आउटलुक 2026 जारी किया। इस रिपोर्ट में आने वाले साल में भारत की आर्थिक स्थिति और उन अहम निवेश थीम पर विस्तार से जानकारी दी गई है, जो वित्तीय बाजारों को प्रभावित कर सकती हैं। रिपोर्ट में शेयर बाजार, फिक्स्ड इनकम और थीमेटिक सेक्टर्स में मौजूद अवसरों की बात की गई है, साथ ही वैश्विक व घरेलू ट्रेंड को समझने पर जोर दिया गया है, जिन पर निवेशकों को नजर रखनी चाहिए। कोटक महिंद्रा एएमसी के मैनेजिंग डायरेक्टर निलेश शाह ने कहा कि, वित्त वर्ष 2026 में इक्विटी से मिलने वाला रिटर्न कंपनियों की कमाई में बढ़ोतरी पर निर्भर रहेगा। उम्मीद है कि भारतीय कंपनियां वित्त वर्ष 2027 में डबल डिजिट की मजबूत अर्निंग दिखाएंगी।

## लाईविंग्स सिम्युलेटर ट्रेनिंग सेंटर लिमिटेड का आईपीओ आज खुलेगा

**मुंबई, एजेंसी।** फ्लाईविंग्स सिम्युलेटर ट्रेनिंग सेंटर लिमिटेड (कंपनी, फ्लाईविंग्स) कैबिन और कॉकपिट क्रू के लिए सुरक्षा और आपातकालीन प्रक्रियाओं पर केंद्रित सिमुलेशन-आधारित विमानन प्रशिक्षण प्रदान करती है। कंपनी अपनी इनिशिअल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) शुक्रवार, 05 दिसंबर 2025 को खोलने जा रहीं है, जिसका उद्देश्य ?57.05 करोड़ (ऊपरी प्राइस बैंड पर) जुटाना है, और इसके शेयर एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध होंगे। आईपीओ से प्राप्त शुद्ध राशि का उपयोग पायलट प्रशिक्षण उपकरणों की पूंजीगत व्यय और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। एंकर हिस्सा 04 दिसंबर 2025 को खुल जाएगा और इश्यू 09 दिसंबर 2025 को बंद होगा।

बुक रनिंग लीड मैनेजर- सोभाग्य कैपिटल ऑप्शंस प्राइवेट लिमिटेड और ग्रेटेक्स कॉर्पोरेट सर्विसेज़ लिमिटेड इश्यू के रजिस्ट्रार- बिगशेयर सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड फ्लाईविंग्स सिम्युलेटर ट्रेनिंग सेंटर के प्रबंध निदेशक और मुख्य वित्तीय अधिकार, श्री रुपल संजय मंडाविया ने कहा, आईपीओ फ्लाईविंग्स सिम्युलेटर ट्रेनिंग सेंटर लिमिटेड की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। सिमुलेशन-आधारित विमानन प्रशिक्षण में मजबूत नींव और सुरक्षा एवं आपातकालीन प्रक्रियाओं पर समर्पित फोकस के साथ, कंपनी ने उद्योग में एक विश्वसनीय और बढ़ती उपस्थिति स्थापित की है। इसके डीजीसीए द्वारा मान्यता प्राप्त केंद्र, उन्नत सिम्युलेटर इकोसिस्टम द्वारा समर्थित, फ्लाईविंग्स को विमानन क्षेत्र की बढ़ती प्रशिक्षण मांगों को प्रभावी ढंग से पूरा करने की स्थिति में रखते हैं।

# फोनपे के इंडस ऐपस्टोर, मोटोरोला इंडिया ने की साझेदारी

**मुंबई, एजेंसी।**
भारत के घरेलू एंड्रॉइड ऐप मार्केटप्लेस, इंडस ऐपस्टोर ने आज मोटोरोला के साथ साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के बाद, भारत में मोटोरोला के डिवाइसेस पर इंडस ऐपस्टोर उपलब्ध होगा। इससे इंडस ऐपस्टोर पहले से ज्यादा डिवाइसेस पर उपलब्ध हो पाएगा और भारत में मोटोरोला के यूजर्स को पर्सनलाइज्ड ऐप डिस्कवरी अनुभव मिल सकेगा।

इंडस ऐपस्टोर, भारतीय ग्राहकों को ऐप की दुनिया में एक बेहतर विकल्प देता है। इसे विशेष रूप से यूजर्स की पसंद और देश की विविध संस्कृति को ध्यान में रखकर बनाया गया है। हर भारतीय स्मार्टफोन यूजर तक पहुँचने के लिए, यह प्लेटफॉर्म अंग्रेजी के साथ-साथ अन्य 12 भाषाओं में अपनी सुविधाएँ उपलब्ध कराता है। इसमें एआइ-पावर्ड वॉयस सर्च भी है, जिससे यूजर को क्षेत्रीय भाषा के कठिन शब्द टाइप नहीं करने पड़ते। इसके साथ ही, वीडियो प्रीव्यू की सुविधा यूजर्स को किसी ऐप को डाउनलोड करने से पहले उसके फंक्शन को विजुअली एक्सपीरियंस करने का मौका देती है।

इंडस ऐपस्टोर अपनी बेहतरीन ऐप स्टोर नीतियों के कारण, भारत के डेवलपर्स और ऐप्स के लिए एक अनुकूल माहौल तैयार करता है। यह वितरण के लिए केवल एक ही स्रोत पर निर्भरता को कम करता है और जिससे बाज़ार में एक मजबूत और प्रतिस्पर्धात्मक विकल्प सामने आता है। यह कदम न केवल बड़ी संख्या में स्थानीय डेवलपर्स को सशक्त और सक्षम बनाएगा, बल्कि भारतीय डेवलपर इकोसिस्टम को वैश्विक मंच पर सफल होने के लिए बढ़ावा भी देगा।

इंडस ऐपस्टोर की चीफ बिजनेस ऑफिसर, प्रिया एम. नरसिम्हन जी ने इस महत्वपूर्ण प्रगति पर उत्साह के साथ कहा, हमें मोटोरोला के साथ साझेदारी करके बहुत खुशी हो रही है, इसके माध्यम से हम अधिक से अधिक भारतीयों को इंडस ऐपस्टोर का अनुभव आसानी से उपलब्ध करा पाएंगे। यह साझेदारी पूरे भारतीय बाजार की सेवा करने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। उन्होंने आगे कहा, यह ऐप स्टोर सही मायने में मेड-फॉर-इंडिया की भावना को दर्शाता है और भारतीय ऐप अर्थव्यवस्था में बड़ा बदलाव लाने के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है। यह सहयोग हमारे उस लक्ष्य को बल देता है कि हम भारतीयों को एक ऐसा बेहतरीन विकल्प दें, जहाँ वे सहजता से अपने क्षेत्र के हिसाब से ऐप्स को ढूँढ सकें और डाउनलोड कर पाएँ।

मोटोरोला मोबिलिटी इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, टी. एम. नरसिम्हन ने भी अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, मोटोरोला में, हमने हमेशा भारत में अपने यूजर्स को एक उत्कृष्ट और उनके क्षेत्र के हिसाब से अनुभव देने को प्राथमिकता दी है और इंडस ऐपस्टोर हमारे इस दृष्टिकोण पर पूरी तरह से खरा उतरता है। इस स्वदेशी प्लेटफॉर्म को एकीकृत करके, हम यूजर्स को एक नया माध्यम प्रदान कर रहे हैं जो उनको अपनी संस्कृति के हिसाब से ऐप खोजने का विकल्प देकर उनके अनुभव को बेहतर बनाता है। इस साझेदारी से भारतीय डेवलपर्स को भी लाभ होगा। इस सहयोग से एक और बड़ा लाभ यह है कि इंडस ऐपस्टोर का विशिष्ट वितरण मॉडल, भारतीय डेवलपर्स को उनके सही यूजर्स को जोड़ेगा।

## बल्ककॉर्प इंटरनेशनल ने एच1 एफवाय26 में मजबूत 30 प्रतिशत पीएटी वृद्धि दर्ज की

**अहमदाबाद, एजेंसी।** बल्ककॉर्प इंटरनेशनल लिमिटेड खाद्य-ग्रेड एफआईबीसी के प्रमुख निर्माताओं में से एक, ने एच1 एफवाय26 के अनऑडिटेड परिणामों का उत्साहपूर्ण ऐलान किया है। बल्ककॉर्प इंटरनेशनल लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री पुनीत गोपालका ने कहा, हमें यह साझा करते हुए खुशी हो रही है कि एच1 एफवाय26 में हमने मजबूत प्रदर्शन दिया, जिसका समर्थन मजबूत निर्यात गति और हमारे एफआईबीसी व बुल्क पैकेजिंग समाधानों की बढ़ती मांग ने किया। कुल आय में वर्ष-दर-वर्ष 28 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो मौजूदा वैश्विक ग्राहकों से उच्च ऑर्डर प्रवाह और नई भौगोलिक क्षेत्रों में विस्तार के कारण हुई। ईबीआईटीडीए में 23 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो बेहतर संचालन दक्षताओं और मूल्य-वर्धित, टिकाऊ पैकेजिंग उत्पादों पर निरंतर फोकस को दर्शाती है। शुद्ध लाभ 30 प्रतिशत बढ़ा, जो मार्जिन सुधार और अनुशासित लागत नियंत्रण से प्रेरित है।

इस अर्धवार्षिक प्रदर्शन ने कंपनी की स्थिति को विश्वसनीय और उच्च-गुणवत्ता, पर्यावरण-अनुकूल पैकेजिंग समाधानों की मांग करने वाले वैश्विक उद्योगों के लिए भरोसेमंद साझेदार के रूप में मजबूत किया है। हम अपने अंतरराष्ट्रीय पदचिह्न को बढ़ाने और दीर्घकालिक, निर्यात-प्रधान वृद्धि हासिल करने पर लगातार ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

# संचार साथी ऐपः अपेक्षा है निजता बनाम सुरक्षा के बीच संतुलन की



ललित गर्ग

वास्तविकता यह है कि डिजिटल युग आज अवसरों के साथ-साथ अभूतपूर्व संकटों का भी युग है। साइबर अपराध, चोरी, जासूसी, डेटा हेरफेर, गलत सूचना, आतंकवादी नेटवर्किंग-इन सबने सुरक्षा की चुनौतियों का नया स्वरूप निर्मित किया है। संयुक्त राष्ट्र तक यह स्वीकार कर चुका है कि अगला विश्वयुद्ध यदि हुआ, तो वह साइबर मोर्चे पर भी लड़ा जाएगा। ऐसे समय में क्या किसी राष्ट्र की सरकार को निष्क्रिय खड़ा रहना चाहिए? निश्चित रूप से नहीं।

भारत की लोकतांत्रिक राजनीति में एक विचित्र प्रवृत्ति विकसित होती दिख रही है, जहाँ सत्ता द्वारा उठाए गए प्रत्येक कदम को विपक्ष संदेह की दृष्टि से देखता है। संचार साथी ऐप को लेकर इन दिनों इसी प्रकार का विवाद एवं विरोध का वातावरण बना हुआ है। केंद्र सरकार की यह सोच कि हर नए स्मार्टफोन में इस ऐप को अनिवार्य किया जाए, विपक्ष ने इसे निजता एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता का उल्लंघन बताते हुए कठोर शब्दों में चुनौती दी और संसद के शीतकालीन सत्र में इसे बड़ा मुद्दा बना दिया है और इससे व्यक्ति के जीवन में सरकारी हस्तक्षेप बढने की आशंकाएं व्यक्त की है। विपक्ष ने इसे संवैधानिक अधिकारों का अतिक्रमण व नागरिकों की निगरानी करने वाला टूल बताया। इस बहस के बीच विपक्ष को नया मुद्दा मिलते देख केंद्र सरकार ने अनिवार्य तौर पर ऐप प्री-इंस्टॉल करने का अपना फैसला वापस ले लिया। सरकार ने स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए फिलहाल इसे स्वैच्छिक बना दिया है अर्थात जो चाहे ऐप को रखे, जो चाहे उसे हटाए। परंतु इस विवाद ने एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठा दिया है कि क्या हम केवल विरोध की राजनीति में वास्तविक चुनौतियों और आवश्यकताओं को भुला रहे हैं?

वास्तविकता यह है कि डिजिटल युग आज अवसरों के साथ-साथ अभूतपूर्व संकटों का भी युग है। साइबर अपराध, चोरी, जासूसी, डेटा हेरफेर, गलत सूचना, आतंकवादी नेटवर्किंग-इन सबने सुरक्षा की चुनौतियों का नया स्वरूप निर्मित किया है। संयुक्त राष्ट्र तक यह स्वीकार कर चुका है कि अगला विश्वयुद्ध यदि हुआ, तो वह साइबर मोर्चे पर भी लड़ा जाएगा। ऐसे समय में क्या किसी राष्ट्र की सरकार को निष्क्रिय खड़ा रहना चाहिए? निश्चित रूप से नहीं। इसलिए संचार साथी ऐप मात्र निगरानी का यंत्र नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, नागरिक संरक्षण एवं डिजिटल अपराध नियंत्रण की रणनीतिक आवश्यकता के रूप में उभरा है। सरकार का सही कहना था कि डिजिटल होती दुनिया में लगातार बढ़ते साइबर अपराधों से नागरिकों को सुरक्षा देने के मकसद से यह पहल की गई थी। उसका कहना था कि लगातार जटिल होते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये ऐसी पहल अपरिहार्य है।

विपक्ष का विरोध इसलिए भी एकांगी है क्योंकि केवल यह निजता के सवाल पर केंद्रित है। परंतु निजता का अधिकार भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 में निहित, पूर्ण स्वतंत्र नहीं, बल्कि परिस्थितिनिष्ठ है। लोकतंत्र व्यक्ति को अधिकार देता है, साथ ही साझा सुरक्षा की जिम्मेदारी भी मांगता है। जब डिजिटल मंचों पर राष्ट्रीय अखंडता, आर्थिक व्यवस्था, सामरिक रहस्य और सामाजिक शांति पर संकट मंडराते हों,





तो सरकार को हस्तक्षेप करना नैतिक रूप से उचित ही नहीं, बल्कि आवश्यक हो जाता है। अमेरिका, चीन, जर्मनी, ब्रिटेन-सभी देशों के पास निगरानी आधारित साइबर सुरक्षा प्रणालियाँ हैं। क्या उनकी लोकतांत्रिक संरचनाएँ इस कारण क्षीण हो गईं? नहीं, क्योंकि निगरानी और सुरक्षा के बीच संतुलन स्थापित किया गया। भारत को भी इसी संतुलन की आवश्यकता है। यह सही है कि किसी भी डिजिटल ऐप में निगरानी का वहनीय स्वरूप रखना चाहिए, जिससे नागरिक की व्यक्तिगत जिंदगी पर अनावश्यक हस्तक्षेप न हो। सरकार ने भी यही स्पष्ट किया है कि संचार साथी नागरिक के निजी जीवन में दखल नहीं देना चाहता, बल्कि उसे साइबर अपराध, हैकिंग, धोखाधड़ी, फजीर्वाड़ा, एवं डिजिटल आतंकवाद से बचाने हेतु काम करेगा। विडंबना यह है कि विपक्ष इस ऐप को 'निष्ठा परीक्षण', 'मनोवैज्ञानिक निगरानी' और 'गोपनीयता हनन' का उपकरण बताकर भय पैदा कर रहा है, जबकि पूर्व में स्वयं उनकी सरकारें समान तंत्र विकसित कर चुकी हैं, चाहे वह आधार डेटा सुरक्षा हो, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल हों या राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों के निगरानी प्रोटोकॉल।

सवाल यह है कि यदि अपराधी, आतंकवादी, अलगाववादी, साइबर गैंग्स संगठित डिजिटल हथियारों का उपयोग कर रहे हैं, तो क्या सामान्य नागरिकों को असुरक्षित छोड़ दिया जाए? क्या यह लोकतंत्र का तकाजा है कि सरकार देखती रहे और समाज अपराध की प्रयोगशाला बन जाए? वास्तव में यह संकट केवल भारत का नहीं, विश्व का है। आज की दुनिया में जो राष्ट्र डिजिटल नियंत्रण तंत्र विकसित नहीं करता, उसकी सुरक्षा दीवारें कागज की नाव जैसी सिद्ध होती हैं। इसलिए यह कहना कि संचार साथी ऐप अनावश्यक या दमनकारी है, वस्तुस्थिति से आंखें मूंद लेने जैसा है। निश्चित रूप से एक सवाल उठता है, क्या ऐप डेटा सुरक्षा की गारंटी देगा? यह बेहद महत्वपूर्ण प्रश्न है। सरकार को इस ऐप के उद्देश्य और डाटा संचालन नीति को पारदर्शी रूप में सार्वजनिक करना चाहिए। यदि इस पर स्वतंत्र ऑडिट हो, निजता सुरक्षा प्रावधान हों, दुरुपयोग को रोकने वाली न्यायिक निगरानी हो तो विरोध स्वतः समाप्त हो जाएगा। परंतु विपक्ष का विरोध नीतिगत सुधारों की दिशा में न होकर केवल राजनीतिक अवसरवाद प्रतीत होता है। यह भी सही है कि नागरिकों की चिंताएँ निराधार नहीं, भारत में डेटा सुरक्षा कानून अभी भी परिपक्व नहीं है, डिजिटल संरचनाएँ जवाबदेही की दृष्टि से मजबूत नहीं हैं। अतः संचार साथी के विकास के साथ-साथ देश में निजता सुरक्षा कानूनों को और अधिक कठोर, दंडात्मक एवं न्यायिक रूप से संरक्षित बनाने की आवश्यकता है।

यदि इस ऐप के कार्यों पर दृष्टि डालें तो उसके पीछे सोच यह है कि मोबाइल संचार के माध्यम से होने वाले अपराधों की पहचान, रिपोर्टिंग और ट्रैकिंग को व्यवस्थित किया जा सके। यह व्यक्ति की निगरानी का उपकरण कम और अपराध नियंत्रण की प्रणाली अधिक है। भारत में साइबर अपराधों में प्रति वर्ष 63 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की जा रही है, लाखों लोग ऑनलाइन धोखाधड़ी के शिकार बन रहे हैं, बैंकिंग ठगी से लेकर सोशल मीडिया मनोवैज्ञानिक अपराधों तक का दायरा बढ़ रहा है। क्या सरकार की चुप्पी इन अपराधियों को खुला मैदान नहीं दे देती? इसलिए संचार साथी जैसे कदमों का उद्देश्य नागरिक सुरक्षा का विस्तार है, न कि लोकतांत्रिक स्वतंत्रता का संकुचन।

कठोर सत्य यह है कि राष्ट्र केवल अधिकारों पर आधारित नहीं होते, जिम्मेदारियों और सुरक्षा तंत्रों पर भी टिके होते हैं। एक नागरिक के रूप में हम यह अपेक्षा करते हैं कि हमारा डेटा सुरक्षित हो, हमारा पैसा सुरक्षित हो, हमारा देश सुरक्षित हो परंतु जब सुरक्षा के लिए कदम उठाया जाए, तो हम विरोध में खड़े हो जाते हैं। यह राजनीतिक अधिक है, जहाँ हम एक विश्वव्यापी सिद्धांत को भूल जाते हैं कि 'स्वतंत्रता जिम्मेदारी के साथ ही टिक सकती है।' इसलिए संचार साथी ऐप पर संतुलित दृष्टि ही सार्थक है। सरकार को उसकी संरचना पारदर्शी, उत्तरदायी और कानून नियंत्रित रखनी चाहिए, और विपक्ष को इस तथ्य को स्वीकार करना चाहिए कि डिजिटल भारत की सुरक्षा चुनौतियाँ केवल नारे से हल नहीं होंगी, बल्कि तकनीकी सुरक्षा तंत्रों से ही नियंत्रण संभव होगा। लोकतंत्र में आलोचना आवश्यक है, परंतु रचनात्मक आलोचना, जिसमें सुधार की मांग होती है, न कि केवल अस्वीकरण। यदि राजनीतिक वर्ग इस बहस को इसी दिशा में ले जाए, तो संचार साथी ऐप न केवल विवादित विषय रहेगा बल्कि डिजिटल सुरक्षा के लिए नागरिक-हितकारी उपकरण के रूप में स्थापित भी होगा।

निस्संदेह, आज के डिजिटल युग में व्यक्ति का डेटा बेहद महत्वपूर्ण है। जिसकी हर कीमत पर सुरक्षा की जानी चाहिए। वहीं इसके साथ ही इस बात की भी पड़ताल होनी चाहिए कि कहीं कुछ अन्य ऐप हमारे डेटा में तो सेंध नहीं लगा रहे हैं? सरकार को इससे उपभोक्ता की सुरक्षा करनी होगी। वहीं तर्क दिया जा रहा है कि संचार साथी ऐप को अनिवार्य करने के बजाय आम लोगों को नई तकनीक और इसके इस्तेमाल के लिये सतर्क करने को देशव्यापी जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए। साथ ही इसके लिये आम जनता को प्रशिक्षण भी दिया जाना चाहिए। जिससे तकनीक के जरिये साइबर अपराधियों पर अंकुश लगाने की मुहिम को गति दी जा सके। अंततः यह समझना होगा कि राष्ट्रीय सुरक्षा और निजता-दोनों अनिवार्य हैं। चुनौती इन्हें संतुलित करने की है, न कि किसी एक को दूसरे के विरुद्ध खड़ा करने की। यदि यह संतुलन नीति, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ बने, तो संचार साथी ऐप देश के डिजिटल भविष्य की सुरक्षा का सेतु बन सकता है। विरोध की राजनीति नहीं, समझ और समाधान की राजनीति आज की आवश्यकता है, यही इस ऐप की वास्तविकता और उपयोगिता को समझने की दिशा है।

## संपादकीय

### हिंद-रूस दोस्ती जिंदाबाद


भारत और रूस की दोस्ती सात दशक पुरानी है। दो दोस्तों ने, इतने लंबे वक्त तक, कई तूफानों और इम्तिहानों के बावजूद, दोस्ती को बरकरार रखा है, यकीनन यह एक मिसाल है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत के प्रवास पर हैं। वह अपने साथ दोस्ती की नई पेशकशें और आयाम लेकर आए हैं। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन के 5 दिसंबर को शिखर, द्विपक्षीय संवाद के बाद जो साझा बयान जारी किया जाएगा और जिन समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे, उनके बाद दोस्ती, सहयोग, समर्थन नई ऊंचाइयां छुएंगे। राष्ट्रपति पुतिन ने भी रूस से यात्रा आरंभ करने से पूर्व इसी आशय का बयान दिया था। दरअसल रूस भारत को ऐसे 'रणनीतिक साझेदार' के रूप में स्वीकार करना चाहता है, जिसकी साझेदारी असीम, निस्सीम अर्थात सीमारहित हो। कोई सीमा नहीं, रूस और चीन की साझेदारी ऐसी है। रूस भारत को भी उन्हीं समीकरणों में देखना चाहता है। राष्ट्रपति पुतिन ने अपनी इच्छा फिर दोहराई है कि रूस, भारत, चीन को एक 'तिकड़ी' बन जाना चाहिए। वह 'तिकड़ी' अमरीका से मुकाबला करने में सक्षम और सशक्त साबित होगी। बेशक पुतिन की यह इच्छा विचारणीय है, क्योंकि रूस पर अकेले अमरीका ने ही करीब 6500 पाबंदियां थोप रखी हैं। रूस पर कुल 26, 000 के करीब प्रतिबंध हैं। फिर भी रूस दबाव में नहीं है। उसका अस्तित्व यथावत है। उसकी अर्थव्यवस्था को ज्यादा धक्के नहीं लगे हैं। भारत और चीन ने रूस से कच्चा तेल खरीद कर उसकी आर्थिक मदद ही की है। हालांकि भारत ने अब यह खरीद एक-तिहाई कर दी है। कारण अमरीका का दबाव ही नहीं है। रूस यूक्रेन और परोक्ष रूप से अमरीका, यूरोप, नाटो देशों के खिलाफ लगातार युद्ध लड़ रहा है। रूस से कच्चा तेल लेने के कारण ही अमरीका ने भारत पर, जुमार्ने के रूप में, 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ थोपा था। भारत पर कुल टैरिफ 50 फीसदी है। अमरीका चीन को भी टैरिफ की धमकियां देता रहा है। बहरहाल रूस भारत को 'असीमित' रणनीतिक साझेदार के रूप में देखना चाहता है। रूसी संसद ने 'रेलोस' समझौते को भी मंजूरी दी है। उसके तहत भारत रूस के एयरबेस, नौसेना पोर्ट, युद्धपोत, सैन्य बल एवं साजो सामान, फ्यूल, संसाधन आदि इस्तेमाल कर सकेगा। रूस के 5 युद्धपोत, 10 सैन्य विमान, 3000 सैनिक आगामी 5 साल के लिए भारतीय जमीन पर तैनात किए जा सकेंगे। भारत की इतनी ही सैन्य ताकत रूसी जमीन पर तैनात होगी। यह समझौता 'रेसिप्रोकल एक्सचेंज ऑफ लॉजिस्टिक सपोर्ट' (आरईएलओएस) है, जो रूसी संसद में पारित किया गया है। इससे भारत और रूस दो देश तो रहेंगे, लेकिन उनकी सैन्य-शक्ति 'एकाकार' हो जाएगी, जिसे सोच कर ही दुश्मन कांपने लगेगा। बेशक दुश्मन की शक्ति कमजोर पड़ेगी। यही नहीं, भारत-रूस के बीच 'नागरिक परमाणु करार' भी होगा।

## चिंतन-मनन

### मन को जगाएं

दूसरा महायुद्ध चल रहा था। भीषण बमवर्षा हो रही थी। पूरा लंदन नगर संत्रस्त था। सारे नगर में भय का साम्राज्य छाया हुआ था। पर उसी नगर में एक बूढ़ी महिला निश्चिंत रूप से सोती और निश्चिंत जागती। आस-पास के लोगों की नींद पूरी तरह गायब हो चुकी थी। वे न सुख से सो पाते और न सुख से जाग पाते। दूसरे सभी जागते, किन्तु बुढिया निश्चिंत सोती, गहरी नींद लेती। लोगों ने बुढिया से पूछा, मां! क्या बात है? सारा नगर भय से आप्रान्त है। यहां कोई भी सुख की नींद नहीं सो सकता। तुम कैसे सुखपूर्वक सो जाती हो? इसका रहस्य क्या है? बुढिया ने कहा, बेटा! इसका रहस्य यही है कि मेरा प्रभु सदा जागता है। फिर मैं क्यों जागती रहूं? दो को जागने की जरूरत नहीं है। यह सच है। जब मन जाग जाता है, फिर कोई जागे या न जागे, कोई जरूरत नहीं है। किसी को जगाने की भी जरूरत नहीं है। वास्तविकता तो यह है कि मन के जगाने पर कोई सोया रह नहीं सकता। सबको जागना ही पड़ता है। एक के जागने पर सब जाग जाते हैं। एक के सोने पर सब सो जाते हैं। मन का मार्ग बहुत लम्बा-चौड़ा और दीर्घ है। वह एक क्षण में सारी दुनिया का चक्कर लगा सकता है। मन को साधने के बाद उसका भटकाव मिट जाता है, प्रमाद मिट जाता है, सोने की आदत मिट जाती है। फिर वह पूर्ण अनुशासित हो जाता है, नियंत्रित हो जाता है। जागरूकता का विकास सिद्धान्त को जानने मात्र से नहीं होता। उसका विकास तब होता है, जब साधक उचित दिशा में जागरूकता का अभ्यास करे।

# ध्रुव तारे की तरह अटल है भारत-रूस की दोस्ती



सनत जैन

भारत-रूस के दोस्ताना ताल्लुक सात दशक से बराबर चले आ रहे हैं। फिर चाहे राजनीतिक, आर्थिक या सांस्कृतिक संबंधों की बात ही क्यों न हो। हिन्दी सिने जगत ने तो दोनों देशों के सांस्कृतिक संबंधों को प्रगाढ़ बनाने में अहम भूमिका अदा की। वैश्विक धरातल पर फिल्मी जगत की बात करें तो राज कपूर का नाम जरुर आता है, जिन्होंने 70 एमएम के रुपहले पर्दे पर मेरा नाम जोकर फिल्म को प्रदर्शित कर भारत-रुस संबंधों को एक तरह से मजबूत करने में सहयोग प्रदान किया। भारत-रूस संबंध आज उस ऐतिहासिक विरासत के साथ खड़े हैं, जिसकी जड़ें बीते कई दशकों में गहराई तक जा पहुंची हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हैदराबाद हाउस में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ मुलाकात के दौरान जब इस दोस्ती को ध्रुव तारे जैसा अटल बताया, तो यह सिर्फ कूटनीतिक विनम्रता नहीं थी; बल्कि उन यादों, संघर्षों और वैश्विक उथल-पुथल का सम्मान था, जिनमें यह संबंध समय-समय पर परखे गए और हर बार पहले से अधिक मजबूत होकर उभरे। एक नया दौर वर्ष 2000 में शुरू हुआ, जब पुतिन और तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने रणनीतिक संबंधों का ढांचा तैयार किया। इसके मात्र दस वर्ष बाद इसे 'स्पेशल एंड प्रिविलेज्ड स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' के स्तर तक उन्नत कर दिया गया। यह वही समय था जब दुनिया आतंकवाद, आर्थिक संकट और नई शक्ति-संरचनाओं के बीच खुद को पुनर्परिभाषित कर रही थी। इसके बावजूद भारतझ्ररूस संबंध स्थिर रहे, एक ऐसे स्थायित्व का प्रतीक, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने ध्रुव तारा कहकर परिभाषित किया है। पिछले ढाई दशकों में रूस ने भारत के साथ रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष और विज्ञान के क्षेत्रों में गहरे सहयोग का ताना-बाना बुना। चाहे ब्रह्मोस मिसाइल की संयुक्त परियोजना हो, एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम की खरीद हो, या फिर कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र, इन सभी ने इस साझेदारी को वास्तविक और प्रभावशाली रूप दिया। ऊर्जा सुरक्षा के मोर्चे पर रूस भारत का एक विश्वसनीय स्तंभ रहा है। पीएम मोदी ने इसे साझेदारी का मजबूत स्तंभ बताया है और यह सही भी है, क्योंकि सिविल न्यूक्लियर ऊर्जा से लेकर क्रूड ऑयल तक, रूस ने भारत की दीर्घकालिक जरूरतों को पूरा करने में अहम भूमिका निभाई है। आज जब दुनिया नई तकनीकों, स्वच्छ ऊर्जा और क्रिटिकल मिनरल्स पर आधारित नई औद्योगिक क्रांति की ओर बढ़ रही है, तो भारत और रूस का सहयोग एक बार फिर निर्णायक साबित हो गया है। क्रिटिकल मिनरल्स में संयुक्त पहलों से सुरक्षित सप्लाई चेन बनेगी, वहीं शिपबिल्डिंग सहयोग ह्यमेक इन इंडियाह्न को नई गति देगा। यह सहयोग सिर्फ औद्योगिक लाभ तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि रोजगार, कौशल और क्षेत्रीय संपर्कता को लेकर भी गहरे प्रभाव डालेगा। इतिहास गवाह है कि भारत-रूस की दोस्ती संकटों और संघर्षों की भट्टी में तपकर बनी है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री मोदी पहलगाम पर हुए आतंकवादी हमले से लेकर रूस के क्रोकस सिटी हॉल हमले तक का ज़िक्र करते हुए कहते हैं, कि आतंकवाद की जड़ें भले भिन्न भूभागों में हों, पर उद्देश्य एक ही होता है, मानवता पर हमला। यही कारण है कि भारत और रूस ने अंतरराष्ट्रीय मंचों, यूएन, जी-20, ब्रिक्स, एससीओ सभी पर आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाई है। दोनों देशों की यह नैतिक एकता वैश्विक राजनीति में एक संतुलनकारी भूमिका निभाती है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते आतंकवादी हमले और शांतिप्रिय देशों की बढ़ती परेशानी के बीच जब आज प्रधानमंत्री मोदी यह कहते हैं, कि भारत न्यूट्रल नहीं है, भारत शांति के पक्ष में है।, तो यह वक्तव्य वैश्विक कूटनीति के एक नए दृष्टिकोण की ओर संकेत करता है। गुटनिरपेक्षता के धरातल पर चलते हुए भारत शांति को अपनी विदेश नीति का केंद्र मानता है और रूस के साथ मिलकर इस दिशा में काम करता रहा है। पुतिन



द्वारा राजघाट पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित करना इसी संदेश को आगे बढ़ाता है कि शक्ति और शांति की अवधारणाएँ एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हो सकती हैं। इस अवसर पर यह स्वीकारना आवश्यक है, कि रूस-भारत संबंध पुतिन के नेतृत्व में नई ऊंचाइयों तक पहुंचे हैं। मोदी का यह कहना, कि हर परिस्थिति में पुतिन की दूरदर्शिता ने इस रिश्ते को मजबूती दी। केवल राजनयिक प्रशंसा नहीं, बल्कि संबंधों की निरंतरता के प्रति आभार है। दुनिया बहुध्रुवीय युग की ओर बढ़ रही है। ऐसे समय में भारत-रूस की यह स्थिर साझेदारी ध्रुव तारे की तरह ही मार्गदर्शक है, अटल, स्थिर और विश्व व्यवस्था में संतुलन का प्रतीक। आने वाले वर्षों में यह संबंध केवल रणनीतिक नहीं, बल्कि वैश्विक शांति और स्थिरता की दिशा में निर्णायक भूमिका निभाएंगे ऐसी उम्मीद है।

# अम्बेडकर के सामाजिक न्याय की त्रिवेणीः एकता, बंधुत्व और सम्मान



दिलीप कुमार पाठक



विदेश जाकर अर्थशास्त्र डॉक्टरेट की डिग्री हासिल करने वाले डॉ. अम्बेडकर पहले भारतीय थे, जब वे 1926 में भारत आए तब उन्हें मुंबई की विधानसभा का सदस्य चुना गया ' अम्बेडकर आजाद देश के पहले कानून मंत्री थे, साल 1990 में उन्हें भारत के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया था ' डॉ. भीमराव अंबेडकर भारत के संविधान निमार्ता भी थे, इसलिए आजाद भारत की लोकतांत्रिक राजनीतिक में उनका कद बहुत विशाल है, आज 06 दिसम्बर को डॉ. अम्बेडकर का परिनिर्वाण दिवस मनाया जाता है, पुण्यतिथि को ही परिनिर्वाण दिवस कहते हैं ' डॉ. अम्बेडकर संविधान निमार्ता के साथ परम विद्वान, सामाजिक न्याय, एवं स्त्रियों के अधिकारों के लिए भी याद किए जाते हैं ' आज हमारे देश में स्त्रियों की स्थिति में सुधार हो रहा है, इसका सबसे बड़ा श्रेय भी बाबा साहब अम्बेडकर को जाता है, डॉ. अम्बेडकर का कद भारतीय राजनीति में वही है जो नेहरू, पटेल, का है, देश दुनिया में उनके चाहने वाले बाबा साहेब कहकर संबोधित करते हैं ' आज के दौर में लोगों की धारणा है कि डॉ. अम्बेडकर दलितों के नेता थे, लेकिन वे देश के अग्रणी नेता थे जो खुद एक विचार बन गए ' किसी भी व्यक्ति का परिनिर्वाण दिवस मनाया जाना इसलिए महत्वपूर्ण कि इस दिन लोग उनकी बुराईयों की बजाय उनकी अच्छाईयों को याद करते हैं और उसे अपने जीवन में उतारने का संकल्प भी लेते हैं । बाबा साहेब डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर बिना भेदभाव के दलितों, पिछड़ों, महिलाओं और देश के सर्वांगीण विकास के लिए आजीवन समर्पित रहे । बाबा साहेब डॉ. की मृत्यु 6 दिसम्बर 1956 को हुई थी, यही कारण है कि डॉ. अम्बेडकर महापरिनिर्वाण दिन या पुण्यतिथि हर साल उन्हें 6 दिसम्बर को देश में ही नहीं विदेशों में भी श्रद्धांजलि और सम्मान देने के लिये मनाया जाता है । वे, 'भारतीय संविधान के जनक' थे, उनके प्रयास और मेहनत के परिणाम के बाद ही भारत को अपना संविधान प्राप्त हो पाया है, डॉ. अम्बेडकर बचपन से ही शिक्षा प्राप्त करने के लिए बहुत ही उत्साहित रहते थे, परन्तु महार जाति के होने के कारण उनके साथ भेद-भाव किया जाता था । उनकी मृत्यु विवादित रही कि उनकी मृत्यु स्वाभाविक थी या हत्या, जिसका आज तक पता न चल सका । इस दिन दलित वर्ग उनकी प्रतिमा पर फूल, माला, दीपक और मोमबत्ती जलाकर और संविधान की प्रति भेंट करके उन्हें श्रद्धांजलि देते हैं और एक सबसे प्रसिद्ध नारा 'बाबा साहेब अमर रहें' लगाते हैं । इस अवसर पर बौद्ध भिक्षु सहित कुछ लोग कई पवित्र गीत भी गाते हैं ' डॉ. अंबेडकर ने अपने जीवन के 65 सालों में सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षणिक, धार्मिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, औद्योगिक, संवैधानिक आदि क्षेत्रों में अनगिनत कार्य करके राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया और आधुनिक भारत की नींव रखी थी, ऐसा एक सच्चा और समर्पित देशभक्त ही कर सकता है, उन्होंने कहा था 'हम भारतीय हैं, सबसे पहले भी और अंत में भी ।' लेकिन देश उनके इस योगदान को लेकर आज भी जागरूक नहीं है ।

उनके विचार व सिद्धांत भारतीय राजनीति के लिए हमेशा से प्रासंगिक रहे हैं । दरअसल वे एक ऐसी राजनीतिक व्यवस्था के हिमायती थे, जिसमें राज्य सभी को समान राजनीतिक अवसर दे तथा धर्म, जाति, रंग तथा लिंग आदि के आधार पर भेदभाव न किया जाए। उनका यह राजनीतिक दर्शन व्यक्ति और समाज के परस्पर संबंधों पर बल देता है । उनका कहना था 'राजनीतिक लोकतंत्र तब तक नहीं चल सकता जब तक कि सामाजिक लोकतंत्र का आधार नहीं होता । सामाजिक लोकतंत्र का क्या अर्थ है? इसका मतलब जीवन का एक तरीका है जो जीवन के सिद्धांतों के रूप में स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को पहचानता है । उनका यह दृढ़ विश्वास था कि जब तक आर्थिक और सामाजिक विषमता समाप्त नहीं होगी, तब तक जनतंत्र की स्थापना अपने वास्तविक स्वरूप को ग्रहण नहीं कर सकेगी ' दरअसल सामाजिक चेतना के अभाव में जनतंत्र आत्मविहीन हो जाता है । ऐसे में जब तक सामाजिक जनतंत्र स्थापित नहीं होता है, तब तक सामाजिक चेतना का विकास भी संभव नहीं हो पाता है ।

डॉ. अम्बेडकर भारतीय समाज में स्त्रियों की हीन दशा को लेकर काफी चिंतित थे । उनका मानना था कि स्त्रियों के सम्मानपूर्वक तथा स्वतंत्र जीवन के लिए शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण है । अम्बेडकर ने हमेशा स्त्री-पुरुष समानता का व्यापक समर्थन किया । इस संबंध में उनका कहना था 'पति-पत्नी के बीच का रिश्ता करीबी दोस्तों के जैसा होना चाहिए' और 'मैं एक समुदाय की प्रगति को उस डिग्री से मापता हूं जो महिलाओं ने हासिल की है ।' यही कारण है कि उन्होंने स्वतंत्र भारत के प्रथम विधिमंत्री रहते हुए 'हिंदू कोड बिल' संसद में प्रस्तुत किया और हिन्दू स्त्रियों के लिए न्याय सम्मत व्यवस्था बनाने के लिए इस विधेयक में उन्होंने व्यापक प्रावधान रखे । उल्लेखनीय है कि संसद में अपने हिन्दू कोड बिल मसौदे को रोके जाने पर उन्होंने मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया । इस मसौदे में उत्तराधिकार, विवाह और अर्थव्यवस्था के कानूनों में लैंगिक समानता की बात कही गई थी । दरअसल स्वतंत्रता के इतने वर्ष बीत जाने के पश्चात व्यावहारिक धरातल पर इन अधिकारों को लागू नहीं किया जा सका है, वहीं आज भी महिलाएँ उत्पीड़न, लैंगिक भेदभाव हिंसा, समान कार्य के लिए असमान वेतन, दहेज उत्पीड़न और संपत्ति के अधिकार ना मिलने जैसी समस्याओं से जूझ रही हैं । डॉ. अम्बेडकर ने अपनी विचारधारा, अपनी सोच एवं शिक्षा से सभी की ज़िन्दगी में सकारात्मकता फैलाई ' डॉ अम्बेडकर के विचार हमारे देश के लिए महान विरासत हैं, जो हमेशा प्रासंगिक रहेगें '

## थाईलैंड में अंतरराष्ट्रीय घोटाले के खिलाफ कार्रवाई में 30 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की संपत्ति जब्त

एजेंसी

**बैंकॉक।** थाईलैंड में अधिकारियों ने अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध सिंडिकेट और प्रमुख कॉल सेंटर घोटाला नेटवर्क से जुड़ी 10 अरब बाट (31.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर) से अधिक मूल्य की संपत्तियों को जब्त करने एवं फ्रीज करने का आदेश दिया है। 'अंतर्राष्ट्रीय घोटालेबाजों को जड़ से उखाड़ फेंकना' विषय पर आयोजित एक मीडिया ब्रीफिंग में थाई प्रधानमंत्री अनुतिन चार्नविराकुल ने इस बात पर बल दिया कि सरकार संदिग्धों की सामाजिक स्थिति की परवाह किए बिना कानूनी कार्रवाई करेगी। थाई पुलिस ने चार अंतरराष्ट्रीय घोटाला सिंडिकेटों से 10.165 अरब बाट से अधिक मूल्य की संपत्ति जब्त की है, जिसमें लक्जरी कारें, नौकाएं, बैंक खाते और भूखंड शामिल हैं। इस बीच, 42 संदिग्धों के ख़िलाफ़ गिरफ़्तारी वारंट जारी किए गए हैं, जिनमें से 29 को अब तक गिरफ़्तार किया गया है। इन संदिग्धों पर संगठित अपराध, धोखाधड़ी और धनशोधन जैसे अपराधों में आरोप है।

## तुर्की में नकली शराब के खिलाफ देशव्यापी छापेमारी में 169 संदिग्ध गिरफ्तार

**इस्तांबुल।** तुर्की के सुरक्षा बलों ने नकली शराब के खिलाफ देशव्यापी छापेमारी में भारी मात्रा में अवैध उत्पाद जब्त किया और 169 संदिग्धों को हिरासत में लिया। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। गृह मंत्री अली येरलिकाया ने सोशल मीडिया पर कहा कि पुलिस ने सभी 81 प्रांतों में समन्वित अभियान चलाया जो कि हाल के वर्षों में सबसे व्यापक तस्करी विरोधी अभियानों में से एक था। मंत्री के अनुसार, पुलिस ने नकली या तस्करी से लाए गए 1,19,564 बोतल अल्कोहल, 2,792 लीटर अवैध पेय पदार्थ, 48,425 लीटर एथिल अल्कोहल और 874 यूनिट फ्लेवर वाला अल्कोहल ज़ब्त किया। अधिकारियों ने 12 अवैध उत्पादन स्थलों को भी बंद कर दिया और 169 संदिग्धों पर अब कानूनी कार्यवाही चल रही है। श्री येर्लिकाया ने कहा कि पिछले महीने समन्वित अभियानों के अंतर्गत 528 गिरफ्तारियां की गईं तथा 29 अवैध उत्पादन प्रतिष्ठानों को नष्ट किया गया। हाल के वर्षों में तुर्की ने नकली शराब के खिलाफ अपनी लड़ाई को तेज किया है, क्योंकि जहरीले शराब की कई घटनाएं सामने आई हैं, जो अनियमित उत्पादन के घातक खतरों पर प्रकाश डालता है।

## भारत को रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने में सहायता करने को रूस तैयार: बेलौसोव

**नई दिल्ली।** रुस के रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलौसोव कहा कि उनके देश का रक्षा उद्योग रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के भारत के प्रयासों में सहयोग करने को तैयार है। श्री बेलौसोव ने यहां रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ भारत और रूस के बीच सैन्य एवं सैन्य तकनीक के क्षेत्र में सहयोग पर यहां मानेकशॉ सेंटर में द्विपक्षीय सरकारी आयोग की 22 वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने भारत और रुस के बीच रणनीतिक दोस्ती को और मजबूत करने पर बल दिया। श्री सिंह ने दोनों देशों के बीच टेक्नोलॉजी में सहयोग बढ़ाने के नए मौकों पर ज़ोर दिया। यह बैठक दोनों देशों के बीच 23वीं वार्षिक शिखर बैठक के ठीक पहले हुई है। रूस के राष्ट्रपति ब्लादीमीर पुतिन शिखर बैठक के लिए आज शाम दिल्ली पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परम्परा से हट कर उनके स्वागत के लिए हवाई अड्डे पर पहचे थे। रक्षा मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार रक्षा क्षेत्र पर द्विपक्षीय सरकारी आयोग की आज की बैठक में दोनों पक्षों ने दोहराया कि दोनों देशों के संबंध मजबूत भरोसे,साझा सिद्धांत और एक दूसरे के प्रति सम्मान पर आधारित हैं। बैठक में रक्षा मंत्री ने 'आत्मनिर्भर भारत' के विज़न के तहत, स्थानीय उत्पादन और निर्यात दोनों के लिए देश के रक्षा उद्योग की क्षमता बढ़ाने के भारत सरकार के पक्के इरादे की जानकारी दी । उन्होंने दोनों देशों के बीच विशिष्ट प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के नए मौकों पर भी ज़ोर दिया। विज्ञप्ति के अनुसार चर्चा के दौरान रूसी रक्षा मंत्री ने दोनों देशों के बीच आपसी भरोसे पर आधारित रिश्ते को और प्रगाढ़ करने पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि दोनों की दोस्ती पुरानी है और दोनों वर्षों से एक दूसरे रणनीतिक सहयोगी हैं।

## भारत के अंतरिक्ष मिशनों के लिए मिल सकते हैं रूस के शक्तिशाली सेमी-क्रायोजेनिक इंजन

**मॉस्को।** रूस अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत के साथ अपने संबंध मजबूत करते हुए अपने सेमी-क्रायोजेनिक रॉकेट इंजन आरडी-191 की आपूर्ति करने और इसके निर्माण की तकनीक भारत को देने के लिए तैयार है। यह कदम भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रमों के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की गुरूवार से शुरू हो रही दो दिवसीय भारत यात्रा के दौरान इस बेहद खास सौदे की घोषणा हो सकती है। रूसी अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोस्मोस के महानिदेशक दिमित्री बकनोव ने एक टेलीविजन चैनल को बताया कि भारत के साथ रॉकेट इंजन का सौदा होने वाला है। उन्होंने मानव अंतरिक्ष उड़ान और अंतरिक्ष स्टेशन के विकास में भी सहयोग की संभावना जताई। हालांकि श्री बकानोव ने इंजन के प्रकार का उल्लेख नहीं किया, लेकिन विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि यह एक सेमी-क्रायोजेनिक इंजन होगा।

# नेपाल में संसदीय चुनाव की तैयारी के लिए सरकार ने बुलाई बैठक, होंगे कई अहम फैसले

एजेंसी

**काठमांडू।** प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने तय समय पर चुनाव होने को लेकर उत्पन्न आशंका के बीच सरकार ने प्रधानमंत्री के सरकारी आवास पर बैठक बुलाई है। विघटित प्रतिनिधि सभा के पांच बड़े दलों, निर्वाचन आयोग तथा सुरक्षा निकायों के प्रमुखों की संयुक्त बैठक में राजनीतिक दलों को आश्वस्त करने के साथ कई अहम फैसले लिए जाने की संभावना है। प्रधानमंत्री के निजी सचिव आदर्श श्रेष्ठ ने बताया कि चर्चा के लिए इन दलों के दूसरे स्तर के नेताओं को आमंत्रित किया गया है। दलों ने भी अपने दूसरे स्तर के नेताओं को ही भेजने की तैयारी की है। इससे पहले हुई बैठकों में भी इन्हीं दलों के दूसरे स्तर के नेता बातचीत में शामिल होते रहे हैं। यह



बैठक शुक्रवार दोपहर 4 बजे प्रधानमंत्री के सरकारी आवास बालुवाटार में आयोजित की जाएगी। बैठक में प्रधानमंत्री के अलावा अन्य मंत्रियों की भी उपस्थिति रहेगी। उन्होंने बताया कि चुनाव के अनुकूल वातावरण बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री ने विघटित प्रतिनिधि सभा में प्रतिनिधित्व करने वाले प्रमुख दल नेपाली कांग्रेस, नेकपा एमाले, नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी, राष्ट्रिय स्वतन्त्र पार्टी और राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के साथ विमर्श करने का निर्णय लिया है। बैठक में निर्वाचन आयोग के पदाधिकारी और चारों सुरक्षा निकायों के प्रमुख भी शामिल होंगे। नेपाली सेना के प्रधान सेनापति महारथी अशोक राज सिग्देल, नेपाल पुलिस के आईजीपी दान बहादुर कार्की, सशस्त्र प्रहरी बल के आईजीपी राजू अर्याल और इंटेलीजेंस विभाग के प्रमुख निदेशक को बैठक के लिए आमंत्रित किया गया है।

## नोविचोक जहरकांड पर कार्रवाई: ब्रिटेन ने रूसी खुफिया एजेंसी जीआरयू पर लगाए प्रतिबंध, राजदूत तलब

एजेंसी

**लंदन।** ब्रिटेन ने रूस पर नए कड़े प्रतिबंधों की घोषणा की, जिनमें 2018 के कुख्यात नोविचोक जहरकांड में सीधे तौर पर शामिल बताई गई रूस की सैन्य खुफिया एजेंसी जीआरयू को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। यह कदम ब्रिटेन की एक सार्वजनिक जांच रिपोर्ट के बाद उठाया गया, जिसमें निष्कर्ष निकाला गया कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दोहरे एजेंट सर्गेई स्क्रिपाल पर नसर्व एजेंट हमले का आदेश दिया था। यही हमला बाद में ब्रिटिश नागरिक डॉन स्टर्जेस की मौत का कारण बना। सरकार ने इस मामले पर कड़ा रुख अपनाते हुए रूसी राजदूत को तलब किया और मॉस्को की 'ब्रिटेन के खिलाफ चल रही शत्रुतापूर्ण गतिविधियों' पर जवाब मांगा। प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा, 'आज के निष्कर्ष क्रेमलिन द्वारा निर्दोष नागरिकों के जीवन के प्रति घोर उपेक्षा की गंभीर याद दिलाते हैं। 'जीआरयू और उसके अधिकारियों पर कड़े प्रतिबंध ब्रिटेन ने जीआरयू पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के साथ ही आठ साइबर सैन्य खुफिया अधिकारियों और तीन अन्य जीआरयू अधिकारियों को भी निशाना बनाया है, जो यूरोप और यूक्रेन में शत्रुतापूर्ण गतिविधियों, जिसमें यूक्रेनी सुपरमार्केट पर हमले की साजिश भी शामिल है, में शामिल बताए गए हैं। रूस ने हमेशा की तरह सैलिस्बरी हमले में अपनी भूमिका से इनकार किया है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने ब्रिटेन की कार्रवाई को 'मनगढ़ंत आरोपों पर आधारित अवैध प्रतिबंध' बताया और कहा कि रूस 'जवाबी कदम उठाने का अधिकार सुरक्षित रखता है।' उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि ब्रिटेन को इन कदमों की अनिवार्यता का भरोसा होना चाहिए। ब्रिटेन, जो यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद से कीव का एक प्रमुख समर्थक रहा है, पहले भी रूस के व्यापारियों, नेताओं और कंपनियों पर व्यापक प्रतिबंध लगा चुका है।

## नेपाल में आम चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंचीं

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल में संसदीय चुनाव अगले साल मार्च में होने हैं, जिसमें अब केवल 90 दिन शेष रहने के साथ ही तैयारियां तेज़ी से आगे बढ़ रही हैं। निर्वाचन आयोग ने अपनी गतिविधियां तेज कर दी हैं, जबकि राजनीतिक दलों ने भी आंतरिक कार्य योजनाएं सक्रिय रूप से आगे बढ़ाई है।

आयोग के प्रवक्ता नारायण प्रसाद भट्टराई के अनुसार आयोग 6 दिसंबर से समानुपातिक निर्वाचन प्रणाली कार्यक्रम लागू करने जा रहा है। तय कार्यक्रम के अनुसार राजनीतिक दलों को 7 दिसम्बर को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे के बीच अपनी समानुपातिक निर्वाचन प्रणाली से सम्बन्धित आवेदन जमा करना होगा। आवेदन देने वाले दलों की सूची 10 दिसम्बर को प्रकाशित की जाएगी। आवेदन देने वाले दल अपनी बन्द सूची 28 और 29 दिसम्बर को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक जमा कर सकते हैं। समानुपातिक प्रतिनिधित्व के अन्तिम प्रारम्भिक सूची 22 जनवरी को प्रकाशित की जाएगी। उम्मीदवार 23 जनवरी को अपना नाम वापस ले



सकेंगे, जिसके बाद अन्तिम सूची प्रकाशित की जाएगी और निर्वाचन चिह्न आवंटित किए जाएंगे। चुनाव प्रचार प्रसार के लिए 3 मार्च तक का समय दिया गया है। 3 मार्च की शाम 5 बजे से मौन अवधि शुरू हो जाएगी। 5 मार्च को सुबह 7 बजे से मतदान की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। सूची 13 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी। प्रत्यक्ष निर्वाचन कार्यक्रम अन्तर्गत उम्मीदवार नामांकन 20 जनवरी को दर्ज किए जाएंगे और उसी दिन नामांकित उम्मीदवारों की सूची प्रकाशित होगी। नामांकन के विरुद्ध शिकायतें 21 जनवरी को दर्ज की जा सकेंगी। उम्मीदवारों की

## इजराइली मीडिया का दावा: हमास-विरोधी गुट के नेता अबू शबाब की मौत

**यरूशलम/काहिरा।** इजराइली मीडिया ने दावा किया कि गाजा में हमास के विरोध में सक्रिय फिलिस्तीनी गुट के प्रमुख नेता यासिर अबू शबाब की मौत हो गई है। यह खबर उस समय सामने आई है जब इजराइल गाजा में हमास के खिलाफ स्थानीय कबीलाई समूहों को मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। इजराइल के सार्वजनिक प्रसारक 'कान' ने सुरक्षा सूत्रों के हवाले से बताया कि अबू शबाब, जो दक्षिणी गाजा के इजराइल-नियंत्रित रफा इलाके में बेदुईन कबीले के मुखिया थे, कई छोटे हमास-विरोधी गुटों में सबसे प्रभावशाली थे। माना जा रहा है कि उनकी मौत इजराइल की इस रणनीति के लिए बड़ा झटका है। हामास ने अबू शबाब को इजराइल का 'सहयोगी' करार दिया था और अपने लड़ाकों को उन्हें मारने या पकड़ने का आदेश दिया था। फिलहाल अबू शबाब की स्थिति को लेकर उनके संगठन पॉपुलर फोर्सेज के फेसबुक पेज पर कोई जानकारी साझा नहीं की गई है। जून में इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने स्वीकार किया था कि



इजराइल ने गाजा में हमास-विरोधी कबीलाई समूहों को हथियार दिए थे, हालांकि इस नीति को लेकर आगे कोई विस्तृत जानकारी जारी नहीं की गई। कुछ इजराइली मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया कि अबू शबाब ने दक्षिणी इजराइल के सोरोका अस्पताल में चोटों के चलते दम तोड़ा, लेकिन अस्पताल प्रशासन ने उसे अपने यहां भर्ती होने से साफ इनकार कर दिया। रिपोर्टों में न यह स्पष्ट हुआ कि उनकी मौत कब हुई और न यह कि उन्हें चोट कैसे लगी। इजराइली सरकार के प्रवक्ता ने इस मामले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, जबकि हामास ने भी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। उल्लेखनीय है कि 18 नवंबर को अबू शबाब के संगठन ने एक वीडियो जारी किया था, जिसमें उनकी अनुपस्थिति में उनके डिप्टी को लड़ाकों को आदेश देते हुए देखा गया कि वे 'रफा को आतंक से मुक्त' करने के लिए अभियान चलाएं–यह इशारा संभवतः उन हमास लड़ाकों की ओर था, जिनके रफा में छिपे होने की आशंका जताई जा रही थी।

# इंडिगो एयरलाइंस की अव्यवस्था का असर नेपाल की उड़ानों में भी दिखा

एजेंसी

**काठमांडू।** भारत में इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संचालन व्यवस्था अस्त-व्यस्त होने के कारण उसका प्रत्यक्ष प्रभाव नेपाल-भारत रूट की उड़ानों पर भी देखा गया है। दिल्ली और मुंबई से काठमांडू आने वाली अन्य तीन उड़ानें भी करीब 1 घंटे की देरी से रवाना हुई। शुक्रवार को भी उड़ानें प्रभावित हो रही है। आज सुबह 9 बजे उतरने वाली पहली उड़ान तीन घंटे की देरी के बाद दोपहर 12 बजे लैंड हो सकी है। काठमांडू विमानस्थल के अनुसार गुरुवार दोपहर 4 बजे काठमांडू में उतरने वाली उड़ान संख्या 6श्व-1155 शाम साढ़े 7 बजे लैंड कर सकी। इसी तरह दिल्ली से ही दोपहर 1230 बजे लैंड करने वाली इंडिगो की दूसरी विमान के ढाई घंटे की देरी से लैंड की सूचना दी गई है। शुक्रवार को ही मुंबई से आने वाली इंडिगो की उड़ान संख्या 6श्व 1915 के लैंड का समय 1330 है, उसके भी करीब दो




घंटे विलंब से लैंड करने वाली है। दिल्ली-काठमांडू-दिल्ली की तीन और मुंबई-काठमांडू की एक उड़ान सहित प्रतिदिन आठ दोतरफा उड़ानें संचालित करने वाली इंडिगो के काठमांडू कार्यालय ने जानकारी दी है कि उड़ानों पर कुछ असर पड़ेगा, लेकिन भारत की तरह नेपाल में अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द करने की स्थिति नहीं बनेगी।भारत में कड़े क्रू-रोस्टर नियम लागू होने से उत्पन्न तनाव और एयरबस के आपातकालीन सॉफ्टवेयर अपडेट के कारण शुरू हुई उड़ान अव्यवस्था का असर नेपाल में भी सीधा देखा गया है। नेपाल में इंडिगो के जीएसए प्रतिनिधि भोला विक्रम थापा के अनुसार एयरबस के सॉफ्टवेयर अपडेट के कारण नेपाल आने वाली इंडिगो उड़ानों में देरी तो हुई है, लेकिन भारत की तरह उड़ान रद्द करने की स्थिति नहीं है। उन्होंने बताया कि कुछ ही दिनों में इंडिगो की उड़ानें फिर सामान्य हो जाएंगी। भारत के हवाई अड्डों जैसा बड़ा असर नेपाल में नहीं होगा। यह केवल सॉफ्टवेयर अपडेट के कारण हुई देरी है, उड़ानें रद्द नहीं होंगी।इंडिगो भारत की सबसे बड़ी और लोकप्रिय एयरलाइन है। 400 से अधिक विमानों के साथ यह एयरलाइन रोजाना 2,200 से ज्यादा उड़ानें संचालित करती है और कम से कम 40 अंतरराष्ट्रीय सहित कुल 130 गंतव्यों तक उड़ान भरती है।

## अमेरिकी हाउस पैनल 10 दिसंबर को भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा करेगा


एजेंसी

**वाशिंगटन ।** अमेरिकी कांग्रेस की एक प्रमुख कमेटी अगले सप्ताह 10 दिसंबर को एक सार्वजनिक बैठक करने जा रही है, जिसमें भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी की दिशा पर चर्चा होगी। इस बैठक में दोनों देशों के बीच बदलते रक्षा, आर्थिक और कूटनीतिक संबंधों पर खास ध्यान दिया जाएगा। हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी की साउथ और सेंट्रल एशिया पर सब-कमेटी के एक आधिकारिक नोटिस के अनुसार, इस बैठक का विषय 'अमेरिका-भारत स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिपः एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा' रखा गया है। मिशिगन से सांसद बिल ह्यूजेंगा की अध्यक्षता वाली सब-कमेटी उन प्रमुख विश्लेषकों की बातें सुनेगी जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की बढ़ती भूमिका पर नजर रखते हैं। इन विशेषज्ञों में हेरिटेज फाउंडेशन में एशियन स्टडीज सेंटर के डायरेक्टर जेफ स्मिथ, ओआरएफ अमेरिका के कार्यकारी निदेशक ध्रुव जयशंकर और यूनाइटेड स्टेट्स के जर्मन मार्शल फंड में इंडो-पैसिफिक प्रोग्राम के सीनियर फेलो समीर लालवानी शामिल हैं। जेफ स्मिथ, ध्रुव जयशंकर और समीर लालवानी अमेरिकी राजधानी में रहने वाले जाने-माने भारतीय विशेषज्ञ हैं। इस बैठक में भारत के रक्षा आधुनिकीकरण, अमेरिका के साथ बढ़ती सैन्य साझेदारी, तकनीकी सहयोग, क्षेत्रीय कूटनीति और इंडो-पैसिफिक में नियम-आधारित व्यवस्था को मजबूत करने जैसे मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है। यह बैठक ऐसे समय हो रही है जब भारत और अमेरिका मिलकर अहम तकनीकों, समुद्री सुरक्षा और सप्लाई-चेन को मजबूत बनाने पर कई कदम उठा रहे हैं।

# भारतीय रिजर्व बैंक ने पुराने नियमों में संशोधन किया, अब नेपाल ले जा सकेंगे 200 और 500 के भारतीय नोट

एजेंसी

**काठमांडू।** भारत के केंद्रीय बैंक ने नेपाल में बड़े मूल्य के भारतीय नोटों के उपयोग पर लगी रोक हटाते हुए अधिक लचीली व्यवस्था लागू की है। भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने नेपाली रुपया और भारतीय रुपया के प्रचलन से संबंधित पुराने नियमों में संशोधन किया है। विदेशी मुद्रा प्रबंधन (मुद्रा निर्यात एवं आयात) संशोधन विनियमावली 2025 जारी करते हुए रिज़र्व बैंक ने व्यवस्था की है कि भारत के बाहर नेपाल और भूटान में भारतीय मुद्रा को (100 रूपये से अधिक मूल्य वाले नोटों को छोड़कर) ले जाया और लाया जा सकेगा। संशोधित प्रावधान के अनुसार भारत से नेपाल या भूटान की यात्रा करने



वाले यात्री अब 25 हजार भारतीय रुपये ले जा सकेंगे। इसी तरह नेपाल और भूटान से भारत आने वाले लोग भी (100 रूपये से अधिक मूल्य वाले नोटों को छोड़कर) भारतीय मुद्रा ला सकेंगे। नेपाल या भूटान से भारत आने वाले यात्रियों को 100 से अधिक मूल्य के बड़े नोट 25 हजार भारतीय रुपये तक लाने की अनुमति दी गई है। नेपाल और भूटान की मुद्रा भी भारत के बाहर नेपाल या भूटान में ले जाई जा सकेगी और वहीं से भारत भी लाई जा सकेगी। हालांकि, यह सुविधा पाकिस्तान और बांग्लादेश के नागरिकों को प्रदान नहीं की गई है। इससे पहले नेपाल में बड़े मूल्य के भारतीय नोटों के कारोबार पर प्रतिबंध था। नेपाल राष्ट्र बैंक की ओर से समान व्यवस्था किए जाने के बाद नया प्रावधान लागू होगा, जिससे भारत और नेपाल के बीच आने-जाने वाले पर्यटकों और श्रमिकों को लाभ मिलेगा।

## अमेरिका ने 2026 के जी-20 से समिट से दक्षिण अफ्रीका को किया बाहर, पोलैंड को न्योता

एजेंसी

**वाशिंगटन ।** अमेरिका अगले साल मियामी में आयोजित होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में दक्षिण अफ्रीका को आमंत्रित नहीं करेगा। अमेरिका ने इस हफ्ते के पहले दिन जी-20 की अध्यक्षता संभाली है। इसके बाद अमेरिका ने अगली बैठक से दक्षिण अफ्रीका को बाहर रखने का फैसला किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एएनसी (अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस) के नेतृत्व वाली सरकार पर तोड़फोड़, संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रति दुश्मनी और एक ऐसे एजेंडे का आरोप लगाया जो फोरम के आर्थिक मिशन को कमजोर करता है। योजना की रूपरेखा पेश करते हुए विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि जी-20 अपने मूल आर्थिक विकास के मुद्दों पर वापस लौटेगा। रूबियो ने कहा कि अमेरिका 'जी-20' में सिर्फ दोस्तों, पड़ोसियों और साझेदारों को आमंत्रित करेगा। इसमें पोलैंड को भी शामिल किया जाएगा, जिसे उन्होंने दुनिया की 20 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक बताया। उन्होंने कहा कि पोलैंड की भागीदारी सुधारों को अपनाने और भविष्य पर ध्यान देने वाले देश की सफलता को दर्शाती है। इसके बिल्कुल विपरीत उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के नेतृत्व की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि मंडेला युग के बाद वहां की सरकार ने सामंजस्य की जगह पुनर्वितरणकारी नीति अपनाई, जिसने निवेश को हतोत्साहित किया और देश के सबसे प्रतिभाशाली नागरिक विदेश चले गए।

उन्होंने कहा कि जातीय कोटा ने निजी क्षेत्र को पंगु बना दिया है, जबकि भ्रष्टाचार ने राज्य को दिवालिया कर दिया है। इस कारण दक्षिण अफ्रीका दुनिया की 20 सबसे बड़ी औद्योगिक अर्थव्यवस्थाओं के समूह से पूरी तरह बाहर है। उन्होंने कहा कि इस साल जी-20 की साउथ अफ्रीका की अध्यक्षता ने नफरत, बंटवारे और कट्टरपंथी एजेंडा को बढ़ावा देकर जी-20 की प्रतिष्ठा को धूमिल किया। इसमें जलवायु परिवर्तन, विविधता और समावेशन व सहायता पर निर्भरता जैसे मुद्दों पर जोर दिया गया। उन्होंने प्रिटोरिया पर अमेरिका की आपत्तियों को नजरअंदाज करने, वाशिंगटन और अन्य देशों के इनपुट को ब्लॉक करने और इन बातचीत पर काम कर रहे अमेरिकी अधिकारियों की जानकारी लीक करने का आरोप लगाया।

## रूस-यूक्रेन युद्ध पर समझौते का दावा : राष्ट्रपति ट्रंप बोले– एक और युद्ध खत्म कराने की तरफ बढ़ रहे हैं

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि वे रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध को समाप्त कराने के लिए एक महत्वपूर्ण समझौते की दिशा में बढ़ रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका अब पहले से अधिक मज़बूत स्थिति में है और दुनिया में शांति स्थापित करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने दावा किया, 'हमने आठ युद्ध सुलझाए हैं और अब एक और युद्ध खत्म करवाने के लिए समझौते की ओर बढ़ रहे हैं। उम्मीद है कि रूस और यूक्रेन के बीच भी युद्ध समाप्त करने का रास्ता जल्द निकलेगा।' हालाँकि, भारत दौरे पर पहुँचे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इन दावों को खारिज किया है। पुतिन ने साफ कहा कि फिलहाल रूस और यूक्रेन के बीच किसी समझौते की संभावना नहीं है। दोनों देशों के बीच युद्ध को लगभग चार साल होने को हैं और अभी तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। उधर, अमेरिकी शांति योजना पर बातचीत कर रहे ट्रंप के वार्ताकारों का मानना है कि पुतिन युद्ध समाप्त करने की इच्छुक स्थिति में हैं, हालांकि रूस की आधिकारिक प्रतिक्रिया इससे अलग है। ट्रंप के इस दावे के बाद यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि क्या दोनों देशों के बीच शांति वार्ता की कोई वास्तविक प्रगति होती है या नहीं।

# अमेरिका ने वर्क परमिट की अवधि कम की, हजारों भारतीय पेशवरों पर पड़ेगा असर

एजेंसी

**वाशिंगटन ।** अमेरिका के इमिग्रेशन सिस्टम में एक बड़ा बदलाव करते हुए यूएस सिटीजनशिप एंड इमीग्रेशन सर्विसेज (यूएससीआईएस) ने यह घोषणा की है कि अब एम्प्लॉयमेंट ऑथराइजेशन डॉक्यूमेंट्स यानी ईएडी की अधिकतम वैधता अवधि घटा दी जाएगी। इस फैसले का असर लाखों भारतीय पेशेवरों और उनके परिवारों पर पड़ेगा। एजेंसी का कहना है कि यह बदलाव सुरक्षा जांच को मजबूत करने और संभावित जोखिमों का पता लगाने के लिए जरूरी है। यूएससीआईएस ने कहा कि नई नीति से अमेरिका में काम करने की अनुमति मांगने वाले लोगों की बार-बार जांच हो सकेगी, जिससे धोखाधड़ी रोकी जा सके और ऐसे व्यक्तियों की पहचान की जा सके जिनके इरादे हानिकारक हों, ताकि उन्हें देश से हटाने की प्रक्रिया शुरू की जा सके। डायरेक्टर जोसेफ एडलो ने इस फैसले को पब्लिक सेफ्टी की चिंताओं से जोड़ा। उन्होंने कहा कि रोजगार-अनुमति अवधि कम करने से यह सुनिश्चित किया



जा सकेगा कि जो लोग अमेरिका में काम करना चाहते हैं, वे सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा न बनें और देश-विरोधी विचारधाराओं को न बढ़ाएं। उन्होंने हाल ही की एक घटना का जिक्र करते हुए कहा कि वॉशिंगटन में नेशनल गार्ड के सैनिकों पर हमला करने वाला व्यक्ति पिछले प्रशासन द्वारा देश में आने दिया गया था। इस घटना के बाद यह और जरूरी हो गया है कि विदेशी नागरिकों की बार-बार जांच हो। ये बदलाव सीधे तौर पर कई कैटेगरी पर असर डालते हैं, जिनका भारतीय नागरिक बड़ी संख्या में उपयोग करते हैं, जैसे कि रोजगार-आधारित ग्रीन कार्ड के आवेदक और वे एच-1बी कर्मचारी जिनकी प्रक्रिया चल रही है। अब नई नीति के अनुसार शरणार्थियों, आश्रय मांगने वालों, हटाने की प्रक्रिया से राहत पाने वालों और ग्रीन कार्ड आवेदन (आईएनए 245) करने वालों को दिए जाने वाले ईएडी पहले पांच साल के लिए मान्य होते थे, लेकिन अब ये केवल 18 महीने के लिए मान्य होंगे।

पॉलिसी अलर्ट में कहा गया है कि यह नियम 5 दिसंबर, 2025 को या उसके बाद लंबित या दायर किए गए सभी आवेदनों पर लागू होता है।

पहले से ही वर्षों से ग्रीन कार्ड की लंबी प्रतीक्षा झेल रहे भारतीय आवेदकों के लिए यह बदलाव नई चिंता पैदा कर सकता है। बहुत से भारतीय लंबे समय तक नौकरी जारी रखने के लिए लंबे समय वाले ईएडी और एडवांस पैरोल दस्तावेजों पर निर्भर रहते हैं। भारतीय प्रवासी समुदाय अमेरिका में रोजगार-आधारित वीजा के सबसे बड़े लाभार्थी हैं। वे इस बदलाव से सबसे अधिक प्रभावित होंगे।

# सिर और गर्दन के कैंसर का इलाज अब मिनिमली इनवेसिव सर्जरी से संभव



भारत में सिर और गर्दन का कैंसर एक आम समस्या बनती जा रही है। इन समस्याओं में ओरल यानी कि मुंह के कैंसर के मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है। अन्य देशों की तुलना में भारत में इस कैंसर का खतरा बहुत ज्यादा है। हालांकि, शुरुआती निदान के साथ इस कैंसर का इलाज संभव है, लेकिन दुर्भाग्य से वेस्टर्न दुनिया की तुलना में भारत में इस कैंसर का सरवाइवल रेट बहुत कम है।

ग्लोबोकैन 2018 की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, देश की 24 प्रतिशत आबादी सिर और गर्दन के कैंसर से पीड़ित है, और हर साल इस कैंसर के 2.75 लाख नए मामले रजिस्टर किए जाते हैं। आईसीएमआर की नेशनल कैंसर रेजिस्ट्री प्रोग्राम के डाटा के अनुसार, देश के तीन कैंसर मामलों में से एक बीआईएमएआरयू राज्यों (बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और उत्तर प्रदेश) से संबंधित होता है। 2016 में, भारत में 14.5 लाख कैंसर के मामले दर्ज किए गए थे, जबकी 2017 में यह संख्या बढ़कर 15.17 लाख हो गई। इनमें से 5.75 लाख मामले बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के थे। चार बीआईएमएआरयू राज्यों में से एक यूपी में कैंसर के 2.5 लाख मामले देखे गए जो देश के किसी भी राज्य की तुलना में सबसे ज्यादा हैं। यूपी की बात करें तो इसका मुख्य कारण यह है कि, वहां के लोग पान मसाला और तंबाकू का सेवन बहुत ज्यादा करते हैं।

पहले का इलाज केवल कैंसर और बीमारी को ठीक करने के लिए किया जाता था, जिसके कारण मरीज को अन्य समस्याओं, जैसे टेढ़ा चेहरा, निशान, टेढ़-मेढ़े दांत, चेहरे के आकार में बदलाव, कंधों में झुकाव आदि से जूझना पड़ता था। टेक्नोलॉजी में प्रगति के साथ आज मिनमली इनवेसिव सर्जरी के जरिए सिर और कैंसर के चौथे चरण का इलाज भी संभव हो गया है, जिसके परिणाम भी अच्छे होते हैं। ऐसे कैंसरों के इलाज को बेहतर करने के लिए आज देश में ट्रांस-ओरल रोबोटिक सर्जरी (टीओआरएस) भी उपलब्ध है। इस सर्जरी के परिणाम बेहतर होने के साथ ही मरीज का चेहरा भी खराब नहीं होता है और न ही कोई निशान रह जाते हैं। टीओआरएस के साथ मरीजों के सरवाइवल रेट में भी सुधार आया है।

## ट्रांस-ओरल रोबोटिक सर्जरी- इलाज के लिए एक मिनिमली इनवेसिव प्रक्रिया

ट्रांस-ओरल रोबोटिक सर्जरी एक नई तकनीक है, जो कैंसर की खतरनाक से खतरनाक सेल्स को भी हटा देता है। रोबोटिक हाथ, बिना कोई चीरा लगाए गर्दन की सभी कैंसर कोशिकाओं को हटा देता है। पहले जुबान के ज्यादा अंदर, यानी कि टॉन्सिल्स तक पहुंचना मुश्किल होता था, लेकिन आज टेक्नोलॉजी में प्रगति के साथ वहां तक पहुंचना भी संभव हो गया है। ये प्रक्रिया न सिर्फ कैंसर के मरीजों के लिए बल्कि सर्जनों के लिए भी एक वरदान साबित हुई है। सर्जरी के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरणों को रोबोटिक सिस्टम से कंट्रोल किया जाता है, जिसकी मदद से छोटी से छोटी जगह तक भी आसानी से पहुंच कर इलाज किया जा सकता है। चीरा लगाने की जरूरत न होने के कारण न्यूरोवस्कुलर टिशूज को कोई नुकसान नहीं पहुंचता है, जिससे मरीजों को निगलने में आसानी होती है और अस्पताल से डिस्चार्ज भी जल्दी कर दिया जाता है। सर्जरी के बाद मरीज की देखभाल का पूरा ख्याल रखा जाता है, जिससे उनमें ब्लीडिंग, इंफेक्शन या कोई और समस्या न हो सके।

## टीओआरएस- एक एडवांस तकनीक

रोबोटिक सर्जरी होने के कारण कैंसर के इलाज में बदलाव हुए हैं। मिनिमली इनवेसिव प्रक्रिया की मदद से अब ओपन सर्जरी की जरूरत नहीं पड़ती है। पहले इस प्रकार के कैंसर के इलाज के लिए कीमोथेरेपी और रेडिएशन थेरेपी का इस्तेमाल किया जाता था, लेकिन देर से निदान के कारण इलाज के परिणाम कुछ खास नहीं होते थे। दुर्भाग्य से, टीओआरएस से पहले सर्जरी पूरी तरह से इनवेसिव (सर्जरी के लिए बड़ा चीरा लगाना पड़ता था) हुआ करती थी। चीरे और काट-पीट के कारण रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी के बाद भी मरीजों के चेहरों के आकार खराब हो जाते थे। लेकिन यह मिनिमली इनवेसिव प्रक्रिया 100 फीसदी सुरक्षित है।

## भारत में टीओआरएस का भविष्य कैसा होगा?

ट्रांस-ओरल रोबोटिक सर्जरी का इस्तेमाल जुबान, मुंह, गला और सिर व गर्दन के कई अन्य स्थानों के कैंसर के इलाज के लिए किया जाता है। सर्जिकल उपकरणों में प्रगति के साथ, रोबोटिक टेक्नोलॉजी की मदद से सभी प्रकार के ट्यूमर तक पहुंचना संभव हो गया है।

टीओआरएस की मदद से सिर और गर्दन के कैंसर का इलाज करना बेहद आसान हो गया है, जिसमें न तो आवाज जाने का खतरा होता है और न ही निगलने में परेशानी होती है। इसके अलावा, इस एडवांस सर्जरी की मदद से मरीज जल्दी ठीक हो जाता है और उसके चेहरे पर कोई निशान भी नहीं रहते हैं। देश के कई डॉक्टर इस विकल्प को पसंद कर रहे हैं।

- डॉक्टर समीर कौल

# टेस्टी अंगूर के आश्चर्यजनक फायदे

मीठे अंगूर के दाने न सिर्फ खाने में स्वादिष्ट होते हैं, बल्कि ये सेहत का खजाना भी है। आपको हेल्दी रखने के साथ ही अंगूर आपकी त्वचा और बालों के लिए भी फायदेमंद होता है। इंस्टेंट एनर्जी के लिए भी आप अंगूर का सेवन कर सकते हैं।

- ब्रेस्टफीट कराने वाली महिलाओं को रोजाना करीब 100 ग्राम अंगूर खाना चाहिए। इससे दूध बढ़ता है है।
- कब्ज की वजह से सिरदर्द, चक्कर जैसी समस्याएं हो रही हैं, तो इससे राहत के लिए रोजाना नियमित रूप से 25 ग्राम अंगूर का रस पीएं।
- एसिडिटी होने पर 25-25 ग्राम अंगूर और सौंफ को रातभर 250 मि ली। पानी में भिगोकर रखें। सुबह उसे मसलकर छान लें। फिर उसमें 10 ग्राम शक्कर मिलाकर पीएं। कुछ दिनों तक नियमित रूप से ऐसा करने से एसिडिटी से राहत मिलेगी।



- यदि आपको कमजोरी महसूस हो रही है, तो 25 ग्राम अंगूर खाएं और उसके बाद आधा लीटर दूध पीएं। इससे कमजोरी दूर होगी।
- पेशाब में गर्मी की समस्या होने पर 50 ग्राम काले अंगूर को रातभर ठंडे पानी में भिगोकर रखें। सुबह मसलकर छान लें। फिर इसमें थोड़ा-सा जीरा चूर्ण मिलाकर पीएं। इससे पेशाब की गर्मी दूर होगी।
- पत्थरी दूर करने में अंगूर फायदेमंद होता है। अंगूर के बीज को पीसकर चूर्ण बना लें। इसे फांककर ऊपर से एक ग्लास दूध पीएं। ऐसा करने से पथरी गलकर बाहर आ जाएगी।
- अंगूर में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर को न केवल कैंसर से, बल्कि हार्ट डिसीज, नर्व डिसीज, अलइमर, वायरल और फंगल इंफेक्शन से लड़ने की ताकत देते हैं।
- प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, फैट, सोडियम, फाइबर, विटामिन ए, सी, ई, के, कैल्शियम, कॉपर, मैग्नीशियम, मैंग्नीज, जिंक और आयरन के गुणों से भरपूर अंगूर में कैलोरी मात्रा बहुत कम होती है।
- शरीर के किसी भी हिस्से से खून निकलने पर एक ग्लास अंगूर के जूस में दो चम्मच शहद घोलकर पिलाने से खून की कमी दूर हो जाती है और खून बहना बंद हो जाता है।
- अंगूर में ग्लूकोज व विटामिन ए पर्याप्त मात्रा में होता है, इसलिए अंगूर खाने से भूख बढ़ती है और पाचन शक्ति ठीक रखती है। अंगूर आंखों, बालों व त्वचा को भी शाइनी बनाता है।
- अंगूर फोड़े-फुंसियों व पिंपल्स को सुखाने में मदद करता है। अंगूर के रस से गरारे करने से मुंह छालों से राहत मिलती है।



## गुड़ और आटे का हलवा

### सामग्री

- ¼ कप घी
- 1 कप आटा
- ½ कप गुड़
- इलाइची पाउडर
- 10-15 रेसे केसर
- बादाम
- काजू पिस्ता बारीक कटे हुए

### विधि

सबसे पहले एक पैन लें और उसमें घी गरम करें अब पैन में आटा डालें और आटे को घी में खूब भूनें। जबतक आटा थोड़ा सुनहरा न हो जाए तब तक उसे भूनें। इससे आटा पैन में चिपकेगा नहीं। इसके बाद 2 कप पानी में कुछ देर के लिए गुड़ को भिगो दें। जब गुड़ पानी में पिघल जाए तो उस पानी को आटे में डालें। इसके बाद मिश्रण में इलाइची पाउडर, केसर डालें और उसे अच्छी तरह से मिक्स करें। इसे तब तक पकाएं जब तक यह मिश्रण थिक न हो जाए। अब हलवे को ड्राय फ्रूट्स से गार्निश करें और गरम-गरम खाने के लिए परोसें। आप इस हलवे को 3 से 4 दिन तक फ्रिज में रख कर प्रीहीट करके भी खा सकते हैं।



## पनीर रैप

### सामग्री

- नीर- 150 ग्राम
- ऑयल-1 बड़ा चम्मच
- प्याज- 1 छोटा
- हरी शिमला मिर्च- 1 मीडियम साइज
- लाल मिर्च पाउडर- 1 छोटा चम्मच
- बीन स्प्राउट्स- 1/2 कप
- सलाद पत्ते- 4 बड़े
- नमक- स्वादानुसार
- Veeba Vinaigrette ड्रेसिंग- 2 बड़े चम्मच
- वीबा मिंट मेयोनेज- 4 बड़े चम्मच

### विधि

इस टेस्टी स्नैक रेसिपी को बनाने के लिए सबसे पहले पनीर को दो स्ट्रिप्स, प्याज को लंबा-लंबा, शिमला मिर्च को पतली स्ट्रिप्स में काट लें। फिर कड़ाही में तेल गर्म करें। एक बार जब तेल पर्याप्त गर्म हो जाए, तो इसमें प्याज के स्लाइस डालें और आधे मिनट के लिए सौते करें। अब इसमें हरी शिमला मिर्च, लाल मिर्च पाउडर, पनीर स्ट्रिप्स, नमक डालकर मीडियम आंच पर 2 मिनट के लिए सौते करें। अब इसमें बीन स्प्राउट्स मिलाएं और एक और मिनट के लिए फिर से सौते करें। पैन को गैस पर से उतार लें और एक तरफ रख दें। रैप तैयार करने के लिए, पनीर मिश्रण को 2 बराबर भागों में बांटे। वर्कटॉप पर रैप रखें और उसके ऊपर सलाद पत्ता रखें। फिर उस पर समान रूप से वीबा मिंट मेयोनेज का 1 टीस्पून लगाएं और फिर रैप के बीच में पर्याप्त मात्रा में पनीर मिश्रण रखें। फिर इसमें आधा चम्मच Veeba Vinaigrette ड्रेसिंग मिलाएं। आपका टेस्टी पनीर रैप तैयार है इसे गर्मा-गर्म परोसें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहें। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। पुराने मित्र मिलेगें। शुभांक-4-6-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। विरोधियों सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-3-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक क्ष्चताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक-2-4-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): उच्चमनोबल रखकर कार्य करें, सफल होगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। शुभांक-1-3-5

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-4-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-5-7-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता हैं। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कलह विवाद का डर बना रहेगा। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-3-5-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेंगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभांक-1-4-8

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-3-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-1-4-6


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शुभांक-2-4-6

## काकुरो पहेली - 2668




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

### काकुरो - 2667 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक सेठ अपने बेटे को कॉलेज में नाम लिखवाने आये.

'सेठजी आप लेट हो गए हैं, अब तो कोई भी सीट खाली नहीं है.' प्रधानाचार्य ने कहा.

सेठजी ने कहा-आप चिन्ता न करें, मेरे बेटे का नाम लिख लें. सीट मैं नयी बनवा दूँगा.

'कुँवारे व्यक्ति को तुम स्वार्थी क्यों कहती हो ?' पहली फिल्म अभिनेत्री ने दूसरी फिल्म अभिनेत्री से पूछा.

दूसरी अभिनेत्री ने कारण बताया, 'क्योंकि कुँवारा व्यक्ति किसी महिला को तलाक का अवसर नहीं देता.'

विवाह के कुछ दिन बाद पति-पत्नी में लड़ाई हो गयी. पत्नी बोली, 'मैं मायके जा रही हूँ, अब नहीं आऊँगी.'


पति शांत रहा. उसने जेब में हाथ डाला और उसे रुपये देकर बोला, 'यह लो ट्रेन का किराया.'

पत्नी ने रुपये गिने और बोली, 'ट्रेन की वापसी का किराया कौन देगा ?'

युवती-किसी ने सत्य ही कहा है कि जिसे शक्ल मिलती है उसे अक्ल नहीं मिलती.

युवक-इसलिए तो मैंने तुमसे प्रेम किया है.

## फिल्म वर्ग पहेली- 2668



### बायें से दायें:-

१. नाना, सलमान, सीमा, मनीषा की 'आज मैं ऊपर' गीत वाली फिल्म-३
३. 'जै जै शिवशंकर' गीत वाली संजीव कुमार, राजेश, मुमताज की फिल्म-३,३
७. धर्मेन्द्र, मनोजकुमार, सायराबानो की 'आज की रात नया चांद' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'एक तेरा साथ हमको' गीत वाली अजय, मा.सत्यजीत, अलका की फिल्म-३
११. मनोजकुमार, बबीता की 'वो परी कहां से लाऊं' गीत वाली फिल्म-४
१२. 'राम हो क्या तुम' गीत वाली राजेश खन्ना, श्रीदेवी की फिल्म-२,३
१४. फिल्म 'बावरे नैन' में राजकुमार के साथ नायिका कौन थी ?-२
१६. अमिताभ, नीतूसिंह की 'छूकर मेरे मन को' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'रंग चला बहार चली' गीत वाली राजेश खन्ना, ऋषि कपूर, पूनम ढिल्लों की फिल्म-३
१९. नसीरूद्दीनशाह, अतुल अग्निहोत्री, पूजा भट्ट की 'ये उजली चांदनी जब' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'दिल ने चाहा है क्या' गीत वाली सनी देओल, फरहा की फिल्म-३
२१. फिल्म 'चोरी चोरी' में अजय देवगन के साथ नायिका कौन है. ?-२
२२. संजयदत्त, फरहा की 'ओ गुड़िया ओ बहना' गीत वाली फिल्म-३
२४. 'तूने जिंदगी में आके' गीत वाली बॉबी देओल, अक्षय खन्ना, अमीषा पटेल की फिल्म-४
२७. अमिताभ, वहीदा, नीतू सिंह की 'हमका ऐसा वैसा ना' गीत वाली फिल्म-४
२८. फिल्म 'मासूम' का नायक था-२,३

### ऊपर से नीचे:-

१. 'वादा रहा' गीत वाली अमिताभ, अजय, अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
२. मिथुन चक्रवर्ती, मुनमुन सेन की १९८६ की एक फिल्म-२
४. 'एक चतुर नार' गीत वाली सुनीलदत्त, किशोरकुमार, सायराबानो की फिल्म-४
५. अनिल, जैकी, पूजा भट्ट की 'जो मांगा था ख्वाब में' गीत वाली फिल्म-२,१,२
६. 'रूकी रूकी सी जिंदगी' गीत वाली आफताब, उर्मिला की फिल्म-२
८. अजय देवगन, अक्षय, उर्मिला की 'ये ताजगी ये सादगी' गीत वाली फिल्म-४
९. 'राजा की आयेगी बरात' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
११. राकेश रोशन, हेमा की 'आज उनसे पहली' गीत वाली फिल्म-३,२
१३. 'जाना तेरे प्यार में' गीत वाली अश्मित पटेल, इमरान हाशमी, मल्लिका की फिल्म-३
१५. प्रदीपकुमार, बीना राय की 'पाँव छू लेने दो' गीत वाली फिल्म-५
१७. 'रूखी सूखी रोटी' गीत वाली अनिलकपूर, रानी मुखर्जी की फिल्म-३
१९. फिल्म 'प्यार कोई खेल नहीं' में महिमा के साथ नायक कौन था-२
२१. 'अकेले हैं चले आओं' गीत वाली राजेशखन्ना, बबीता की फिल्म-२
२३. राजकुमार, राजेश खन्ना, माला की 'चुपके से दिल देदे' गीत वाली फिल्म-३
२५. फिल्म 'गाँवार' में नायक कौन था-३
२६. 'मैं प्यासा तुम सावन' गीतवाली फिल्म-३

### फिल्म वर्ग पहेली- 2667

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दे | व | | प्रे | म | क | हा | नी | | जी |
| व | | तु | म | | सू | | तू | फा | न |
| ता | ल | | पु | का | र | | सिं | | त |
| | क्ष्य | | जा | | | तो | ह | फा | |
| नी | | मे | री | जं | ग | | | गु | स |
| क | बी | ला | | ग | | प्या | | न | |
| री | | | सो | ल | वां | सा | ल | | दा |
| | जु | ग | नू | | टे | | व | ही | दा |
| ध | र्मा | | | | ड | | स्टो | | गि |
| | ना | जा | य | ज | | चो | री | चो | री |

## सूडोकु -2668


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -2667 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

## शब्द पहेली - 2668



### बाएँ से दाएँ

1.द्वेष,झगड़ा,रार-3
4.बुरकापोश-5
8.गागर,घड़ा-3
9.प्याऊ (उर्दू-3)
10.पैंदा,तला-2
12.बरस,वर्ष-2
13.सतत,लगातार-5
16.मजार,समाधि-4
17.उदारता,बड़पन्न-4
18.वायदा,कसम-2
19.महीना,माह-2
20.हमसफर-4
23.आदेश,आज्ञा-4
25.कहानी लेखक-5
28.गधा,गर्दभ-2
29.श्रवणेंद्रिय-2
31.बारिश,वर्षा-3
33.देवर्षि-3
35.दया करना-3,2
36.चिंतन

### ऊपर से नीचे

1.कुपुत्र-3
2.अधिकार-2
3.सलाह,राय-4
4.अफसोस,खेद-4
5.शीतकालीन फसल-2
6.दलहन-2
7.ठंडा,सर्द-3
11.जिज्ञासा,उत्साह-3
12.बारिश का मौसम-3
13.धारावाही,अविराम, सीरियल-5
14.रीत,परंपरा-2
15.जीवनसाथी, हमराही-5
21.मोर-3
22.जल,नीर-2
24.पीहर-3
26.गजशाला, हाथी घर-4
27.करतब, करामात-4
28.उपभोग,खर्च-3
30.नेत्र,चक्षु,आंख-3
31.सवारी गाड़ी-2
32.रहन,गिरवी वस्तु-2
34.ताकत,जोर,बल-2

### शब्द पहेली -2667 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | न | मो | ह | न | | र | वा | ना | हो | ना |
| न | | म | क | र | | त | ल | ना | | का |
| मो | ह | | | गि | | ज | | | क | म |
| ह | म | | आ | स | ल | गा | ना | | मा | या |
| क | ल | र | व | | क्ष्य | | म | त | ल | ब |
| | | | भ | ला | | जो | र | | | |
| ज | ग | म | ग | | मौ | | ख | चा | ख | च |
| मी | ल | | त | म | त | मा | ना | | र | म |
| न | त | | | हा | | ल | | | ल | क |
| दा | | म | चा | न | | खा | रि | श | | दा |
| र | म | णी | य | ता | | ना | ट | क | का | र |

## छत्तीसगढ़ के बीजापुर मुठभेड़ में मारे गए 18 में से 16 इनामी नक्सलियों की हुई शिनाख्त

**एजेंसी**

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर पश्चिम बस्तर डिवीजन क्षेत्र के थाना भैरमगढ़, जांगला और नैमेड के सरहदी क्षेत्रान्तर्गत पोटेनार व कचीलवार के जंगल क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में मारे गए सभी 18 नक्सलियों के शव बरामद कर बीजापुर जिला मुख्यालय लाया गया। इनमें से अब तक 16 नक्सलियों की शिनाख्त हो चुकी है। इन पर एक करोड़ 30 लाख का इनाम घोषित था। बस्तर संभाग के आईजी सुंदरराज पी और बीजापुर एसपी डॉ. जितेन्द्र यादव ने आज प्रेसवार्ता में मुठभेड़ से संबंधित जानकारी मीडिया से साझा की। उन्होंने बताया कि मारे गए 18 में से 16 नक्सलियों की पहचान हो गई है। इन नक्सलियों पर कुल 1 करोड़ 30 लाख का इनाम था। इसके साथ ही गंगालूर क्षेत्र से आतंक का पर्याय नक्सली संगठन खत्म हो गया है। बस्तर आईजी ने बताया कि मारे गए 18 में 09 महिला नक्सली शामिल थीं। इसमें 10 लाख का इनामी नक्सली कमांडर वेल्ला भी है। उन्होंने बताया कि नक्सलियों के कंपनी नम्बर 2 और कंपनी नम्बर 7 के नक्सली इस मुठभेड़ में मारे गए हैं। मुठभेड़ स्थल से कुल 19 हथियार बरामद हुए हैं। इनमें एके-47, एलएमजी 303 रायफल और ऑटोमैटिक हथियार शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पिछले 19 महीनों में अलग-अलग मुठभेड़ में प्रदेश में अब तक कुल 469 नक्सली कैडर मारे गए हैं। उन्होंने नक्सलियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि बचे नक्सली जल्द ही आत्मसमर्पण कर दें नहीं तो सुरक्षाबल के जवानों का सामना करना पड़ेगा।

## नौसेना ने तिरुवनंतपुरम के शंगुमुघम तट पर 'समुद्री शक्ति' का प्रदर्शन किया

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने तिरुवनंतपुरम के शंगुमुघम समुद्र तट पर अपनी परिचालन क्षमता और समुद्री क्षमताओं का शानदार प्रदर्शन किया। इस दौरान नौसेना की दुर्जेय युद्ध क्षमताओं, प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता और परिचालन तत्परता को जीवंत करने के साथ ही देश की बढ़ती समुद्री शक्ति और आत्मनिर्भरता को भी दर्शाया गया। बतौर मुख्य अतिथि आने पर भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 150 जवानों ने औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया और स्वागत नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने किया। सेना दिवस पर हुए इस कार्यक्रम को केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन सहित अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तियों, वरिष्ठ केंद्रीय एवं राज्य के सरकारी अधिकारियों, सैन्य अधिकारियों और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने देखा। इस ऑपरेशन डेमो में अग्रिम पंक्ति के प्लेटफार्मों ने समन्वित युद्धाभ्यास का एक रोमांचक प्रदर्शन किया, जो नौसेना की समुद्री क्षेत्र में शक्ति और सटीकता प्रदान करने की क्षमता का प्रतीक था।

## एसआईआर के बीच बड़ी संख्या में लौट रहे हैं बांग्लादेशी, भारत-बांग्लादेश सीमा पर बढ़ाई गई सुरक्षा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया के बीच भारत - बांग्लादेश सीमा पर हलचल तेज हो गई है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) नॉर्थ बंगाल फ्रंटियर के आईजी मुकेश त्यागी ने बताया कि एसआईआर शुरू होने के बाद बांग्लादेशी नागरिकों के अपने देश लौटने की प्रवृत्ति बढ़ गई है। बीते वर्ष भारत से कुल 47 बांग्लादेशी नागरिक लौटे थे, जबकि इस वर्ष पिछले तीन माह में ही 186 नागरिक वापस जा चुके हैं। आईजी मुकेश त्यागी ने कदमतला स्थित नॉर्थ बंगाल फ्रंटियर मुख्यालय में बीएसएफ के 61वें स्थापना दिवस पर संवाददाता सम्मेलन में बताया कि 27 अक्टूबर को एसआईआर की घोषणा होने के बाद उत्तर 24 परगना के सीमा इलाकों से रोजाना बड़ी संख्या में लोग बांग्लादेश की ओर लौटते देखे गए हैं। कई लोगों ने स्वीकार किया है कि वे अवैध रूप से भारत आए थे और रोजगार की तलाश में घर छोड़ चुके थे। अब एसआईआर के माहौल में वे अपने देश वापस जाना चाहते हैं। कई लोगों ने इस पर कुछ भी कहने से इनकार किया। आईजी ने बताया कि संवेदनशील चिकेन नेक या सिलिगुड़ी कॉरिडोर में सुरक्षा काफी बढ़ाई गई है। यहां सीमा के करीब 75 प्रतिशत हिस्से में नई अत्याधुनिक फेंसिंग और कैमरे लगाए जा चुके हैं।

## स्वाति मालीवाल ने राज्यसभा में उठाया महिला सुरक्षा का मुद्दा

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने महिलाओं की सुरक्षा और न्याय से जुड़े मुद्दों को आज सदन में उठाते हुए कहा कि देश में हर एक घंटे में 51 महिलाओं के साथ अपराध होता है। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने 8 महीने की बच्ची से लेकर 90 साल की महिला तक, कई गंभीर यौन शोषण के मामलों को संभाला है। मालीवाल ने कहा कि हमारे देश में न्याय पाने की प्रक्रिया इतनी लंबी और जटिल है कि कई बार पीड़ित लड़कियों की हिम्मत टूट जाती है। उन्होंने विधि एवं न्याय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल से सवाल पूछा कि देश के उच्च न्यायालयों में लंबित पड़े 63 लाख मामलों के निपटारे के लिए सरकार कौन-से आधुनिक तरीके और कदम अपना रही है? साथ ही, देशभर में खाली पड़े जजों के पदों को भरने के लिए सरकार क्या प्रयास कर रही है? मंत्री मेघवाल ने बताया कि केंद्र सरकार फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट योजना चला रही है, जिसके तहत पॉक्सो अदालतें स्थापित की जा रही हैं।

# चंपावत में सड़क हादसा, 5 बारातियों की मौत, 5 घायल


**एजेंसी**

**चंपावत।** पाटी ब्लॉक क्षेत्र से बारात लौटते समय एक बोलेरो कार के गहरी खाई में गिरने से हादसा हो गया। वाहन घाट के पास बागधार में अनियंत्रित होकर करीब 200 मीटर नीचे जा लुढ़का, जिसमें 5 बारातियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 5 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में एक ही परिवार के दो सदस्य भी शामिल हैं। पुलिस, एसडीआरएफ एवं स्थानीय लोगों ने रेस्क्यू अभियान चलाकर बड़ी मशक्कत के बाद शवों और घायलों को खाई से बाहर निकाला। सभी घायलों को उप जिला चिकित्सालय लोहाघाट पहुँचाया गया है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए लाया जा रहा है। हादसे के कारणों का फिलहाल पता नहीं चला है। मृतकों में प्रकाश चंद्र उनियाल (40 वर्ष) निवासी



दिबडिब्बा विलासपुर, केवल चंद्र उनियाल (35 वर्ष) निवासी निवासी दिबडिब्बा विलासपुर, सुरेश नौटियाल (32 वर्ष) निवासी पंतनगर, प्रियांशु चौबे (6 वर्ष) पुत्र सुरेश चौबे, निवासी सियालदेह, भिक्यासेन, अल्मोड़ा व भावना चौबे (28 वर्ष) पत्नी सुरेश चौबे, निवासी सियालदेह, भिख्यासेन, अल्मोड़ा शामिल हैं। दुर्घटना में देवीदत्त पांडेय (38) पुत्र रामदत्त पांडेय, सेराघाट (अल्मोड़ा) चालक, धीरज उनियाल (12) पुत्र प्रकाश चंद्र उनियाल, रुद्रपुर, राजेश जोशी (14) पुत्र उमेश जोशी, बनकोट गंगोलीहाट, चेतन चौबे (5) पुत्र सुरेश चौबे, दिल्ली व भास्कर पंडा, पुत्र रमेश पंडा, सेराघाट गंगोलीहाट घायल हो गये। जिला आपदा परिचालन केंद्र के अनुसार, 4 दिसंबर को शेराघाट (गंगोलीहाट) से बारात पाटी ब्लॉक के बालातड़ी आई थी। विवाह समारोह के बाद बारात देर रात वापस लौट रही थी, उसी दौरान हादसा हो गया। बोलेरो (यूके 04 टीवी 2074) बागधार क्षेत्र में खाई में जा गिरी।

## लाल किला ब्लास्ट मामला: श्रीनगर के बटमालू में टेक्नीशियन के घर एसआईए की छापेमारी



**एजेंसी**

**श्रीनगर।** राज्य जांच एजेंसी ने बटमालू में एक एयर-कंडीशनिंग टेक्नीशियन के घर पर छापेमारी की जिसे पहले अधिकारियों की एक टीम ने लाल किला ब्लास्ट केस की चल रही जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया था। अधिकारियों ने बताया कि जांचकर्ता हथियार सप्लाई लिंक और आत्मघाती हमलावर डॉ. उमर फारूक के साथ संदिग्ध रिश्तों की जांच को बढ़ा रहे हैं। एसआईए के अधिकारियों की एक टीम ने लाल किला ब्लास्ट मामले की चल रही जांच के सिलसिले में श्रीनगर के दियारवानी बटमालू के रहने वाले तुफैल नियाज भट के बेटे के घर पर पूरी तलाशी ली। यह केस में शामिल बड़े नेटवर्क का पता लगाने के लिए फॉलो-अप जांच का हिस्सा है। एसी टेक्नीशियन को राइफल देने में उसकी संदिग्ध भूमिका के लिए जांच में पहले ही हिरासत में लिया जा चुका है। यह नई छापेमारी सबूत इकट्ठा करने और टेरर मॉड्यूल से जुड़े संभावित संबंधों की पहचान करने के लिए की गई।

## उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण की समय सीमा बढ़ाने की मांग

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के जरिए बनाए गए उम्मीद पोर्टल पर देशभर की वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण की समय सीमा 5 दिसंबर अर्थात शुक्रवार को समाप्त होने जा रही है। तमाम प्रयासों के बावजूद पोर्टल पर देशभर में फैली 8 लाख से अधिक वक्फ संपत्तियों में से मात्र 30% संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन होने की संभावना जताई जा रही है। सुप्रीम कोर्ट के जरिए उम्मीद पोर्टल की समय सीमा बढ़ाए जाने से मना करने के बाद अब महज सरकार से इस पोर्टल की समय सीमा बढ़ाई जाने की उम्मीद लगाई जा रही है।

संसद में भी इस मुद्दे को लेकर सांसदों के जरिए आवाज बुलंद की गई है और उम्मीद पोर्टल की समय सीमा बढ़ाए जाने की मांग की गई है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने भी केंद्र सरकार से पोर्टल की समय सीमा बढ़ाए जाने की मांग करते हुए कहा है कि जितना समय दिया गया था, वह काफी नहीं था। देशभर में फैली वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण के लिए और अधिक समय की जरूरत है जिसे बढ़ाया जाना चाहिए। बोर्ड की तरफ से इस सिलसिले में केंद्रीय अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री किरेन रिजिजू को एक पत्र लिखकर मिलने का समय भी मांगा गया है। ज्ञात हो कि केंद्र सरकार ने वक्फ संशोधित कानून 2025 के लागू होने के बाद वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण के लिए एक उम्मीद पोर्टल बनाया था और तमाम मुतवल्लियों से उम्मीद पोर्टल पर अपनी वक्फ संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन करने की अपील की थी। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने पहले तो पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन करने से मुतवल्लियो को मना किया था लेकिन बाद में पंजीकरण के लिए राजी हो गया और देशभर में वक्फ संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू हो गई। लेकिन बार-बार वक्फ पोर्टल के सुस्त पड़ने और तकनीकी खराबी होने की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। पोर्टल पर संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन और डॉक्यूमेंट के अपलोड करने में दिक्कतें आने की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। बोर्ड ने इस सिलसिले में प्राप्त शिकायतों के आधार पर सुप्रीम कोर्ट से उम्मीद पोर्टल की समय सीमा बढ़ाई जाने की मांग की लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने भी समय सीमा बढ़ाए जाने से इनकार कर दिया है। इसके बाद बोर्ड ने सरकार से उम्मीद पोर्टल की समय सीमा बढ़ाए जाने की मांग की है और इस सिलसिले में केंद्रीय मंत्री से मुलाकात के लिए पत्र भी भेजा है, लेकिन अभी तक केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्री की तरफ से मिलने का समय नहीं दिया गया है। बोर्ड प्रवक्ता कासिम रसूल इलियास ने केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्री से मिलने के लिए बोर्ड के महासचिव की तरफ से लेटर लिखे जाने की बात स्वीकार की है। स्वयं बोर्ड महासचिव मौलाना फजलुर्रहीम मुजददी ने भी केंद्रीय मंत्री को पत्र लिखने की बात स्वीकार करते हुए कहा है कि हमने उनसे मिलने का समय मांगा है और अगर समय मिलेगा तो हम मिलने जरूर जाएंगे और अपने साथ बोर्ड के नेताओं के अलावा अन्य मुस्लिम संगठनों के जिम्मेदारों को भी लेकर जाएंगे और मंत्री से गुजारिश करेंगे।

## भारत की संसद सऊदी अरब के साथ संसदीय मैत्री समूह बनाएगी : लोकसभा अध्यक्ष

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज घोषणा की कि भारत की संसद शीघ्र ही भारत-सऊदी अरब संसदीय मैत्री समूह का गठन करेगी। यह घोषणा सऊदी अरब साम्राज्य की शूरा काउंसिल की ओर से सऊदी-भारत संसदीय मैत्री समिति के चेयरमैन, महामहिम मेजर जनरल डॉ. अब्दुल रहमान बिन सनहत अल-हरबी के नेतृत्व में एक उच्च-स्तरीय शिष्टमंडल के साथ हुई बैठक के दौरान की गई। उन्होंने आज संसद भवन में लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात की।शिष्टमंडल का स्वागत करते हुए बिरला ने इस बात पर ज़ोर दिया कि संसदीय कूटनीति राष्ट्रों के बीच महत्वपूर्ण सेतु का काम करती है, जो गहरी समझ का विकास, सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान और मज़बूत संस्थागत सहयोग को संभव बनाती है। उन्होंने दोनों देशों की संसदीय समितियों के बीच नियमित संवाद का आह्वान किया। अध्यक्ष ने भारत और सऊदी अरब के बीच सदियों पुराने धार्मिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों पर प्रकाश डाला और कहा कि पिछले एक दशक में निरंतर उच्च-स्तरीय माध्यम से विश्व स्तर पर सम्मान अर्जित किया है। सऊदी अरब में योग की बढ़ती लोकप्रियता पर प्रकाश डालते हुए बिरला ने कहा कि इस तरह



आदान-प्रदान ने रक्षा, ऊर्जा, क्षमता निर्माण और उभरते रणनीतिक क्षेत्रों में हमारी साझेदारी को मज़बूत किया है। बिरला ने सऊदी अरब द्वारा वहां निवास करने वाले विशाल भारतीय समुदाय को निरंतर दिए जा रहे समर्थन की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रवासियों ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और सऊदी अर्थव्यवस्था में अपने योगदान के के सांस्कृतिक आदान-प्रदान लोगों के बीच संबंधों को और गहरा करते हैं।उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि शिष्टमंडल की यात्रा द्विपक्षीय एवं संसदीय संबंधों को और मज़बूत करेगी तथा विविध क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देगी। मेजर जनरल डॉ. अब्दुल रहमान बिन सनहत अल-हरबी ने भारत के हज यात्रियों के साथ हुई हालिया त्रासदी पर गहरा दुख व्यक्त किया।

## एनसीआर के एकई इलाकों में एक्यूआई 400 के करीब; 'बहुत खराब' श्रेणी का स्तर बरकरार

**एजेंसी**

**नोएडा ।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में वायु गुणवत्ता एक बार फिर गंभीर स्थिति में पहुंच चुकी है। दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद के कई इलाकों में शुक्रवार की सुबह एक्यूआई खतरनाक स्तर के पास बना रहा। सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी इंडेक्स की रिपोर्ट और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के लाइव डेटा के अनुसार अधिकांश स्टेशनों पर एक्यूआई 300 से ऊपर दर्ज किया गया है, जबकि कई स्थानों पर यह 350-380 की 'बहुत खराब' श्रेणी में बना हुआ है। गाजियाबाद के इंदिरापुरम में एक्यूआई 292, वसुंधरा में 295 और संजय नगर में यह बढ़कर 301 दर्ज किया गया। वहीं, लोनी जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्र में वायु गुणवत्ता बेहद खराब रही और यहां एक्यूआई 380 तक पहुंच गया, जो अत्यधिक प्रदूषण की स्थिति को दर्शाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार यह स्तर सांस से संबंधित बीमारियों, एलर्जी,



आंखों में जलन और लंबे समय के लिए फेफड़ों पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है। नोएडा में भी स्थिति सामान्य नहीं है। सेक्टर-125 में एक्यूआई 367 जबकि सेक्टर-116 में 347 तक पहुंच चुका है। वहीं सेक्टर-62 में एक्यूआई 286 दर्ज किया गया, जो 'खराब' श्रेणी में आता है। समूचे नोएडा क्षेत्र में वायु गुणवत्ता लगातार सामान्य से खराब स्तर पर दर्ज की जा रही है और इसमें सुधार के कोई संकेत नहीं मिल रहे। दिल्ली में हालात और भी अधिक बिगड़े हुए हैं। दिल्ली के कई इलाकों में प्रदूषण का स्तर बेहद चिंताजनक है। अलीपुर में एक्यूआई 324, आनंद विहार में 347, अशोक विहार में 340, बवाना में 373, बुराड़ी क्रॉसिंग में 326, चांदनी चौक में 347 और डी टी यू परिसर में 345 एक्यूआई रिकॉर्ड किया गया। डॉक्टर करणी सिंह शूटिंग रेंज के आसपास भी एक्यूआई 343 रिकॉर्ड किया गया, जो स्वास्थ्य के लिहाज से बेहद खतरनाक माना जाता है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार इतनी खराब गुणवत्ता वाली हवा लंबे समय तक शरीर में घातक प्रभाव छोड़ सकती है। मौसम विभाग का कहना है कि इस बार सर्द हवा चलने के बावजूद प्रदूषण में उल्लेखनीय गिरावट नहीं देखी गई है। आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में हल्की वृद्धि की संभावना जताई जा रही है, लेकिन इससे प्रदूषण में सुधार की संभावना कम है। जिला प्रशासन ने लोगों को अनावश्यक बाहर न निकलने, मास्क पहनने और घरों में एयर प्यूरीफायर का उपयोग करने की सलाह दी है।

## मप्र के भोपाल में आठवाँ हृदय दृश्यम 5 दिसम्बर से, राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर के कलाकारों की होंगी संगीत सभाएं

**एजेंसी**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के भोपाल जिले में संगीत समागम 'हृदय दृश्यम' के आठवें संस?करण का आयोजन 5 से 7 दिसम्बर तक तीन स्थानों पर किया जा रहा है। रविन्द्र भवन में 5, 6 दिसंबर को जगदीशपुर में और भारत भवन में 7 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा।

इस समारोह में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के कलाकारों की संगीत सभाएं होंगी। प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने बताया कि 'हृदय दृश्यम' मध्य प्रदेश की दूरदर्शी सांस्कृतिक संवेदना का ऐसा उदाहरण है, जो प्रदेश की कलात्मकता को नए आयाम देता है। इस संगीत समारोह के माध्यम से एक ओर समृद्ध सांस्कृतिक संसार की छवि सुरों के माध्यम से उकेरी जाती है, दूसरी ओर मध्य प्रदेश की प्राचीन धरोहरों को बढ़ावा दिया जाता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष रवीन्द्र भवन एवं भारत भवन के साथ ही विशेष रूप से भोपाल से निकट प्राचीन जगदीशपुर स्थित सौंदर्यपूर्ण चमन महल में भी संगीत सभाएँ आयोजित की जा रही हैं। जैसा कि प्रधानमंत्री द्वारा विरासत से विकास की पहल की गई है, इसी अनुक्रम में जगदीशपुर को इस प्रतिष्ठित आयोजन के लिए चुना गया है। 'हृदय दृश्यम' ताल, स्वर, रंग और परम्परा के संगम से हृदय को स्पंदित करती है और भोपाल की झीलों, पहाड़ियों और ऐतिहासिक स्थलों के बीच एक आध्यात्मिक-संगीतमय वातावरण रचती है।

## कोर्ट को अस्पताल की तरह करना चाहिए जरूरतमंदों की मदद: न्यायमूर्ति सूर्यकांत

**एजेंसी**

**छतरपुर।** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति सूर्यकांत मध्य प्रदेश के पर्यटन नगरी खजुराहो में पैरा लीगल वॉलंटियर्स एवं पैनल अधिवक्ताओं की रणनीतिक भूमिका और विधिक सहायता एवं मध्यस्थता का भविष्य विषयक सेमिनार में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि पैरा लीगल वॉलंटियर्स की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वह गरीब एवं जरूरतमंदों की सहायता करें। साथ ही स्थानीय भाषा का ज्ञान लेकर लोगों की पीड़ा समझें। उन्होंने रेखांकित किया कि पैरा लीगल वॉलंटियर्स की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वह गरीब एवं जरूरतमंदों की सहायता करें। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (म.प्र.रा.वि.से.प्रा.) का कार्यक्रम खजुराहो के छत्रसाल कन्वेंशन सेंटर हुआ। इसमें कानूनी सहायता तंत्र को मजबूद करने और जमीनी स्तर के पैरा लीगल वॉलंटियर्स (पीएलवी) एवं पैनल अधिवक्ताओं द्वारा न्याय तक पहुंच, वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) तथा मध्यस्थता प्रक्रिया को बढ़ावा देने पर बल दिया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन के अवसर पर सीजेआई सूर्यकांत ने पैरा लीगल वॉलंटियर्स एवं पैनल अधिवक्ताओं की परिवर्तनकारी क्षमता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विधिक अवश्य होना चाहिए, जिससे वह उनकी पीड़ा सही रूप से समझ सकें। उन्होंने सभी पैरा लीगल वॉलंटियर्स एवं विधिक सहायता प्रदान करने वाले अधिवक्ताओं से निवेदन किया कि वे विधिक सहायता के जरूरतमंद लोगों के साथ एक विश्वास का रिश्ता बनाए।



सहायता प्रदान करने वाली संस्था एवं विधिक सहायता प्राप्त करने वाले नागरिकों के मध्य पीएलवी. सेतु का कार्य करते हैं। उन्होंने यह कहा कि वर्तमान समय में न्यायालयों को अस्पताल की तरह हर समय कार्य कर जरूरतमंदों को विधिक सहायता प्रदान करनी चाहिए। उन्होंने विशेष बल देकर कहा कि पैरा लीगल वॉलंटियर्स को विधिक सहायता के जरूरतमंद नागरिकों की स्थानीय भाषा का भी ज्ञान सेमिनार में 300 से अधिक प्रतिभागी सम्मिलित हुए, जिनमें न्यायाधीश, विधिक व्यवसायी, पैरा लीगल वॉलंटियर्स, पैनल अधिवक्ता, शिक्षाविद् तथा कई विधिक सहायता संगठनों के प्रतिनिधि शामिल थे। सेमिनार में विशेष रूप से ग्रामीण एवं उपेक्षित क्षेत्रों में विधिक सहायता सेवाओं की दक्षता एवं पहुंच को बढ़ाने के लिए नवाचारी रणनीतियों पर प्रकाश डाला गया।

## प्रधानमंत्री मोदी नए और सशक्त पूर्वोत्तर भारत के निर्माताः सोनोवाल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नए और सशक्त पूर्वोत्तर के महान वास्तुकार बनकर उभरे हैं और दशकों की उपेक्षा झेल चुका यह क्षेत्र अब देश की वृद्धि, कनेक्टिविटी और राष्ट्रीय गौरव का नया इंजन बन गया है। बीते 10 वर्षों में उत्तर पूर्व को नीति निर्माण के हाशिए से निकालकर राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के केंद्र में लाया गया है और यह परिवर्तन ऐतिहासिक स्तर पर दिखाई देता है। सोनोवाल ने यहां अपने आवास पर प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि उत्तर पूर्व को लंबे समय तक कम प्रतिनिधित्व और कम निवेश मिला लेकिन मोदी सरकार ने इसे 'अष्टलक्ष्मी' के रूप में विकसित किया है। रेल, सड़क, हवाई और जलमार्ग कनेक्टिविटी में तेजी से विस्तार हुआ है। अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, मणिपुर और मिजोरम को ब्रॉडगेज से जोड़ा गया है, जबकि बोगीबीली पुल और भैरबी-सैरांग लिंक जैसे प्रोजेक्ट क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को नए स्तर पर ले गए हैं।

## प्रदूषण पर जंग : उपराज्यपाल-मुख्यमंत्री बैठक में सख्त निर्देश

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के प्रदूषण नियंत्रण पर आज लोकनिवास (राजनिवास) में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए गए कि प्रदूषण नियंत्रण को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सभी विभागों को यह भी कहा गया कि वे लगातार समन्वित रूप से प्रयास करें ताकि प्रदूषण को और प्रभावी तरीके से लगातार नियंत्रण में रखा जा सके। इस बैठक में दिल्ली सरकार के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद, मुख्य सचिव राजीव वर्मा व संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में यह स्पष्ट निर्देश था कि राजधानी में धूल को हर हाल में नियंत्रित किया जाना जरूरी है। इसके लिए कई स्तर पर प्रयास चल रहे हैं। बैठक में यह भी बात उभरी की धूल के साथ-साथ कूड़े-मलबे के कारण भी प्रदूषण फैल रहा है। इसके निदान के लिए संबंधित विभागों को निर्देश जारी किए गए कि वे सड़कों पर सफाई आदि के लिए अधिक मेहनत करें। डीडीए अधिकारियों को भी कहा गया कि वे राजधानी के विभिन्न इलाकों में खाली पड़ी अपनी भूमि से कूड़ा और मलबा पूरी तरह से हटाएं और यह भी



सुनिश्चित करें कि वहां दोबारा से मलबा या कूड़ा न डाला जाए। एमसीडी अफसरों को भी कहा गया कि वह पूरी दिल्ली में सघन सफाई अभियान चलाएं, साथ ही अन्य साधनों से धूल को खत्म करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर पिछली सरकार ने गंभीरता दिखाई होती तो दिल्ली को आज प्रदूषण का संकट न झेलना होता। पूर्व सरकार ने अपने पूरे कार्यकाल में सड़कें बनाईं और न ही मरम्मत करवाई, जिसके चलते सड़कों पर धूल गंभीर समस्या बनी हुई है। इस बैठक की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि प्रदूषण नियंत्रण को लेकर किसी भी विभाग या संबंधित अधिकारी की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाए। हमने जिलों के डीएम को यह निर्देश दिए हैं कि वह स्वयं अपने क्षेत्र में सफाई व प्रदूषण नियंत्रण को लेकर किए जा रहे उपायों व कार्यों का निरीक्षण करें। मुख्यमंत्री के अनुसार डीएम को लापरवाही बरतने वाले सरकारी कर्मियों की एसीआर भी लिखने के अधिकार दिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक अलग से रिव्यू कमेटी भी बनाई गई है जो हर रोज प्रदूषण नियंत्रण के लिए किए जा रहे उपायों की समीक्षा करेगी और उसके बाद आदेश या सलाह देगी। इस आदेश को मानना हर विभाग के लिए बाध्य होगा। मुख्यमंत्री का स्पष्ट कहना है कि हमारा लक्ष्य प्रदूषण नियंत्रण का स्थायी समाधान करना है ताकि वर्तमान के अलावा भविष्य में भी आम जन को परेशानी का सामना करना पड़े। उन्होंने कहा कि इस प्रतिबद्धता के चलते आईटीओ क्षेत्र में मिस्ट स्प्रे सिस्टम लगाए गए हैं। उन्होंने आज इसका निरीक्षण किया। मिस्ट स्प्रे सिस्टम के पायलट प्रयोगों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए अब दिल्ली की सभी सड़कों के लिए एक विस्तृत योजना तैयार की जा रही है। फिलहाल इन्हें हॉट स्पाट पर लगाया जा रहा है, ताकि वहां प्रदूषण को समाप्त किया जा सके। मुख्यमंत्री के अनुसार सरकार ने डीपीसीसी अधिकारियों को आदेश दिए कि प्रदूषण में लापरवाही और साफ-सफाई को लेकर कोताही बरतने वाले सरकारी विभागों के खिलाफ चालान काटा जाए।

## मप्र की समृद्ध वन संपदा में चीता मुकुटमणि और कोहिनूर के समान : मोहन यादव

**एजेंसी**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों के अनुरूप श्योपुर स्थित कूनो नेशनल पार्क में चीतों के पुनर्स्थापन को नई दिशा मिली है। आज अंतरराष्ट्रीय चीता दिवस के अवसर पर मादा चीता 'वीरा' के साथ उसके दो शावक खुले वन में विचरण के लिए छोड़े गए हैं। राज्य में चीतों की संख्या अब 32 हो गई है। इसमें गांधीसागर अभयारण्य के तीन चीते भी शामिल हैं। कूनो नेशनल पार्क चीतों के पुनर्वास से अब अंतरराष्ट्रीय स्तर का केंद्र बन चुका है। कूनो में हमारी धरती पर ही जन्मे तीसरे पीढ़ी के चीते विचरण कर रहे हैं। कूनो में जन्मी मादा चीता 'मुखी' के पांच शावक स्वस्थ हैं, यह सुखद समाचार है। कूनो के चीते अब श्योपुर से मुरैना और राजस्थान की धरती तक दौड़ लगा रहे हैं। राज्य की समृद्ध वन



संपदा में चीता मुकुटमणि और कोहिनूर के समान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्योपुर जिले के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय चीता दिवस पर तीन चीतों को स्वच्छंद विचरण के लिए बाड़े से अभयारण्य (खुले जंगल) में छोड़ा। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश की भूमि पर सभी जीव सुरक्षित होंगे, राज्य सरकार इसके लिये प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि उन्नत रेडियो ट्रेकिंग प्रणाली और समर्पित टीमों के माध्यम से सतत् निगरानी की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चीता दिवस के अवसर पर कूनो राष्ट्रीय उद्यान के वर्ष-2026 के कैलेण्डर और 'फील्ड मैन्युअल फॉर क्लिनिकल मैनेजमेंट ऑफ फ्री-रेंजिंग चीताज़ इन कूनो नेशनल पार्क' बुक का विमोचन किया। साथ ही कूनो राष्ट्रीय उद्यान में 'नव-निर्मित सोवेनियर शॉप' का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने कूनो राष्ट्रीय उद्यान के पारोंद में आयोजित कार्यक्रम में चीता दिवस पर सभी प्रदेशवासियों को बधाई दी। चीता प्रोजेक्ट की सफलता के लिए उन्होंने वन विभाग के अमले को धन्यवाद भी दिया।

# भारत और दक्षिण अफ्रीका तीसरे एकदिवसीय में आज होंगे आमने-सामने

**विशाखापत्तनम (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम शनिवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले तीसरे एकदिवसीय को जीतकर सीरीज अपने नाम करना चाहेगी। अभी तक ये सीरीज एक-एक से बराबरी पर है। भारतीय टीम ने पहला जबकि दक्षिण अफ्रीका ने दूसरा मैच जीता था। भारतीय टीम को इस मैच में भी विराट कोहली और रोहित शर्मा से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। विराट ने पहले दोनो एकदिवसीय में शतक लगाये थे जबकि रोहित ने पहले एकदिवसीय में अर्धशतकीय पारी खेली थी। भारतीय टीम दूसरे एकदिवसीय में 359 रन बनाने के बाद भी हार गयी थी। ऐसे में उसके गेंदबाजों को इस बार बेहतर प्रदर्शन करना होगा। भारतीय टीम को टॉस हारने से भी नुकसान हुआ ऐसे में टीम की कप्तानी कर के एल राहुल उम्मीद करेंगे कि वह टॉज जीत जायें। मैच के पहले पिच और मौसम की भी अहम भूमिका होगी । विशाखापत्तनम का मौसम खेल के लिए उपयुक्त होगा जबकि पिच बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों के लिए सहायक होगी। यहां पर 300 से अधिक का लक्ष्य अच्छा माना जाएगा। भारत वाशिंगटन सुंदर को विश्राम देकर उनकी जगह तिलक वर्मा को मध्यक्रम की बल्लेबाजी को मजबूत करने के लिए अंतिम एकादश में शामिल करने पर भी गंभीरता से विचार करेगा। ऋषभ पंत भी एक विकल्प हो सकते हैं लेकिन तिलक स्पिन गेंदबाजी भी कर लेते हैं और वह बेहतरीन क्षेत्ररक्षक के भी हैं। भारतीय गेंदबाज भी अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। अब भारत को उम्मीद होगी कि उनके युवा तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और हर्षित राणा अच्छा प्रदर्शन करेंगे और प्रभावशाली अर्शदीप सिंह का पूरा साथ देंगे।

वहीं दूसरी और टेम्बा बावुमा की कप्तानी वाली दक्षिण अफ्रीका टीम भी जीत के लिए कोई कसर नहीं रखेगी । टीम ने दूसरे




एकदिवसीय में 359 रनों का रिकार्ड लक्ष्य हासिल किया था। दक्षिण अफीकी के एडेन मार्क्रम, कॉर्बिन बॉश, क्विंटन डी कॉक जैसे बल्लेबाज हैं। गेंदबाजी की कमान लुंगी एनगिडी, मार्को यानसन, स्पिनर केशव महाराज के पास रहेगी।

विशाखापत्तनम की पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी मानी जाती है। यह एक ऐसी सहत है जिसपर खिलाड़ी खुलकर शॉट खेल सकते हैं। हालांकि, गेंदबाजों को भी यहां उछाल मिलता है। बल्लेबाज यहां लंबी पारियां खेल सकते हैं

### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत** = केएल राहुल (कप्तान/विकेट कीपर), रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, ऋषभ पंत (विकेट कीपर), वाशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षित राणा, रुतुराज गायकवाड़, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, ध्रुव जुरेल।

**दक्षिण अफ्रीका** = टेम्बा बावुमा (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, कॉर्बिन बॉश, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, डेवाल्ड ब्रेविस, नांद्रे बर्गर, क्विंटन डी कॉक, टोनी डी जॉर्जी, रुबिन हरमन, केशव महाराज, मार्को यानसन, एडेन मार्क्रम, लुंगी एनगिडी, रयान रिकेलटन, प्रेनेलन सुब्रायन।

# शेफाली वर्मा आईसीसी की महीने की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में, इन प्लेयर्स से मिलेगी चुनौती



**दुबई (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ महिला वनडे विश्व कप के फाइनल में 87 रन की तेजतर्रार पारी खेलने और दो महत्वपूर्ण विकेट लेने वाली भारतीय क्रिकेटर शेफाली वर्मा को नवंबर महीने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है।

सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल के चोटिल हो जाने के कारण शेफाली को भारतीय टीम में जगह मिली थी। उन्हें फाइनल की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था और अब वह महिलाओं के पुरस्कार के लिए नामांकित की गई तीन खिलाड़ियों में शामिल हैं।

महिला वर्ग का पुरस्कार हासिल करने के लिए उन्हें संयुक्त अरब अमीरात की ईशा ओझा और थाईलैंड की थिपाचा पुथावोंग की चुनौती का सामना करना पड़ेगा। इन दोनों ने बैंकॉक में पहली आईसीसी महिला इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया था।

यूएई की कप्तान ओझा ने सात टी-20 मैचों में 137.50 की स्ट्राइक रेट से 187 रन बनाए और सात विकेट लिए। उन्हें टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुना गया था। पुथावोंग 15 विकेट लेकर संयुक्त रूप से सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज रही। उन्होंने स्कॉटलैंड के खिलाफ फाइनल में चार विकेट लेकर थाईलैंड को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

# विराट तीसरे एकदिवसीय में भी शतक लगाएंगे : इरफान पठान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के पहले दोनो मैचों में शतक लगाये हैं। ऐसे में अब उम्मीद की जा रही है कि वह शनिवार को विशाखापट्टनम में होने वाले तीसरे एकदिवसीय में भी शतक लगायेंगे। इसी को लेकर पूर्व भारतीय ऑलराउंडर इरफान पठान ने उम्मीद जतायी है कि कोहली तीसरे एकदिवसीय में भी शतक लगाएंगे। कोहली ने पहले भी एक बार लगातार तीन शतक लगाये हैं। उन्होंने यह उपलब्धि साल 2018 में वेस्टइंडीज के खिलाफ हासिल की थी।

पठान ने कहा, कोहली दो शतक लगा चुके हैं। अब उनके तीसरे मैच में भी शतक की उम्मीद है। ऐसा करना कोई आसान बात नहीं है। हैट्रिक बहुत कठिन काम है हालांकि विराट ये काम कर सकते हैं। वह शानदार फॉर्म में हैं। वह रनों के बहुत भूखे हैं। एक समय था जब कोहली अपने कंधों पर टेस्ट क्रिकेट का पूरा भार को लेकर चल रहे थे। वहीं अब वह एकदिवसीय क्रिकेट को अपने कंधों पर लेकर चल रहे हैं। एकदिवसीय में इससे भीड़ उमड़ती जा रही है। टी20 ने पिछले कुछ सयम में हालात बदल दिये थे। और सभी टी20 में ही कमेंटी तक कहना चाहते थे। उनका कहना था कि एकदिवसीय क्रिकेट बहुत लंबा हो जाता है। प्रशंसकों को भी लंबे समय तब बैठना पड़ा है

वहीं पिछले दो मैचों में काफी आनंद आया और समय का पता ही नहीं चला। स्टेडियम भरा हुआ था और काफी लोग देखने आ रहे थे। कोहली और रोहित शर्मा के लिए लोगों में जबरदस्त दीवानगी रही। लोग अच्छा क्रिकेट देखने आ रहे हैं। इसी वजह से कोहली पर अच्छे प्रदर्शन की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। इसी कारण उम्मीद है कि वह वह तीसरे मैच में भी शतक लगाएं। उन्होंने दो मैचों में अलग योजनाओं के साथ उतरकर शतकीय पारियां खेलीं। इसका कारण है कि वह हालात के अनुसार खेलने में माहिर हैं। ।

# स्टेन का बड़ा बयान: 'टॉप ऑर्डर में खेलते तो केएल राहुल बन जाते 'शतक मशीन', टीम की जरूरत समझ निभा रहे भूमिका'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केएल राहुल ऐसे बल्लेबाज़ हैं जिसने पिछले दो मुकाबलों में भारत की पारी को निचले क्रम से संभाला है। राहुल के लगातार नाबाद अर्धशतकों ने न सिर्फ टीम को मजबूती दी, बल्कि दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज़ गेंदबाज डेल स्टेन तक को प्रभावित कर दिया हैं। गौरतलब है कि मौजूद जानकारी के अनुसार राहुल अब स्थायी रूप से 5 या 6 नंबर पर खेलते हैं और वहीं से मैच का मोमेंटम बदलने की क्षमता रखते हैं।




स्टेन ने स्टार स्पोर्ट्स पर बातचीत में कहा कि राहुल कम गेंदों में भी बिल्कुल सही समय पर स्ट्राइक रोटेट करना और अंत में तेज़ी से रन बनाना जानते हैं। बता दें कि रांची में उन्होंने 60 रन बनाए थे और इसके बाद रायपुर में केवल 43 गेंदों पर 66 रन की तेज़ पारी खेली, जिस दौरान उन्होंने डेथ ओवर्स में सटीक शॉट से रन गति को ऊंचा रखा हैं। स्टेन ने यह भी कहा कि यदि राहुल ओपनिंग या नंबर 3 पर बल्लेबाज़ी करते, तो वे और अधिक शतक बना सकते थे, लेकिन टीम की ज़रूरत समझकर अपना रोल निभाना उनकी सबसे बड़ी ताकत है।

हालांकि रायपुर में भारत 358 रन बनाने के बावजूद मैच हार गया, लेकिन राहुल की पारी को नजरअंदाज नहीं किया जा सका। विराट कोहली और ऋतुराज गायकवाड़ की शतकीय पारियों के बीच भी राहुल का असर स्पष्ट दिखाई दिया है। दक्षिण अफ्रीका की ओर से एडेन मार्करम के 110 रन की बदौलत यह ऐतिहासिक लक्ष्य हासिल किया गया, जिसके बाद अब सीरीज़ 1-1 की बराबरी पर पहुंच चुकी है।

अब विशाखापट्टनम में 6 दिसंबर को निर्णायक मुकाबला खेला जाना है, जहां उम्मीद की जा रही है कि राहुल एक बार फिर अपने शांत, संयमित और तेज़ फिनिशिंग अंदाज़ से अहम भूमिका निभाते नज़र आएंगे।

## 531 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज ने बनाये 212/4

क्राइस्टचर्च (एजेंसी)। शाई होप और जस्टिन ग्रिव्स की अच्छी बल्लेबाजी से वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड के खिलाफ यहां पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के चौथे दिन अपनी दूसरी पारी में 4 विकेट पर 212 रन बना लिए थे। अब उसे जीत के लिए अंतिम दिन 319 रन और बनाने हैं। वेस्टइंडीज को इस मैच में जीत के लिए 531 रन का बड़ा लक्ष्य मिला है। लक्ष्य का पीछा करते हुए दूसरी पारी में वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं। टीम ने 72 रनों के अंदर ही अपने शीर्ष चार बल्लेबाजों को खो दिया पर इसके बाद होप और ग्रिव्स ने अच्छी बल्लेबाजी कर पारी संभाली। होप और ग्रिव्स ने पांचवें विकेट के लिए 140 रन की साझेदारी बनायी। होप ने इस दौरान 183 गेंद पर 1 छक्के और 15 चौकों की सहायता से 116 रन बनाये। वहीं ग्रिव्स 143 गेंद पर 6 चौकों की सहायत से 55 रन बनाकर खेल रहे हैं। इससे पहले न्यूजीलैंड ने कप्तान टॉम लैथम के 145 और रचिन रवींद्र के 176 रनों की सहायता से अपनी दूसरी पारी में 8 विकेट पर 466 रन बनाये। वहीं वेस्टइंडीज की ओर से केमार रोच ने 5, ओजे शिल्ड्स ने 2 और जायडन सिल्स ने 1 विकेट लिया। पहली पारी में मिली 64 रन की बढ़त के आधार पर न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को जीत के लिए 531 रन का लक्ष्य दिया। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में 231 रन बनाये। वहीं वेस्टइंडीज ने अपनी पहली पारी में 167 रन बनाये थे।

# लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए अभ्यास में लगी है दीपिका

नई दिल्ली। देश की शीर्ष महिला तीरंदाज तीरंदाज दीपिका कुमारी ने कहा है कि उनका लक्ष्य आगामी लॉस एंजिल्स ओलंपिक में बेहतर प्रदर्शन करना है। दीपिका ने कहा कि वह इसी को देखते हुए दबाव वाले हालातों से निपटने के लिए मानसिक मजबूती बढ़ाने पर ध्यान दे रही हैं। चार बार की ओलंपियन दीपिका के अनुसार लॉस एंजिलिस ओलंपिक में उनके लिए पदक जीतने का अंतिम अवसर होगा। ऐसे में वह अपनी ओर से कोई कमी नहीं रखेंगी। इसी वह इस बार नहीं तो अभी नहीं की मानसिकता के साथ उतरेंगी। दीपिका ने कहा कि अभी निकट भविष्य में उनका संन्यास का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है अब तक की सभी प्रतियोगिताओं से मुझे अच्छा अनुभव मिला है। दीपिका ने बताया कि उनकी वर्तमान ट्रेनिंग में मानसिक और तकनीकी दोनों पहलुओं को बेहतर करने पर काम हो रहा है। इस तीरंदाज ने कहा, 'मैं अपने खेल के मानसिक और तकनीकी दोनों पहलुओं पर काम कर रही हूं और यह प्रीमियर लीग मुझे और बेहतर बनाने में मदद कर रही है। दर्शकों के सामने खेलने से दबाव तो आता है, लेकिन यही दबाव खिलाड़ियों को बेहतर बनाने में मदद करता है। उन्होंने कहा, 'मैं हर तकनीक में महारत हासिल करने की कोशिश कर रही हूं, जिससे दबाव में भी अच्छा प्रदर्शन किया जा सके।



# सिराज को टीम से बाहर रखे जाने पर आकाश चोपड़ा ने सवाल उठाये

नई दिल्ली। पूर्व क्रिकेटार आकाश चोपड़ा ने कहा है कि तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को एक ही प्रारुप पर सीमित रखना सही नहीं है। चोपड़ा के अनसार उन्हें एकदिवसीय प्रारुप में भी रखा जाना चाहिये। उनकी कमी टीम को खल रही है। भारतीय टीम की गेंदबाजी एकदिवसीय सीरीज में उम्मीद के अनुसार नहीं रही है। टीम दूसरे एकदिवसीय में 359 रनों के भी लक्ष्य का बचाव नहीं कर पायी। इसी को देखते हुए चोपड़ा ने सिराज को सिर्फ टेस्ट में ही उतरने पर सवाल उठाये हैं उन्होंने कहा कि उन्हें ये बिल्कुल समझ में नहीं आ रहा। सिराज को एक ही प्रारुप का खिलाड़ी क्यों बनाया जा रहा है। चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर कहा, 'ये सिराज के साथ क्या हो रहा है, ये आपको समझ में आ रहा है? मेरी समझ में तो बिल्कुल नहीं आ रहा है। मुझे ये बिल्कुल भी समझ नहीं आ रहा कि वह एक प्रारुप का खिलाड़ी कैसे बन गया हैं। वैसे ये हुआ कब? क्योंकि जब वह टेस्ट क्रिकेट खेलता है तो हम सब उनकी तारीफ करते हैं। हम उसके जज्बे और जुनून की तारीफ करते है!' उन्होंने साथ ही कहा, 'वह विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं पर अचानक ही एकदिवसीय टीम से क्यों बाहर रखे गये हैं ये समझ से परे है? इस समय वह घरेलू क्रिकेट खेल रहा है पर एकदिवसीय का हिस्सा नहीं हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में भी उसे शामिल नहीं किया गया था हालांकि उसने एकदिवसीय प्रारुप में भी काफी विकेट लिए हैं। ये हैरानी की बात है कि अन्य सभी खेल रहे हैं पर सिराज को अवसर नहीं मिला है, इसके पीछे क्या कहानी है ये मुझे समझ नहीं आई है। सिराज ने अब तक 47 एकदिवसीय मैच खेले हैं जिनमें उनके नाम 73 विकेट हैं। एकदिवसीय में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 21 रन देकर 6 विकेट हैं। उन्होंने अब तक केवल 16 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं जिनमें उनके नाम 14 विकेट दर्ज हैं। वहीं 45 टेस्ट में उनके नाम 139 विकेट दर्ज हैं।



# 2027 विश्वकप तक अपना करियर बढ़ा सकते हैं विराट और रोहित : साउदी

**शारजाह (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के दिग्गज तेज गेंदबाज टिम साउदी ने भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाजों विराट कोहली और रोहित शर्मा की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि ये दोनो ही फिट हैं और 2027 विश्वकप तक खेल सकते है। साउदी के अनुसार उम्र इनके लिए बाधा नहीं बन सकती क्योंकि दोनो ही लय में हैं और रन बना रहे हैं। साथ ही कहा कि अगर दोनो इसी प्रकार खेलते रहे तो अपने करियर को विश्वकप तक खींच सकते हैं। दोनो ने ही टी20 और टेस्ट प्रारुप से संन्यास ले लिया है और अब एकदिवसीय पर ही ध्यान दे रहे हैं। कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगातकर दो मैचों में शतक लगाये हैं जबकि वहीं रोहित ने भी पिछले तीन मैचों में एक शतक और एक अर्धशतक के साथ ही दिखाया है कि उनमें अभी काफी क्रिकेट शेष है।




साउदी ने आईएलटी20 के चौथे सत्र के अवसर पर कहा, 'कोहली शायद अब तक के सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय बल्लेबाज हैं और अगर वह 37 साल की उम्र में भी प्रदर्शन कर रहे हैं तो क्यों नहीं।' उन्होंने कहा, '37 के रोहित ने भी हाल में ऑस्ट्रेलिया में शतक लगाया था तो वे दोनों अब भी प्रदर्शन कर रहे हैं। जब तक वे टीम के लिए योगदान दे रहे हैं, जहां तक मेरा माना है कि उम्र केवल एक संख्या है।' 2027 विश्व कप में दोनों बल्लेबाज लगभग 39 साल के होंगे इसलिए उनके भविष्य को लेकर चर्चा लगातार जारी है।

साउदी ने कहा, 'ये उनका फैसला है। अगर उन्हें लगता है कि वे अब भी उच्चतम स्तर पर खेल सकते हैं तो क्यों नहीं।' उन्होंने कहा, 'जैसा मैंने कहा कि आपके पास विराट कोहली हैं जो शायद अब तक के सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय बल्लेबाज हैं और अगर वह विश्व कप के लिए उपलब्ध हैं तो मुझे लगता है कि टीम उन्हें खेलते देखना चाहेगी।'

भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 25 वर्षों में पहली बार अपने घरेलू मैदान पर टेस्ट सीरीज में हार का सामना करना पड़ा। इस दौरान भी टीम को रोहित और विराट की कमी खली। साउदी ने हालांकि भारत की हार को अधिक गंभीर रूप में नहीं लिया। उन्होंने कहा, 'भारतीय टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है। अब वे फिर से टीम बनाने के चरण में हैं। जब हम वहां गए थे तब उनके पास बहुत अनुभव वाली टीम थी।' उन्होंने आगे कहा, 'लेकिन जब आप रोहित, अश्विन और आर अश्विन को हटा देते हैं, तो प्रभाव पड़ना ही है।'

# एफसी गोवा मुंबई सिटी को हराकर AIFF सुपर कप के फाइनल में पहुंचे



फातोरदा (गोवा)। एफसी गोवा ने यहां पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में एक रोमांचक सेमीफाइनल में मुंबई सिटी एफसी को 2-1 से हराकर तीसरी बार एआईएफएफ सुपर कप फाइनल में जगह बनाई। डिफेंडिंग चैंपियन को अपनी पूरी ताकत लगानी पड़ी, लेकिन गुरुवार रात ब्रिसन फर्नांडिस (20') और डेविड टिमोर (23') के पहले हाफ में किए गए दो शुरुआती गोल ईस्ट बंगाल के साथ फाइनल मुकाबले के लिए काफी साबित हुए। मुंबई सिटी एफसी, जिसने दूसरे हाफ में जोरदार वापसी की और ब्रैंडन फर्नांडिस के गोल से एक गोल कम किया, इस टूर्नामेंट में लगातार तीसरी बार सेमीफाइनल से बाहर हो गई। मैच शुरू होने से पहले ही काफी ड्रामा हुआ, जब एफसी गोवा के कप्तान इकर गुआररत्सेना को टनल में मैच से पहले हुई एक घटना के लिए बाहर कर दिया गया, और आखिरी मिनट में जेवियर सिवेरियो को स्टार्टिंग इलेवन में उनकी जगह शामिल किया गया। अपने लीडर को खोने के बावजूद गोवा ने अपना हौसला नहीं खोया और जीत हासिल की।

## ब्रेविस आक्राम पारी से मैच बदलने में सक्षम : स्टेन



रायपुर। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने युवा बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस की जमकर प्रशंसा की है। स्टेन के अनुसार ब्रेविस अपनी आक्रामक पारी से मैच बदलने में सक्षम हैं औ ये उन्होंने एक बार फिर भारतीय टीम के खिलाफ हुए दूसरे मैच में खेली अपनी पारी से साबित किया है। ब्रेविस ने इस मैच में 34 गेंदों पर पांच छक्कों की सहायता से 54 रन बनाये। स्टेन ने कहा कि ब्रेविस में छक्के मारने की जबरदस्त क्षमता है, ब्रेविस और उनकी छक्के मारने की योग्यता के बारे में कुछ समय से बहुत बातें हो रही हैं। उनके अंडर-19 में रहने के दिनों से ही हमने उनकी प्रतिभा को देखा है। साथ ही कहा कि मैं उनके बारे में सुनता रहता था और उन्हें छक्के मारते हुए देखता था। अब हम इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देखने लगे हैं। उनमें वह क्षमता है, और बल्लेबाज अब गेंद छोड़ना नहीं चाहते। उनमें बड़े शॉट लगाने की क्षमताएं हैं। स्टेन ने कहा, 'वे इसी तरह ट्रेनिंग करते हैं। उनके पास हर गेंद पर छक्के मारने के विकल्प हैं। ब्रेविस भविष्य है। वह सिर्फ 22 साल का है। अगर वह अपने करियर के इस स्टेज पर 359 रन का पीछा करने में माहिर है, तो सोचिए 8 या 10 साल में यह कैसा होगा। यह नॉर्म बन सकता है।

## इस वर्ष गूगल पर सबसे अधिक सर्च हुआ क्रिकेट

नई दिल्ली। वैश्विक स्तर पर इस वर्ष सर्च इंजन गूगल पर क्रिकेट के विभिन्न प्रारूपों एशिया कप, चैंपियंस ट्रॉफी, महिला क्रिकेट विश्वकप और इंडियन प्रीमियर लीग (ढ्ढक्र) की दो टीमों को सबसे अधिक खोजा गया। शुक्रवार को जारी हुई इस रिपोर्ट में एथलीट, स्पर्धा और टीमों के बीच टॉप ट्रेंडिंग ग्लोबल सर्च का प्रमुख आकर्षण रहे क्रिकेट के बढ़ते डिजिटल फुटप्रिंट देखने को मिला। यह खेल लॉस एंजेलिस 2028 में ओलंपिक में वापसी करने वाला है। एशिया कप, चैंपियंस ट्रॉफी 2025 और महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 दूसरे से चौथे स्थान पर रहे। ये तीनों टूर्नामेंट भारतीय क्रिकेट टीमों ने जीते। एशिया कप 2025 ने तीन भारत बनाम पाकिस्तान मैचों के बाद हुआ रोमांचक फाइनल भी शामिल था जिसका फैसला आखिरी ओवर में हुआ, यह सब तिलक वर्मा की मैच जिताने वाले प्रयास की वजह से काफी सुर्खियां में रहा। आठ साल के अंतराल के बाद हुई चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर खिताब फिर से हासिल किया। महिला क्रिकेट विश्व कप में, भारत ने अपना पहला ग्लोबल खिताब जीता। यह देश में महिला खेलों के लिए एक ऐतिहासिक पल था। इस बीच, गूगल पर सबसे अधिक खोजे जाने वाले स्पोर्ट्स टीमों की रैंकिंग में दो आईपीएल फ्रेंचाइजी 'पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स' टॉप पांच में शामिल हो गईं। क्रिकेट के अलावा, फुटबॉल और गोल्फ ने भी अपनी मजबूत मौजूदगी बनाए रखी। फीफा क्लब विश्वकप स्पोर्ट्स स्पार्धा कैटेगरी में टॉप पर रहा, जबकि राइडर कप टॉप पांच में शामिल था। एथलीट कैटेगरी में, सर्च में अमेरिकी बॉक्सर टेरेंस क्रॉफर्ड सबसे आगे रहे, उसके बाद उत्तरी आयरलैंड के गोल्फर रोरी मैकलॉय का नंबर आया। अमेरिकी फुटबॉल स्टार शेड्यूर सैंडर्स, जालेन हर्ट्स और कनाडाई बास्केटबॉल खिलाड़ी शाई गिलजियस-अलेक्जेंडर ने शीर्ष पांच में रहे।




# 'शमी कहां हैं, आखिर क्यों नहीं खेल रहे', लगातार अनदेखी पर दिग्गज गेंदबाज ने उठाए सवाल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट में तेज गेंदबाजी की रीढ़ माने जाने वाले मोहम्मद शमी एक बार फिर चयन को लेकर विवाद के केंद्र में हैं। मार्च 2025 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के बाद से शमी को किसी भी भारतीय स्क्वॉड में शामिल नहीं किया गया है। घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन और बेहतरीन फिटनेस दिखाने के बावजूद राष्ट्रीय टीम में उनकी वापसी न होना कई दिग्गजों को खटक रहा है। खासकर पूर्व ऑफ-स्पिनर हरभजन सिंह ने खुलकर सवाल उठाते हुए कहा है कि इतने अनुभवी और मैच-विनिंग गेंदबाज को लगातार बाहर रखना टीम की सोच पर सवाल खड़ा करता है।

### शमी की गैरमौजूदगी पर हरभजन सिंह का तीखा सवाल

हरभजन सिंह लंबे समय से क्रिकेट के मामलों पर अपनी साफ राय रखने के लिए जाने जाते हैं। रायपुर वनडे के बाद अपने चैनल पर उन्होंने पूछा, 'शमी कहां हैं? आखिर क्यों नहीं खेल रहे?' उन्होंने इशारा किया कि शमी जैसे प्रूवन मैच-विनर को एकदम से टीम से दूर कर देना भारतीय चयन प्रणाली पर गंभीर प्रश्न खड़ा करता है। शमी ने पिछले एक दशक में टेस्ट, वनडे और टी20 तीनों फॉर्मेट में भारत के लिए निर्णायक प्रदर्शन दिया है। ऐसे में एक फिट और फॉर्म में गेंदबाज को नजरअंदाज करना ना सिर्फ टीम की गहराई को कम करता है बल्कि अनुभव की कमी भी पैदा करता है।

### घरेलू क्रिकेट में शानदार वापसी, फिर भी चयन से दूर

35 वर्षीय मोहम्मद शमी इन दिनों सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बंगाल की ओर से खेल रहे हैं। उन्होंने टूर्नामेंट में बेहतरीन लाइन-लेंथ, स्विंग और डेथ ओवरों में सटीक गेंदबाजी के साथ यह साबित कर दिया कि वह अभी भी शीर्ष स्तर पर खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इसके बावजूद चयन समिति ने उन्हें किसी भी सीरीज के लिए शामिल नहीं किया, जिससे यह सवाल और मजबूत हो गया है कि उनके बाहर रहने की वजह तकनीकी है, चयन नीति है या कुछ और।

### क्या टीम इंडिया अनुभव की अनदेखी कर रही है?

हरभजन का मानना है कि भारत बुमराह जैसे स्टार बॉलर पर अत्यधिक निर्भर हो गया है, जबकि टीम को चाहिए कि वह बुमराह की अनुपस्थिति में भी जीतने की कला विकसित करे। ऐसे में शमी जैसे वरिष्ठ गेंदबाज को मौका देना टीम संयोजन के लिए बेहद जरूरी है। उनकी विविधताओं रिवर्स स्विंग, लेट मूवमेंट और डेथ-ओवर विशेषज्ञता का कोई विकल्प आसानी से नहीं मिलता।

### क्या चयनकर्ताओं को शमी को नई भूमिका देने की जरूरत है?

कई विशेषज्ञ मानते हैं कि शमी को पूर्णकालिक नहीं तो सीमित मैचों में रोटेशनल भूमिका दी जा सकती है। भारत को युवा गेंदबाजों को तैयार करना चाहिए, लेकिन सीनियर खिलाड़ियों को भूलकर नहीं। ड्रेसिंग रूम में शमी की उपस्थिति ही युवा तेज गेंदबाजों के लिए सीख का एक बड़ा स्त्रोत है।

# फिल्म 'तेरे इश्क में' की सफलता पर भावुक हुईं कृति सेनन



कृति सेनन और धनुष की ताज़ा रिलीज़ फिल्म 'तेरे इश्क में' बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। दर्शकों के प्यार और बेहतरीन कमाई ने फिल्म की टीम का उत्साह बढ़ा दिया है। खासकर कृति सेनन की एक्टिंग को लेकर सोशल मीडिया पर जबरदस्त प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है, जिसके बाद फैंस अभिनेत्री को हिंदी सिनेमा की उभरती हुई और दमदार परफॉर्मर बता रहे हैं। फिल्म में उनके द्वारा निभाए गए किरदार 'मुक्ति' को दर्शकों और समीक्षकों दोनों से खूब सराहना मिल रही है। इसी फैन लव को महसूस करते हुए कृति सेनन ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें कई इंफ्लुएंसर्स और फिल्म क्रिटिक्स उनकी एक्टिंग की खुलकर तारीफ करते दिखाई दे रहे हैं। उनका कहना है कि मुक्ति का किरदार कई परतों वाला और भावनात्मक रूप से बेहद पेचीदा था, जिसे कृति ने न सिर्फ ईमानदारी से निभाया, बल्कि पर्दे पर उसे जीवंत बना दिया। कई समीक्षा देने वालों का यह भी मानना है कि इस रोल को कृति जितनी बारीकी और संवेदनशीलता के साथ कोई और अभिनेत्री निभा ही नहीं पाती। इतनी भावनात्मक प्रतिक्रियाएँ देखकर कृति सेनन खुद भी भावुक हो गईं और उन्होंने दिल से अपने दर्शकों का धन्यवाद किया। पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'मेरा दिल भर आया है। एक अभिनेता के लिए सबसे अच्छा एहसास तब होता है जब दर्शक आपके किरदार के अनकहे शब्दों के बीच की हर छोटी-छोटी भावना से जुड़ जाते हैं। मुक्ति शायद मेरे द्वारा निभाए गए किरदारों में सबसे ज्यादा पेचीदा किरदार है, और जब उसके दिल की हर धड़कन आपके दिल तक पहुंचती है, तो वो इश्क बन जाता है! इश्क के लिए शुक्रिया।' फिल्म में कृति की भूमिका मुक्ति नाम की लड़की की है, जिसकी जीवन यात्रा कई भावनात्मक उतार-चढ़ाव से गुजरती है और हर मोड़ पर उसका किरदार और ज्यादा मजबूत बनकर उभरता है। किरदार की गहराई को समझकर उसे जीवंत बनाने के लिए कृति ने काफी मेहनत की। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया था कि फिल्म का क्लाइमेक्स शूट करना उनके लिए बेहद थका देने वाला था। पाँच से छह दिनों तक लगातार इंटेंस सीन्स शूट करने के बाद वे शारीरिक और मानसिक रूप से थक जाती थीं और वह भावनाएँ घर जाकर भी दिमाग में बनी रहती थीं। वहीं फिल्म के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो फिल्म ने पहले दिन हिंदी बेल्ट में 15.06 करोड़ रुपये की कमाई कर मजबूत शुरुआत की है। मीडिया रिपोर्ट्स का कहना है कि आने वाले दिनों में यह आंकड़ा और भी तेजी से बढ़ सकता है। दर्शकों का प्यार और सराहना देखने के बाद अब उम्मीद है कि 'तेरे इश्क में' लंबे समय तक थियेटर्स में अपनी चमक बनाए रखेगी।

## फिर सिल्वर स्क्रीन पर साथ नजर आ सकते है रणबीर-दीपिका



लगभग एक दशक बाद बालीवुड एक्टर रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण एक बार फिर सिल्वर स्क्रीन पर साथ नजर आ सकते हैं। खास बात यह है कि यह प्रोजेक्ट बॉलीवुड के शोमैन राज कपूर की विरासत से जुड़ा हुआ है, और 'ये जवानी है दीवानी' तथा 'ब्रह्मास्त्र' फेम निर्देशक अयान मुखर्जी इसे निर्देशित करने की तैयारी में हैं। पिछले कुछ समय से दीपिका पादुकोण लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। 8 घंटे की शिफ्ट के विवाद के बाद उन्हें 'स्पिरिट' और 'कल्कि 2' जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स से बाहर कर दिया गया था। वहीं उन्होंने शाहरुख खान की आगामी फिल्म 'किंग' में अपनी एंट्री की घोषणा की है। दूसरी ओर रणबीर कपूर 'रामायणम्' को लेकर जोरदार चर्चाओं में हैं। कुछ महीनों पहले दोनों एक साथ नजर आए थे, जिसके बाद से ही उनके रीयूनियन की चर्चा गर्म है। रिपोर्ट्स का दावा है कि दीपिका और रणबीर जल्द ही फिर स्क्रीन स्पेस साझा करते दिखाई देंगे। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अयान मुखर्जी 1956 की सुपरहिट फिल्म 'चोरी चोरी' से प्रेरित एक आधुनिक रूपांतरण बनाने की योजना बना रहे हैं। इस क्लासिक फिल्म में रणबीर कपूर के दादा राज कपूर और महान अभिनेत्री नरगिस ने मुख्य भूमिकाएँ निभाई थीं। बताया जा रहा है कि यह प्रोजेक्ट कोई सीधा रीमेक नहीं होगा, बल्कि इसमें एक समकालीन टच जोड़ा जाएगा ताकि नई पीढ़ी इससे सीधे तौर पर जुड़ सके, जबकि मूल कहानी की भावनात्मक आत्मा को बरकरार रखा जाएगा। यह रणबीर कपूर के लिए भी बेहद भावुक अनुभव होने वाला है, क्योंकि यह फिल्म उनके दादाजी की याद और पारिवारिक विरासत को सम्मान देने जैसा होगा।

## ऋचा चड्ढा ने बताया कैसे बदली अपनी जिंदगी और सोच



बॉलीवुड अभिनेत्री ऋचा चड्ढा आज अपनी निडर आवाज, बेबाक बयानों और मजबूत व्यक्तित्व के लिए पहचानी जाती हैं, लेकिन अभिनेत्री का कहना है कि वे हमेशा से ऐसी नहीं थीं। मुंबई में आयोजित 15वें इंडियन फिल्म प्रोजेक्ट में उन्होंने अपने शुरुआती संघर्षों और उस दौर के दर्दनाक अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि एक समय ऐसा भी था जब वे बेहद डरपोक, समझौतावादी और खुद को कम आंकने वाली इंसान बन चुकी थीं। आज भले ही लोग उन्हें आत्मविश्वास और साहस की प्रतीक मानते हैं, लेकिन पर्दे के पीछे का सच बिल्कुल अलग था। ऋचा ने एक घटना याद करते हुए बताया कि करियर की शुरुआत में उन्हें कई ऐसे काम स्वीकार करने पड़े जिन्हें करने में उन्हें असहजता महसूस होती थी। उन्होंने कहा, 'एक दिन मैं सेट पर खड़ी थी और मैंने खुद से पूछा मैंने ये फिल्म कब साइन की? मैं यहाँ क्या कर रही हूँ? मैं इस आइटम नंबर में क्यों हूँ? मुझे खुद समझ नहीं आ रहा था कि मैं कहाँ और कैसे फँस गई हूँ।' उन्होंने बताया कि एक डायरेक्टर ने उनसे कहा था कि मेल कोरियोग्राफर चाहिए और तुम्हें 'ऐसे-वैसे' करना है। यह सुनकर वे अंदर से टूट गईं और सोचने लगीं कि आखिर वे यहाँ तक कैसे पहुँच गईं। उन्हें बाद में अहसास हुआ कि किसी लोकल मैनेजर ने कुछ पैसे लेकर गलत रास्ते पर धकेल दिया था।

अभिनेत्री ने कहा कि इंडस्ट्री में कई लोग उनकी बाहरी सुंदरता पर टिप्पणी करते थे और उन्हें बदलने की सलाह देते थे। ऋचा ने कहा, 'मुझसे कहा जाता होंठ ठीक करवा लो, नाक ठीक करवा लो, चेहरे पर सुधार करवाओ, गाना शूट करने से पहले पानी मत पीना। मैं हर बात मान लेती थी। मैं अपने शरीर और दिमाग को बहुत चोट पहुँचा चुकी थी। मैं खुद से कहती थी मैं बेकार हूँ, मैं अच्छी नहीं हूँ।' उन्होंने बताया कि मनोरंजन जगत में कई लोग दूसरों को छोटा महसूस करवाकर खुद को बड़ा साबित करने की कोशिश करते हैं।

अपने बदलाव की प्रक्रिया पर बात करते हुए ऋचा ने कहा कि अपनी आवाज उठाना उन्होंने धीरे-धीरे सीखा। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने खुद को स्वीकार करना शुरू किया, तब उन्हें समझ आया कि किसी भी कीमत पर आत्मसम्मान से समझौता नहीं किया जा सकता। आज वे मानती हैं कि किसी कलाकार का सबसे बड़ा साहस अपनी सच्चाई पर डटे रहना होता है, चाहे दुनिया कुछ भी कहे। हाल ही में ऋचा चड्ढा और अली फजल के प्रोडक्शन हाउस पुशिंग बटन्स स्टूडियोज में बनी फिल्म 'सीक्रेट्स ऑफ ए माउंटेन सर्पेंट' का 82वें वेनिस इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में वर्ल्ड प्रीमियर हुआ, जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली है।

## परिवार ने हर कठिन समय में आगे बढ़ने का हौसला दिया: निहारिका

हाल ही में साउथ इंडस्ट्री की युवा अभिनेत्री और निर्माता निहारिका कोनिडेला ने अपने करियर, चुनौतियों और परिवार से मिलने वाले मजबूत समर्थन के बारे में विस्तार से बात की। एक इंटरव्यू में निहारिका ने विशेष रूप से अपने चाचा पवन कल्याण और भाई राम चरण द्वारा दिए गए मार्गदर्शन को अपनी सफलता का अहम आधार बताया है। उनका कहना है कि परिवार की मौजूदगी ने न सिर्फ उनके फैसलों को मजबूत बनाया, बल्कि हर कठिन समय में आगे बढ़ने का हौसला भी दिया। एक बातचीत में जब निहारिका से पूछा गया कि पवन कल्याण और राम चरण उनके जीवन और करियर में कितने महत्वपूर्ण हैं, तो उन्होंने कहा, 'उनके समर्थन से मुझे असाधारण शक्ति मिलती है। मुझे पता है कि वे बिना कुछ कहे भी हमेशा मेरे साथ खड़े रहते हैं।



उनके अनुभव और उनके काम करने का अनुशासन मेरे लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनका मार्गदर्शन अमूल्य है, जिसे मैं अपनी रोजमर्रा की जिंदगी और काम में अपनाती हूं।'

निहारिका ने स्वीकार किया कि कोनिडेला परिवार का हिस्सा होना गौरव की बात है, लेकिन इसके साथ बड़ी जिम्मेदारी और दबाव भी जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि चिरंजीवी, पवन कल्याण और राम चरण जैसी दिग्गज हस्तियों वाले परिवार से आने के कारण लोगों की उम्मीदें उनसे हमेशा ऊंची रहती हैं। हालांकि, वह इस दबाव को बोझ नहीं मानतीं, बल्कि इसे अपने प्रदर्शन में उत्कृष्टता लाने का प्रेरक माध्यम मानती हैं। उनके अनुसार, हर फिल्म के सेट पर कदम रखते समय उनका एक ही लक्ष्य होता है अपने परिवार और दर्शकों को गर्व महसूस कराना। अपने फैंस के प्यार को लेकर भी निहारिका काफी भावुक दिखीं। उन्होंने कहा, 'दर्शकों ने हमेशा मुझे अपने परिवार की तरह प्यार दिया है। जब आपको इतनी सुरक्षा और विश्वास मिलता है, तो आप अपने काम को और बेहतर ढंग से कर पाते हैं। मैं इस समर्थन के लिए हमेशा आभारी रहूंगी।' निहारिका ने अभिनय के साथ-साथ प्रोडक्शन में भी सफलता हासिल की है और कई युवा कलाकारों के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं। वह मानती हैं कि स्वतंत्र पहचान बनाने के लिए निरंतर मेहनत, ईमानदारी और सीखने का जुनून जरूरी है।

## फातिमा सना शेख ने एआई के दौर में खोती संवेदनशीलता पर जताई चिंता, बोलीं 'शब्द बहुत कीमती हैं'



मुंबई में आईएफपी फिल्म फेस्टिवल सीजन-15 की धमाकेदार शुरुआत हो चुकी है। इस मौके पर अभिनेता विजय वर्मा और अभिनेत्री फातिमा सना शेख भी शिरकत करने पहुंचे। यहां फातिमा ने अपनी नई फिल्म 'गुस्ताख इश्क' के अनुभव के साथ-साथ आज के डिजिटल दौर और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बढ़ते प्रभाव पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि तेज़ी से बदलते तकनीकी समय में भावनाओं को व्यक्त करने की नजाकत और संवेदनशीलता धीरे-धीरे खोती जा रही है। फातिमा सना शेख ने एक बातचीत में कहा कि एआई भले ही दुनिया को आगे की तरफ ले जा रहा हो, लेकिन इसके चलते इंसानी एहसास और शब्दों की गहराई कम होती जा रही है। उन्होंने कहा कि पहले लोग एक-दूसरे को हाथ से लिखे चिट्ठी-पत्र और कविताएँ भेजा करते थे। वे पत्र सिर्फ शब्दों का मेल नहीं, बल्कि भावनाओं का खजाना होते थे, जिन्हें पढ़कर दिल में एक विशेष एहसास जाग उठता था। आज की पीढ़ी उस खूबसूरत दौर से दूर होती जा रही है। फातिमा ने कहा, 'आज एआई के जमाने में हम खुद से सोचना ही बंद करते जा रहे हैं। चाहे भाषा हिंदी हो या अंग्रेजी, अगर आपके विचार स्पष्ट नहीं हैं, तो आप दिल की बात कैसे साफ-साफ कह पाएंगे? शब्द बहुत कीमती हैं। लेटर लिखना, कविता लिखना आज भी उतना ही जरूरी है, क्योंकि इसी से हमारी सोच गहरी और सटीक बनती है।' फातिमा की फिल्म 'गुस्ताख इश्क' हाल ही में रिलीज हुई है। फिल्म में उनके साथ विजय वर्मा और नसीरुद्दीन शाह नजर आए हैं। अभिनेत्री ने नसीरुद्दीन शाह के साथ काम करते हुए अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उनके साथ अभिनय करना उनके लिए भावनात्मक रूप से बेहद गहरा अनुभव रहा। उन्होंने कहा, 'मैंने मन ही मन कई बातें सोच रखी थीं क्या नसीर साहब मेरे काम को जज करेंगे? क्या उन्हें मेरी एक्टिंग में कमी लगेगी? एक दिन एक इमोशनल सीन था जिसमें मुझे रोना था, लेकिन उनके सामने मुझसे कुछ भी नहीं हो पा रहा था। मैं डर और चिंता में फंस गई थी।' इसके बाद नसीरुद्दीन शाह चुपचाप उनके पास आए। फातिमा ने बताया, 'उन्होंने मेरी नब्ज पकड़ ली। कुछ देर बाद कहा 'इस पल में जियो, ज्यादा मत सोचो।' जैसे ही उन्होंने यह कहा, मेरी सारी घबराहट दूर हो गई। उनकी बात मेरे दिल को छू गई और सीन स्वाभाविक रूप से हो गया।' फातिमा के इन अनुभवों ने दर्शाया कि सिनेमा सिर्फ कला नहीं, बल्कि संवेदनाओं और इंसानी जुड़ाव से बना माध्यम है। डिजिटल शोर के बीच शब्दों की सादगी और भावनाओं की गहराई को बचाए रखना आज भी उतना ही जरूरी है, चाहे दुनिया कितनी भी बदल जाए।


## अनन्या पांडे का नया ग्लैमरस अंदाज़ हुआ वायरल

बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे एक बार फिर दर्शकों को रोमांस और संगीत से भरपूर मनोरंजन देने के लिए तैयार हैं। वे जल्द ही अभिनेता कार्तिक आर्यन के साथ फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' में नजर आएंगी, जिसकी चर्चाएँ अब तेज़ हो गई हैं। हाल ही में अनन्या ने सोशल मीडिया पर फिल्म के टाइटल ट्रैक की शूटिंग के दौरान अपने कुछ शानदार लुक्स की तस्वीरें शेयर कीं, जिनके बाद इंटरनेट पर उनका ग्लैमरस अंदाज़ तेजी से वायरल होने लगा।

अनन्या ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर पोस्ट करते हुए लिखा, 卐फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' के टाइटल ट्रैक के मेरे कुछ पसंदीदा लुक्स। क्या आपने अभी तक टाइटल ट्रैक देखा? मेरी ग्लैम और फैशन टीम को ढेर सारा प्यार।卐 तस्वीरों में अनन्या बेहद आकर्षक और स्टाइलिश दिखाई दे रही हैं। अलग-अलग आउटफिट्स में उनका लुक देखने लायक है कहीं वह मॉडर्न एथनिक वियर में दिखती हैं, तो कहीं बिल्कुल वेस्टर्न स्टाइल में। हर फ्रेम में उनका मेकअप, हेयरस्टाइल और कॉस्ट्यूम परफेक्शन का अहसास कराते हैं, जो उनके फैंस के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। पोस्ट किए जाने के कुछ ही मिनटों के भीतर इंडस्ट्री के कई कलाकारों ने उनकी तारीफों की झड़ी लगा दी। अभिनेत्री उर्मिला मंतोडकर, महीप कपूर और नव्या नवेली नंदा ने फायर इमोजी के साथ प्रतिक्रिया देते हुए उनकी खूबसूरती और स्टाइल की सराहना की। कमेंट सेक्शन में फैंस ने भी हार्ट और फायर इमोजी की बरसात कर दी, जिससे यह पोस्ट ट्रेंड करने लगी।

गौरतलब है कि अनन्या और कार्तिक आर्यन लगभग छह साल बाद एक बार फिर बड़े पर्दे पर साथ नजर आएंगे। इससे पहले दोनों ने वर्ष 2019 में रिलीज हुई फिल्म 'पति पत्नी और वो' में साथ काम किया था, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया था। अब एक बार फिर यह जोड़ी रोमांटिक केमिस्ट्री के साथ स्क्रीन पर लौटने वाली है, जिसको लेकर दर्शकों में उत्सुकता बढ़ गई है।

समीर विद्वांस के निर्देशन में बनी 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' को करण जौहर, अदार पूनावाला, अपूर्वा मेहता और किशोर अरोड़ा मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म 25 दिसंबर को क्रिसमस के दिन रिलीज होगी। दिलचस्प बात यह है कि इसी दिन अगस्त्य नंदा की फिल्म 'इक्कीस' भी रिलीज होने वाली है, जिससे बॉक्स ऑफिस पर रोमांचक मुकाबला देखने को मिल सकता है। यह देखना होगा कि दर्शक रोमांटिक लव स्टोरी की ओर आकर्षित होते हैं या देशभक्ति पर आधारित कहानी उनकी पसंद बनती है। इसके अतिरिक्त, अनन्या पांडे अभिनेता लक्ष्य लालवानी के साथ फिल्म 'चांद मेरा दिल' में भी दिखाई देंगी, जिसका निर्देशन विवेक सोनी ने किया है। यह एक खूबसूरत प्रेम कहानी पर आधारित फिल्म बताई जा रही है।



# ऐसे करें नन्हे की देखभाल

**नाजुक से हाथ-पांव, मासूम-सा चेहरा और कोमल सी काया..., ऐसे में नन्हे को गोद में उठाते हुए भी डर लगता है परंतु मां ही ऐसी है, जो बेझिझक बच्चे को अपनी गोद में उठा कर उसे दुलारती और उसकी देखभाल करती है। नाजुक-सी जान के आते ही मां के इतने काम बढ़ जाते हैं कि कई बार तो उसे समझ ही नहीं आता कि वास्तव में वह अपने बच्चे की देखभाल कैसे करे कि उसकी सेहत हर मौसम के हिसाब से सही रहे।**



### हैल्दी मसाज

किसी भी नवजात शिशु को मसाज की बहुत आवश्यकता होती है जिससे कि उसकी बॉडी मजबूत तो बनेगी ही, साथ ही प्रॉपर शेप में भी आएगी। छोटे बच्चों की मसाज चेहरे से शुरू कर पांवों तक पहुंचनी चाहिए। बेहतर है कि उसकी मसाज देसी घी से की जाए। यदि अन्य तेल इस्तेमाल करना चाहती हैं तो वह तेज खुशबू वाला नहीं होना चाहिए।

### नहलाना है जरूरी

यूं तो छोटे बच्चे को रोज गुनगुने पानी से नहलाया जाए तो वह काफी एक्टिव फील करता है। इसके लिए पहले उसे गुनगुने दूध से नहलाएं और बाद में उसे बेबी शैंपू से नहला दें। बहुत छोटे बेबी के नहाने के पानी में बेबी लोशन या ऑयल की कुछ बूंदें डाल दें। जब मौसम अनुकूल न हो तो उसे हर रोज नहलाना भी जरूरी नहीं, गुनगुने पानी में टॉवल भिगो कर उसे स्पंज कर उसके कपड़े बदल दें। बच्चे की स्कैल्प पर जन्म के बाद एम्नियोटिक फ्लूइड के अंश लगे रह जाते हैं। इन्हें एक दिन में हटाने की कोशिश न करें। हर रोज बच्चे के सिर पर बेबी कोम को हल्के हाथों से फिराते हुए निकालें।

### नैपी नॉट

बच्चों के लिए डायपर खरीदते समय उसके वजन का ख्याल अवश्य रखें। ये उम्र की अपेक्षा उनके वजन को ध्यान में रख कर बनाए जाते हैं। डायपर को इस ढंग से बांधें कि उसकी स्किन पर रैशेज न पड़ें। इन्हें चेंज करते समय बच्चे के जननांग की विशेष रूप से सफाई करें।

### सॉफ्ट हों परिधान

नन्हे- मुन्नों को हर मौसम में सॉफ्ट परिधान ही चाहिएं। उनके कपड़ों की डिजाइनिंग ऐसी होनी चाहिए जिसमें नैपी चेंज करना आसान हो। लेस वाले परिधानों में जहां उसकी उंगलियां फंसने का डर रहता है, वहीं बटन या फूलों वाली ड्रैस उसे चुभ सकती है। ठंडे मौसम में उसे फुल बॉडी सूट तथा गर्मियों में उसे सूती कपड़े के झबले पहनाएं।

### जब रो उठे बच्चा

यूं तो बच्चों के रोने के कई कारण होते हैं। कई बार वह भूख लगने से रो सकता है, तो कभी उसे नींद आई होती है। कई बार उसकी नैपी गीली या गंदी हो जाने पर वह रोता है तो कभी थकान या दर्द की वजह से भी रो उठता है। इसके अलावा बच्चा अकेला होने पर डर कर भी रो उठता है। ऐसे में बच्चे को अपनी गोद में लेकर प्यार करें। आपके प्यार भरे स्पर्श से ही वह आश्वस्त हो जाता है कि कोई उसके पास है। यदि फिर भी बच्चे का रोना बंद न हो तो समझ जाएं कि उसे कोई तकलीफ है तथा उसे तुरंत डॉक्टर के पास ले जाएं।

### सोने की रूटीन

यूं तो नवजात शिशु का दिन सोते हुए तथा रात जागते हुए बीतती है, जिससे परिवार के किसी एक सदस्य को भी उसके साथ जागना पड़ता है। लगभग 3-4 माह बाद बच्चे की यह आदत ठीक होने लगती है। अक्सर बच्चे दूध पीते-पीते गहरी नींद सो जाते हैं। बच्चे का बिस्तर गुदगुदा और मुलायम होना चाहिए तथा उसके कमरे में शोर नहीं होना चाहिए।

### हैल्थ केयरिंग

बच्चे की हैल्थ से जुड़े हर प्रस्क्रिप्शन की फाइल बनाएं तथा उसका बर्थ सर्टीफिकेट भी उसमें रखें। पीडियाट्रीशियन के यहां से मिले वैक्सीन के कार्ड को भी इसी फाइल में संभाल कर रख दें। जन्म के बाद के उसके हर ट्रीटमैंट के पेपर इसी में होने चाहिएं और जब भी उसे हॉस्पिटल या नर्सिंग होम लेकर जाएं तो इस फाइल को भी साथ में ले जाएं।

### सॉलिड फूड

छः माह तक बच्चे को मां का दूध ही दें तथा उसके बाद डॉक्टर की सलाह पर उसे सॉलिड फूड देना आरंभ करें।

# स्टाइलिश बनाएं अपने बाथरूम को

बाथरूम घर के महत्वपूर्ण स्थानों में से एक है, क्योंकि सुबह उठते ही सबसे पहले हम सब सीधे वहीं तो जाते हैं ताकि फ्रैश हो कर दिन भर के लिए तैयार हो सकें। बाथरूम में यदि करीने से सारी एक्सैसरीज रखी जाएं तो उसे खूबसूरत लुक दिया जा सकता है। आजकल बाजार में उपलब्ध विस्तृत रेंज आपके लिए बहुत सारे विकल्प प्रदान करती है, परंतु इस बात का ध्यान रखें कि ये सारी वस्तुएं बाकी सजावट से मेल खाती हों।

### दर्पण

दर्पण के बिना बाथरूम अधूरा-सा लगता है, क्योंकि दर्पण किसी भी बाथरूम का एक अभिन्न अंग है और किसी छोटे से बाथरूम को भी यह बढ़ा कर दिखा सकता है। एक स्टाइलिश दर्पण किसी भी जगह को एक शानदार लुक और फील भी प्रदान करेगा। आप अपनी पसंद से डिजाइन और साइज चुन सकती हैं, हालांकि आजकल बड़े आकार के दर्पण लगाने का ट्रैंड है।

### नल

बाथरूम को स्टाइलिश लुक देते है खूबसूरत डिजाइन और रंगों वाले नल। इसलिए टाइल्स के रंग से मैच करते नल एवं शॉवर इसे खूबसूरती प्रदान करते हैं। खरीददारी करते समय इस बात का ध्यान रखें कि यदि आप के घर में बच्चे हैं तो ज्यादा कांप्लीकेटेड नल न लेकर साधारण नल ही लें।

### वाशबेसिन

किसी भी बाथरूम का एक अभिन्न हिस्सा उसका वाशबेसिन होता है। इसका रंग बाकी एक्सैसरीज से मेल खाता हो तथा यह सही आकार में होना चाहिए अर्थात यह न ज्यादा छोटा हो और न ही ज्यादा बड़ा, क्योंकि दोनों से ही परेशानी हो सकती है। आप दीवार पर टंगने वाला वाशबेसिन भी चुन सकती हैं या फिर यह स्वतंत्र रूप से खड़ा होने वाला हो।

### टायलैटरी होल्डर

साबुन ट्रे और टूथब्रश होल्डर बाथरूम में रखी जाने वाली महत्वपूर्ण और उपयोगी चीजें हैं। हालांकि ये चीजें बहुत छोटी और महत्वहीन लगती हैं, लेकिन इनके बिना निश्चित रूप से आपका बाथरूम अधूरा लगेगा। इसके अलावा आज रंगों और पैटर्न की बड़ी रेंज उपलब्ध होने से ये अद्भुत रूप से बाथरूम का केंद्र बिंदु बन सकते हैं। केवल यह सुनिश्चित करें कि ये बाकी की सजावट और रंगों से मेल खाते हों।



### टायलैट रोल स्टैंड

यह आपको किसी महत्वहीन एक्सैसरी की तरह लग सकता है, लेकिन यकीनन यह सबसे अधिक इस्तेमाल होने वाली चीज है। गीली टॉयलैट सीट या फिर धोने के बाद हाथ पोंछने के लिए टिशू का अभाव किसी को भी पसंद नहीं होता। टॉयलैट रोल होल्डर खरीदते समय ध्यान रखें कि वह कवर वाला हो। ऐसा करने से शॉवर का इस्तेमाल करने पर टिशू रोल गीला नहीं होगा।

### डस्टबिन

बेशक यह बाथरूम की सबसे अधिक महत्वपूर्ण चीजों में से एक है। आखिर आप रैपर, बेकार टिशू पेपर, टायलैटरीज जैसे साबुन, टूथपेस्ट आदि के बचे हुए टुकड़े अपने बाथरूम के फर्श पर तो गिराना नहीं चाहेंगे। कूड़े पर मक्खियों और कीड़ों को बैठने से बचाने के लिए कवर वाला कचरे का डिब्बा एक बेहतर विकल्प है। विशेष रूप से पैडल टाइप कवर वाले डिब्बे को खोलने और बंद करने के लिए आपको झुकना नहीं पड़ेगा।

### लांड्री बास्केट

यह आवश्यक नहीं है, परंतु बाथरूम में एक अच्छी चीज है। लांड्री बास्केट होने से परिवार के सभी लोग धोने वाले कपड़ों को एक ही जगह रख पाएंगे और इससे हर कमरे में जाकर कपड़े ढूंढने की आपकी परेशानी समाप्त हो जाएगी।

### बाथरूम में स्टाइलिश कैबिनेट

आपके बाथरूम में उपलब्ध जगह के अनुसार आप एक दर्पणयुक्त पैनल का विकल्प चुन सकती हैं, ताकि एक अतिरिक्त दर्पण की आवश्यकता समाप्त हो जाए।

### ग्लास डोर कैबिनेट

इस कैबिनेट के डोर ग्लास के बने होते हैं जो देखने में शानदार लगता है। आप इसके अंदर सामान रख सकते हैं तथा इसे वाश बेसिन के ऊपर भी इंस्टॉल कर सकते हैं।

### वैनिटी कैबिनेट

बाथरूम वैनिटी कैबिनेट कई स्टाइल में बाजार में उपलब्ध हैं। ढेरों ऑप्शन्स में से पसंदीदा डिजाइन चुन कर आप इन्हें बाथरूम के साइज के अनुसार सैट कर सकती हैं। यह आपको सिंगल वाश बेसिन या डबल वाश बेसिन दोनों ही तरह से मिल जाएगा। इसे सीधे फ्लोर पर भी रख सकते हैं। इसमें आपको मिरर लगा मिलेगा और वाश बेसिन भी साथ होगा। नीचे की तरफ काऊंटर बने होंगे जिनमें आप सामान रख सकते हैं, इस तरह हुआ न यह थ्री इन वन।

### अल्मीरा कैबिनेट

ये कैबिनेट अलमारीनुमा है जिसे आप ज्यादा स्पेस वाले वाशरूम में रख सकते हैं। इसमें आपको सामान रखने की भरपूर स्पेस मिलेगी।

### मिरर कैबिनेट

यदि बाथरूम छोटा हो तो आप मिरर कैबिनेट का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसमें कैबिनेट के दरवाजे में मिरर लगा होता है। यह कैबिनेट कम स्पेस को ध्यान में रखकर इस्तेमाल की जा सकती है।

### वाल माऊंटेड कैबिनेट

इसे आप बाथरूम की दीवारों पर सैट कर सकती हैं, जिसमें सामान रखने के लिए कबर्ड तो होता ही है, टॉवल टांगने के लिए भी जगह होती है।



# छिपाएं सौंदर्य की अनचाही कमियों को...



**अवसर चाहे पार्टी का हो या अपनी सगाई और शादी का, सबसे सुंदर दिखना हर लड़की का सपना होता है और आज के माहौल में जहां हर किसी के पास समय का अभाव रहता है वहीं लेजर के माध्यम से कम समय में खूबसूरती पाने का प्रचलन काफी बढ़ गया है। लेजर के द्वारा आप अपने सौंदर्य की अनचाही कमियों को आसानी से छुपा सकती हैं।**

### ब्राइडल किट में आने वाली सुविधाएं

यह स्किन में बदलाव लाने वाली लेजर उपचार प्रणाली है जिसमें फेस में मौजूद दाग-धब्बों तथा चेहरे पर आई चोट के निशानों को हटाया जाता है। हेयर रिएक्शन बॉडी से अनचाहे बालों को हटाता है।

### माइक्रोडर्मा ब्रेसन

यह एक नई तकनीक है जिसे लेजर फेशियल कहा जाता है जो त्वचा को आंतरिक चमक देती है। लेजर पद्धति की इन प्रक्रियाओं में सबसे ज्यादा लेजर फेशियल को पसंद किया जा रहा है।



### टूथ व्हाइटनिंग

इस प्रक्रिया द्वारा दांतों की चमक को बढ़ा कर आपकी मुस्कान को सुंदर बनाया जाता है।

### डर्मा सिल्क फेशियल

डर्मा सिल्क फेशियल के अंतर्गत डायमंड मोनो आक्साइड क्रिस्टल का प्रयोग किया जाता है जो त्वचा को गोरा तथा चमक प्रदान करता है। साथ ही त्वचा पर उम्र के पडने़ वाले प्रभावों को रोकता है। एक लेजर फेशियल आपको दस साधारण फेशियलों के बराबर लाभ देता है।

### क्रोमोलाइट फेशियल

इस फेशियल के तहत डैड स्किन को हटाया जाता है और नई त्वचा के ऊपर पीली रंग की क्रोमोलाइट के द्वारा स्किन के भीतरी तत्वों का उपचार किया जाता है जो त्वचा को पोषण प्रदान करने वाले भागों को सक्रिय करता है। यह साधारण तौर पर लिए जाने वाले फेशियल से पांच गुणा अधिक लाभ पहुंचाता है।